चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष -34, अंक -66, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इमरान और पत्नी बुशरा की सजा निलंबित 16

अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े 15

मुख्तार की मौत के 3 घंटे बाद बांदा जेल अधीक्षक को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बांदा।

- फोन करने वाले ने कहा- अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच
- धमकी देने वाले ने इस्तेमाल किया लैंडलाइन फोन, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी की मौत के तीन घंटे बाद बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक को उनके सीयूजी नंबर पर जान से मारने की धमकी दी गई।

धमकी देने वाले ने लैंडलाइन फोन से कॉल की थी। करीब 14 सेकेंड की बातचीत में धमकाने वाले शख्स ने कहा कि अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच। जेल अधीक्षक की तहरीर पर शहर कोतवाली में फोन नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

28 मार्च की रात 10.30 बजे मुख्तार अंसारी की बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके कुछ घंटों बाद रात 1.37 बजे बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा के सीयूजी नंबर पर लैंडलाइन फोन से किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने तुरंत पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों को इससे अवगत कराया। इसके बाद शहर कोतवाली में अधीक्षक की ओर से तहरीर दी गई।

इस संबंध में एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि धमकी दिए जाने वाले फोन नंबर की जांच कराई जा रही है। अभी नंबर ट्रेस नहीं हो सका है। वहीं कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि जेल अधीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सर्विलांस और साइबर सेल की मदद से जांच हो रही है।

सेंसेक्स ने लगाई छलांग पहुंचा 74000 के पार

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की

स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार के पार 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 135.10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ़्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1.64 प्रतिशत उछलकर 39,968.43 और स्मॉलकैप 2.98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454.63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया। घरेलू लेनदेन में 17.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया।'' मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18.4 प्रतिशत अधिक है।

1,070 रुपये चढ़कर सोना 68,420 के रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सर्राफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है। इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के जून अनुबंध का भाव 978 रुपये चढ़कर 68,679 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी के मई अनुबंध का भाव 763 रुपये की तेजी के साथ 75,811 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोने की कीमतें 2,265.73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गईं और अंतिम बार इसका भाव 2,257.10 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

एक नजर

नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद होंगी प्रभावी

नई दिल्ली। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नई टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नई दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए। दस्तावेजों के मुताबिक, ईसीआई ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। ईसीआई ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के पत्र के जवाब में यह बात कही।

आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। करदाता आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया, जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है। एक अप्रैल 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष में लोगों के लिए संशोधित नई आयकर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें काफी कम हैं।

'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड देशभर में लागू

नई दिल्ली। एनएचएआई का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। जिनके पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ाई थी।

केजरीवाल को तिहाड़ भेजा

आबकारी नीति से जुड़ा मामला, कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ में जेल नंबर दो में रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अदालत ने सोमवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया, जिसके बाद केजरीवाल को तिहाड़ जेल लाया गया। जेल अधिकारियों के अनुसार उन्हें जेल नंबर 2 में रखा जाएगा।

अदालत में जाने से पहले केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री जो भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है। अदालत में केजरीवाल की पत्नी सुनीता के अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज मौजूद थे। एजेंसी ने मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

आबकारी नीति से जुड़े मामले में विशेष अदालत में पहुंचे अरविंद केजरीवाल।

ईडी ने अदालत में दावा किया कि केजरीवाल ने मामलों से संबंधित मुद्दों पर बयान को लेकर अपनी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को भ्रमित बताया। ईडी ने आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने कहा कि आप के संचार प्रभारी विजय नायर उन्हें नहीं, बल्कि उनके कैबिनेट सहयोगियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। नायर के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। इस मामले में नायर को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली याचिका में कहा कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे और जानकारी छिपाई। आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता ने बयान में खुलासा किया है कि अरविंद केजरीवाल ही राज्य चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करते हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल से पूछा कि विजय नायर कैबिनेट मंत्री (कैलाश गहलोत) के बंगले में क्यों रह रहा था और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय में काम क्यों करता था, तो उन्होंने कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया। केजरीवाल को शराब कारोबारियों के साथ नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को गोवा के लिए 45 करोड़ रुपये के हवाला हस्तांतरण के सबूत दिखाए गए। एजेंसी का आरोप है कि यह राशि गोवा में प्रचार अभियान के लिए थी। केजरीवाल को रिहा न किया जाए क्योंकि वह प्रभावशाली हैं, गवाहों को प्रभावित और सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे।

हिरासत में आदेश का मामला: अदालत ने ब्योरा मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से कहा है कि वह धनशोधन मामले में हिरासत में रहने के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा आदेश पारित करने के मुद्दे पर विशेष न्यायाधीश को ब्योरा सौंपे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनप्रीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि धनशोधन मामले को देख रहे विशेष न्यायाधीश को निर्देश दिया जाता है कि अगर जरूरी है तो मामले पर कानून के तहत आदेश जारी करें। अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अदालत ने उस जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि यह (हिरासत में रहते हुए आदेश जारी करना) कानूनी कार्यढांचे के खिलाफ है।

एएसआई के सर्वेक्षण नतीजे पर अनुमति के बिना कार्रवाई न हो : कोर्ट

भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वे पर कोर्ट का रोक से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिंदू और मुस्लिम 11वीं सदी के परिसर पर जता रहे हैं अपना-अपना दावा
- 2003 में समझौते पर हिंदू मंगलवार को पूजा तो मुस्लिम शुक्रवार को पढ़ते हैं नमाज

उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन संरचना भोजशाला परिसर के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए।

हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई की ओर से संरक्षित 11वीं सदी के भोजशाला परिसर पर अपना-अपना दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी को समर्पित एक मंदिर मानते हैं जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। एएसआई की ओर से सात अप्रैल 2003 को किए एक समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा-अर्चना करते हैं जबकि मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली 'मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी' की याचिका पर केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार, एएसआई और अन्य को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा कि चार सप्ताह में नोटिस का जवाब दें। तब तक सर्वेक्षण के नतीजे पर इस अदालत की अनुमति के बगैर कोई कार्रवाई न की जाए। साथ ही पीट ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी कोई खुदाई न की जाए, जिससे कि परिसर का चरित्र ही बदल जाए।

ज्ञानवापी मामला : हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक नहीं

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मसाजिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायालय ज्ञानवापी पर इंतजामिया कमेटी की नई याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र पाठक व्यास से भी कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

सभी वीवीपैट पर्चियां गिने जाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग और केंद्र से सोमवार को जवाब मांगा। वर्तमान में, वीवीपीएटी पर्चियों के माध्यम से केवल पांच ईवीएम के सत्यापन का नियम है। 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है।

- निर्वाचन आयोग और केंद्र को नोटिस, अभी केवल पांच ईवीएम के सत्यापन का नियम

वीवीपैट के जरिये मशीन से कागज की पर्ची निकलती है जिसे मतदाता देख सकता है और इस पर्ची को एक सीलबंद डिब्बे में रखा जाता है और विवाद की स्थिति में इसे खोला जा सकता है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने चुनाव में सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल के वकीलों की दलीलों पर गौर किया। पीठ ने याचिका पर आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। विषय की सुनवाई 17 मई को हो सकती है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने लगभग 24 लाख वीवीपैट की खरीद पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं लेकिन वर्तमान में, केवल लगभग 20,000 वीवीपैट पर्चियां ही सत्यापित हैं।

सपा ने मेरठ में अतुल प्रधान पर लगाया दांव

लखनऊ। सपा ने सोमवार की देर रात अपने दो और उम्मीदवारों की घोषणा की। इनमें मेरठ में पार्टी ने उम्मीदवार बदलते हुए सरधना के विधायक अतुल प्रधान पर दांव लगाया है। सपा ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर सूची साझा की जिसमें मेरठ से अतुल प्रधान और आगरा (आरक्षित) से सुरेश चंद कदम को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

पार्टी ने पहले मेरठ में भानु प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया था लेकिन अब उनका टिकट काट दिया। यहां भाजपा ने अभिनेता अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। अतुल प्रधान पार्टी का युवा चेहरा हैं, जिनका गोविल से मुकाबला होगा। मेरठ में दूसरे चरण में 26 अप्रैल और आगरा में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

राज्य कर्मियों को नहीं करना पड़ेगा मार्च के वेतन का इंतजार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- वित्तीय वर्ष 2024 -25 के आहरण वितरण का आदेश पारित, अप्रैल में ही मिलेगा वेतन

अमृत विचार : राज्य कर्मियों को मार्च माह के वेतन के लिए इस बार इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि शासन की वेबसाइट पर उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की स्वीकृति पर वेतन जारी किया जाए।

विशेष सचिव आलोक दीक्षित द्वारा शनिवार को जारी पत्र में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की मांगों को विधान मंडल द्वारा पारित किया जा चुका है और 4 मार्च 2024 को ही शासनादेश की वेबसाइट पर उपलब्ध भी है। वेबसाइट पर आगामी वित्तीय वर्ष की स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश भी हैं। उक्त आधार पर सभी विभाग, कर्मचारियों का वेतन निर्गत करना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार के उक्त पत्र के बाद, राज्य कर्मचारियों के साथ बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों, चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थानों व चिकित्सा विश्वविद्यालयों में सेवारत कर्मचारियों के मार्च का वेतन समय पर मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मार्च का वेतन अप्रैल में नए वित्तीय वर्ष के बजट से दिया जाता है, सरकार से स्वीकृति में देर से कर्मचारियों को वेतन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था।

सामान्य आदेश पारित कर नहीं जमा करा सकते लाइसेंसी शस्त्र : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व में दिए गए आदेशों का अनुपालन न होने पर जताई नाराजगी

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वर्ष 2022 के अपने एक आदेश को दोहराते हुए कहा है कि सामान्य आदेश पारित कर के लाइसेंसी शस्त्र धारकों के शस्त्र नहीं जमा करवाए जा सकते।

न्यायालय ने कहा कि यदि शस्त्र जमा करवाने का कोई औचित्यपूर्ण कारण है तो सम्बंधित शस्त्रधारक के लिए आदेश पारित करते हुए, इसे जमा कराया जा सकता है। न्यायालय ने चेतावनी दी कि यदि आगे से उक्त आधार पर शस्त्र जमा कराने का कोई मामला उसके समक्ष आया तो सम्बंधित अधिकारियों पर हर्जाना लगाया जाएगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी जनपद निवासी रवि शंकर तिवारी व चार अन्य की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि बिना किसी ठोस वजह के उन पर उनके लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने का दबाव स्थानीय प्रशासन द्वारा डाला जा रहा है। मामले पर सुनवाई के उपरांत पारित अपने आदेश में न्यायालय ने कहा कि 25 फरवरी 2022 को राम रंग जायसवाल मामले में स्पष्ट आदेश दिया गया था कि अधिकारी सामान्य आदेश निकाल के लाइसेंसी शस्त्र जमा करने को नहीं कह सकते। न्यायालय ने कहा कि इसके पूर्व वर्ष 2002 में सुप्रीम कोर्ट भी यही आदेश दे चुका है और यही नहीं वर्ष 2000 में शहाबुद्दीन मामले में और वर्ष 2021 में अरुण कुमार सिंह मामले में हाईकोर्ट इस प्रकार के आदेश जारी कर चुका है। न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी अदालत के आदेश को अनदेखा किया जा रहा है व उसका पालन नहेने हो रहा। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा मामला दोबारा उसके समक्ष आया तो सम्बंधित अधिकारी पर हर्जाना लगाया जाएगा।

सतर्कता | मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए व्यवस्था में बदलाव की तैयारी

बिना गवाह अब नहीं मिल सकेगा विवाह योजना का लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब गोलमाल नहीं हो सकेगा। पड़ोसियों की गवाही के बाद ही आवेदन स्वीकार होगा। गवाही इस बात की होगी कि आवेदनकर्ता का कोई विवाह तो नहीं हुआ है। योजना के तहत गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले 10 हजार रुपये भी अब सीधे खाते में भेजने की योजना है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कई जिलों में गड़बड़ी सामने आई थी। शिकायतें के बाद तय हुआ है कि वर और वधू पक्ष के पास पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। जो ये प्रमाणित करेंगे कि वर या वधू का विवाह हुआ है या नहीं। गवाहों का नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। गवाही के बाद ही आवेदन पर आगे की प्रक्रिया होगी।

- आस-पड़ोस वालों से पुष्टि होगी कि आवेदनकर्ता का विवाह हुआ है या नहीं

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदनकर्ताओं की जांच कराई जाएगी। आस-पड़ोस की गवाही के बाद अगर पुष्टि हो जाती है कि आवेदनकर्ता का विवाह नहीं हुआ है तभी योजना का लाभ दिया जाएगा। गृहस्थी के 10 हजार रुपये खाते में भेजने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। -**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

बता दें कि एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार खर्च होते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं जबकि 10 हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। 6 हजार रुपये आयोजन मद में खर्च होते हैं। अब गृहस्थी के सामान की जगह 10 हजार रुपये वधू के खाते में भेजने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आचार संहिता लागू होने से इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है।

प्रदेशभर में 2023-24 में एक लाख चौदह हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य था। साथ ही 500 करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान था। पिछले वर्ष एक लाख पांच हजार से अधिक जोड़ों का विवाह हुआ। साथ ही सभी का भुगतान भी कर दिया गया।

झांसी, बलिया, महाराजगंज में मिली थीं गड़बड़ियां

पिछले वित्तीय वर्ष में झांसी, बलिया और महाराजगंज में गड़बड़ियां मिली थीं। बुंदेलखंड महाविद्यालय में समारोह में 96 जोड़े शामिल हुए थे। इसमें एक दुल्हन ने खुद मांग भर ली। कई जोड़ों ने सात फेरे नहीं लिए। झांसी के पॉलीटेक्निक कॉलेज में दूल्हे के न आने पर दुल्हन की शादी जीजा से कराई गई थी। बलिया के मनियर ब्लॉक के सुल्तानपुर, ककरघट्टा खास व मानिकपुर में आठ अपात्रों को योजना का लाभ लेने के मामले में पकड़ा गया। इसमें एक अधिकारी निलंबित हुआ था। नौ पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। महाराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में दूल्हे के स्थान पर भाई ने बहन से शादी कर ली। इस पर प्रशासन ने सारा सामान वापस कराया।

एक नजर

आज से 11 तक बंद रहेगा आगरा एक्सप्रेस वे

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय वायु सेना के अभ्यास के कारण 2 से 11 अप्रैल तक आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर यातायात बंद रहेगा और डायवर्जन व्यवस्था लागू की जाएगी। अभ्यास के लिए एक्सप्रेस-वे की एयर स्ट्रिप का प्रयोग किया जाएगा। जिसके कारण दो अप्रैल सुबह आठ बजे से 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के चैनेज 239 600 से चैनेज 244 400 के मध्य यातायात को सर्विस रोड के माध्यम से डायवर्ट किया जाएगा।

सीएम डैशबोर्ड पर नहीं दर्शा रहे प्रगति

अमृत विचार, लखनऊ : विभागीय पोर्टल सीएम डैशबोर्ड से एकीकृत किए गए हैं। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ीं योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति अपलोड नहीं की जा रही है। इससे जिलों की रैंकिंग प्रभावित है। सीएम डैशबोर्ड से ज्यादातर विभागों की योजनाओं को लिंक किया गया है। इसकी मॉनीटरिंग संबंधित मंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से होती है। एकीकृत पोर्टल से योजनाओं की स्थिति व प्रगति का पता चलता और इस आधार पर हर माह मूल्यांकन कर रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ीं योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति की सूचना अपलोड व अपडेट नहीं की जा रही है। पर्यटन निदेशालय ने सुधार के लिए सभी डीएम व सीडीओ, उपाध्यक्ष मथुरा-वृंदावन, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध निदेशक उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन आदि को पत्र लिखा है।

प्रमुख सचिव आलोक कुमार को एमएसएमई का भी प्रभार

अमृत विचार, लखनऊ : अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के सेवानिवृत होने के बाद प्रमुख सचिव आलोक कुमार को खेलकूद के साथ एमएसएमई विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अमित मोहन प्रसाद मार्च माह के आखिरी दिन सेवानिवृत हुए। उन्हें मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने माला पहनाकर विदाई दी। इस दौरान अधिकारियों ने उनकी लम्बी सेवा और सराहनीय कार्यों की चर्चा की। सोमवार को मुख्य सचिव ने 1993 बैच के आईएएस प्रमुख सचिव आलोक कुमार को एमएसएमई विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का आदेश दिया।

इस बार मोदी को 80 मनको की माला पहनाएगा प्रदेश

योगी ने हाथरस, बुलंदशहर व गौतमबुद्ध नगर में प्रबुद्धजनों को किया संबोधित

कार्यक्रम के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ अनूप वाल्मीकि प्रधान, भोला सिंह और डॉ. महेश शर्मा को जिताने के लिए की अपील

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाथरस, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए लोक सभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का भरोसा जताते हुए कहा है कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी को 80 मनको की माला पहनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी के कारण राज्य को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आये दिन दंगा, कर्फ्यू और अराजकता के कारण न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। मगर आज यहां आमजन नहीं बल्कि गुंडे और अपराधी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को तीन जिलों में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। योगी इसके बाद बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर में पार्टी का प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर आमजन को एक-एक वोट की ताकत समझाने की अपील की।

हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत, सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति, जाति-समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले। बेटी-व्यापारियों को समान सुरक्षा की गारंटी हो, जहां अराजकता नहीं बल्कि कानून का राज हो।

जातिवाद-परिवारवाद नहीं, सबका साथ-सबका विकास हो और यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। योगी ने यहां से अनूप वाल्मीकि को विजयी बनाने की अपील की। वहीं, बुलंदशहर में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए योगी ने उन्होंने पार्टी प्रत्याशी भोला सिंह के लिए मतदान की अपील की। यहां तक कि बुलंदशहर को अराजकता और आतंक का पर्याय बना दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों के संरक्षण में आमजन की आवाज को दबाने का कार्य किया जाता था।

डर नहीं लगता, जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित

गौतमबुद्ध नगर में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता-जनार्दन खुश तो हम खुश। हमारे लिए इससे अधिक खुशी कुछ भी नहीं। लोग कहते हैं कि अपराधियों पर कार्रवाई करते हैं, डर नहीं लगता है। मैं कहता हूं कि जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित है। एक सरकार थी जो कर्फ्यू लगाती थी, एक सरकार है जो शानदार कांवड़ यात्रा निकाल रही है। उन्हें कर्फ्यू प्यारा था, हमें जनता की खुशहाली प्यारी है। योगी ने नोएडा से डॉ. महेश शर्मा को तीसरी बार सदन में भेजने की अपील की। अलग-अलग जिलों में इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के पदाधिकारी, विधायक, सांसद मौजूद रहे।

योगी, ठाकुर, केशव और ब्रजेश पाठक का चुनावी दौरा आज

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं के धुंआधार दौरे शुरू हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बदायूं और बरेली में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुरादाबाद व अमरोहा में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ और ब्रजेश पाठक रामपुर में वोट साधते दिखेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बदायूं और बरेली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। वे सबसे पहले सुबह 11: 30 बजे रामा इंटर कॉलेज के सामने, पीलीभीत में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जबकि दोपहर 1:10 बजे बदायूं क्लब, बदायूं में और दोपहर 02:40 बजे बरेली इंटर कॉलेज, बरेली में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार को मुरादाबाद और अमरोहा के प्रवास पर रहेंगे। सुबह 11 बजे रेडसफाइर एमडीए कांठ रोड, मुरादाबाद में साइबर योद्धा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। जबकि दोपहर 2 बजे सांसद फार्म हाउस, गजरौला, अमरोहा में साइबर योद्धा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को दोपहर 12 बजे मेरठ के शुभकामना हॉल शास्त्रीनगर में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के नामांकन सभा में सम्मिलित होंगे। जबकि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक दोपहर 12 बजे संदली रिसॉर्ट विलासपुर, रामपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। उधर, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार को सुबह 11 बजे राजतिलक वाटर पार्क दिल्ली रोड, युनिटेक के सामने, सहारनपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

अपनी बारी का 10 साल इंतजार करेगा मुख्तार का परिवार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ नौकरशाहों व राजनेताओं पर उठाए सवाल, उन्हें कठघरे में लाने की तैयारी

▸▸ कब्र में शव को सुरक्षित रखने का भी इंतजाम, जिससे चक्रव्यूह रचने वालों को दिला सकें सजा

अमृत विचार : 'सौ सुनार की एक लोहार की..'। यह कहावत माफिया मुख्तार अंसारी को नजदीक से जानने वाले बखूबी समझते हैं। वह जब भी इलाके में बड़ा काम करता था या आर्थिक साम्राज्य में रोड़ा बनने वालों को निपटाता था, तो यह कहावत पूरे अंदाज से दोहराता था। मुख्तार की मौत के बाद कुछ ऐसा ही अंदाज अब उसके परिजन में भी दिख रहा है। उसके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी ने तो यहां तक कह दिया कि मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं हुई, बल्कि शुरू हुई है।

अफजाल दावा करते हैं कि कब्र में शव को 10 साल तक सुरक्षित रखने का इंतजाम हुआ है। ताकि उनकी बारी आए तो जेल से लेकर अस्पताल तक तंग करके मौत का चक्रव्यूह रचने वाले और सत्ता चला रहे लोगों को सजा मिले। जबकि फोरेंसिक विज्ञान के जानकारों को अफजाल की बात हजम नहीं हो रही है।

उनका कहना है कि यदि शरीर में गोली लगी होती, या हमले में मौत होती तो यह बात जायज थी कि गोली और चोट के निशान हड्डी के परीक्षण से सामने आ जाते। मगर, इस मामले में तो जहर देकर मारने का आरोप है, ऐसे में बिसरा जांच से ही हकीकत सामने आती है। जो पहले ही पोस्टमार्टम के दौरान सुरक्षित कर लिया गया है। कानूनन पीड़ित पक्ष को कोर्ट से देश के किसी भी प्रयोगशाला में जांच कराने का आदेश मांगने का अधिकार है।

जहर की बात लीक होते ही अधिकारियों पर एक्शन

अफजाल ने कहा कि जब मुख्तार अंसारी अपने वकील से मिला और जहर की बात कह दी तो खलबली मच गई। इसके बाद जेलर और डिप्टी जेलर को सस्पेंड किया गया। मुख्तार को उसके वकील से मिलने देने की सजा जेलरों को दी गई। अफजाल ने कहा कि मुख्तार को जब यूपी लाया गया था उस समय भी तबीयत ठीक नहीं थी। जब यूपी भेजा गया था तब भी कोर्ट ने आदेश दिया था कि उसके इलाज के लिए जहां जरूरत होगी भेजा जाएगा। बाद में मुख्तार की सुरक्षा की समीक्षा का भी आदेश दिया गया। उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। लेकिन किसी निर्देश को नहीं माना गया।

मुख्तार की मौत एक गहरी साजिश

अफजाल का आरोप है कि मुख्तार की मौत स्वाभाविक नहीं हुई। उनकी मौत एक नियोजित साज़िश है। मेडिकल कॉलेज व जेल के डॉक्टर, जेल प्रशासन, सरकार की तरफ से सादी वर्दी में घूमने वाले एलआईयू और एसटीएफ के लोगों ने पूरी योजना के साथ उसकी हत्या की है। उसका विसरा भी सुरक्षित किया गया है। हार्ट अटैक की बातें कही जा रही है। दिल भी जांच के लिए गया है। अगर कोई व्यक्ति दस दिन से पेशाब औ़र मोशन नहीं कर पा रहा है। खुद से उठ बैठ भी नहीं पा रहा है। क्या इस तरह की परिस्थितियां बना देना हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार नहीं है। आईसीयू से सीधे किसी को कभी घर नहीं भेजा जाता है। वार्ड में आब्जरवेशन के लिए रखा जाता है लेकिन मुख्तार को आईसीयू से निकालकर सीधे जेल भेज दिया गया।

अंतिम यात्रा ने बयां की मुख्तार की धमक

अफजाल अंसारी ने कहा कि किसी की औकात की पहचान उसकी अंतिम यात्रा से होती है। उसकी अंतिम यात्रा में लोग शामिल न हों सके इसका पूरा इंतजाम अफसरों ने किया। गाजीपुर के आसपास के जिलों में अधिकारियों ने दहशत का माहौल बनाने का प्रयास किया। इसके बावजूद परिणाम यह रहा कि हुजूम का हुजूम उसके जनाजे में शामिल होने के लिए आया। अधिकारी यह सब देखकर पागल हो गए थे। सरकार के इशारे पर अधिकारी आचार संहिता उल्लंघन पर कार्रवाई की धमकी दे रहे थे।

सांसद अफजाल अंसारी को सांत्वना देते कांग्रेस के संगठन महासचिव अनिल यादव व अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम।

निष्पक्ष चुनाव पर संकट, विपक्ष को रोकने की साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ विपक्षी नेताओं को ईडी व सीबीआई से कराया जा रहा अपमानित : अखिलेश

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर भी संकट है। मुख्यमंत्रियों तक को जेल भेजा जा रहा है। विपक्षी पार्टियों के खाते सीज किए जा रहे हैं। रोज विपक्षी नेताओं को सम्मन भेजे जा रहे हैं।

यह सब विपक्ष को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने के लिए किया जा रहा है। इससे दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। सोमवार को जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने कहा, लोकतंत्र में सत्तापक्ष की तरह महत्वपूर्ण भूमिका विपक्ष की भी होती है। लेकिन इन दिनों तो विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई और आईटी के माध्यम से अपमानित और प्रताड़ित करने की साजिश चल रही है।

अखिलेश यादव के मुताबिक, सपा ने चुनाव आयोग को बाकायदा लिखकर शिकायत की है कि कुछ जिलों में वर्षों से जमे अधिकारी सत्तापक्ष के दबाव में काम करते दिखाई देते हैं। मतदाता सूची से सम्बन्धित शिकायतों को सप्रमाण दिया गया लेकिन उस पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

इस प्रतिक्रिया के सपा प्रमुख ने उम्मीद जतायी कि, चुनाव आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए बेलगाम सरकारी तंत्र को सक्रिय नहीं होने देगा और हमेशा की तरह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए ढाल बनेगा। जब चुनाव में निष्पक्षता होगी तभी चुनाव आयोग की गरिमा और प्रतिष्ठा भी बची और बनी रहेगी।

द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए आठ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण की आठ सीटों पर चुनाव को लेकर सोमवार को आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अमरोहा में एक, बागपत में एक, गाजियाबाद में तीन, गौतमबुद्ध नगर में एक व अलीगढ़ में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 12 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन करने वालों में अमरोहा में भारतीय जनता पार्टी से कंवर सिंह तंवर, बागपत में राष्ट्रीय लोकदल से राजकुमार संगवान, गाजियाबाद में कांग्रेस से डॉली शर्मा, सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी से मोनिका गौतम ने नामांकन किया।

इसी प्रकार गौतमबुद्ध नगर में समाजवादी पार्टी से महेन्द्र, अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी से सतीश कुमार गौतम व निर्दलीय प्रत्याशी में सतीश कुमार ने नामांकन किया।

मुख्तार के फाटक पहुंच रहे नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रविवार रात एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पहुंचे थे

▸▸ सोमवार को सपा नेता धर्मेंद्र यादव व बलराम यादव भी पहुंचे

अमृत विचार: मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके आवास यानी गाजीपुर के मोहम्मदाबाद में स्थित फाटक पर समर्थकों, नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। सबसे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने मुख्तार के परिजनों से मुलाकात की फिर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भी अचानक मुख्तार के घर पहुंच गए। रविवार रात ओवैसी के पहुंचने पर समाजवादी पार्टी में इसकी सूचना मिलने पर हलचल बढ़ी।

सोमवार को सपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव व राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव भी मुख्तार के मुहम्मदाबाद स्थित आवास पर पहुंचे। पहले दोनों सपा नेता सीधे मुहम्मदाबाद के कालीबाग स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। यहां मुख्तार अंसारी की कब्र पर फूल चढ़ाया। इसके बाद वे फाटक पर पहुंचे। यहां कुछ समय बिताने के बाद वे मुख्तार के बड़े भाई से मिलने के लिए मस्जिद के लिए रवाना हुए।

इधर, असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर खुद गाजीपुर जाकर अंसारी परिवार से मिलने की जानकारी देने के साथ लिखा कि, इस मुश्किल वक्त में हम उनके खानदान, समर्थक और चाहने वालों के साथ खड़े हैं। दरअसल, रविवार की रात से बड़े नेताओं के आने की खबर से ही समर्थकों की भीड़ बढ़ने लगी थी। इसे देखते हुए फोर्स भी बढ़ा गई है।

दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो: सपा नेता और आजमगढ़ से प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने पत्रकारों से कहा कि, मुख्तार की मौत मामले पर सर्वोच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और मौजूदा जज से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मुन्ना बजरंगी, अतीक अहमद, अशरफ समेत अन्य की एक के बाद एक न्यायिक अभिरक्षा में मौतें हो रही हैं। यदि जेल जैसी जगह भी सुरक्षित नहीं हो तो यह सोचने वाली बात है कि अपराध की क्या स्थिति होगी।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अफजाल से मिलकर व्यक्त की शोक संवेदना

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के परिजनों से मिला और शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने मुख्तार के भाई व सांसद अफजाल अंसारी से भी घटनाक्रम की जानकारी ली ।प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अनिल यादव व अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम शामिल थे।

संविदा पर तैनात 36 नर्स मेंटर की सेवाएं समाप्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मातृ-शिशु मृत्यु दर की रोकथाम के लिए एएनएम, नर्सेस को देती थीं प्रशिक्षण

▸▸ महानिदेशक प्रशिक्षण ने सोमवार को जारी किया सेवा समाप्ति का आदेश

अमृत विचार : केजीएमयू और सरकारी अस्पतालों में एएनएम व नर्सेस को प्रशिक्षण देने वाली 36 नर्स मेंटर की सेवाएं 31 मार्च से समाप्त कर दी गईं। संविदा पर तैनात यह नर्स मेंटर मातृ-शिशु मृत्यु दर की रोकथाम के प्रशिक्षण दे रहीं थी। सेवा समाप्त संबंधी आदेश सोमवार को महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने जारी कर दिया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) अंतर्गत 2014 को विभिन्न जिलों में सीधी भर्ती से संविदा पर 36 नर्स मेंटर की नियुक्ति हुई थी। प्रत्येक मार्च में इनकी संविदा बढ़ा दी जाती थी। नर्स मेंटर द्वारा नर्सेस को दिये जा रहे प्रशिक्षण से प्रदेश में शिशु - मातृ मृत्यु दर में सुधार देखने को मिला है। इस साल मिशन निदेशक ने 28 मार्च को सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी किया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 के लिए भारत सरकार से प्राप्त आरओपी में नर्स मेंटरिंग कार्यक्रम के संचालन की स्वीकृति नहीं मिली है। इस कारण विभिन्न जिलों में संविदा नर्स मेंटर का 31मार्च 2024 के बाद नवीकरण नहीं किया जायेगा। महानिदेशक प्रशिक्षण ने एक अप्रैल 2024 से नर्स मेंटर से किसी प्रकार की सेवाएं न लेने का आदेश सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी कर दिया है।

प्रधानमंत्री और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से बहाली की मांग

ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने 36 नर्स मेंटर का नवीनीकरण और बहाली के लिए प्रधानमन्त्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा का कहना है कि 36 नर्स मेंटर को नौकरी से निकाल दिया जाना न्यायोचित नही है। इन्हें एनएचएम की अन्य योजनाओं में समायोजित कर लेना चाहिए।

अवैध शस्त्र बनाने पर 67 लोगों पर कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत हुई कार्रवाई में अवैध शस्त्र बनाने के आरोप में 67 लोगों पर कार्रवाई की गई, साथ ही, संबंधित स्थलों को सीज कर दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग की ओर से अब तक 5,33,797 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये हैं। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 447 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं।

जल्द शुरू होंगे तीन नए हवाई अड्डे

▸▸ अमौसी एयरपोर्ट पर नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो का 38वां स्थापना दिवस मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

केके काटकर स्थापना दिवस मनाते अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

अमृत विचार : विमानन सुरक्षा को लेकर पिछले वित्तीय वर्ष में 700 से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रदेश में नए हवाई अड्डों से जल्द उड़ानें शुरू होंगी, साथ ही नए वित्तीय वर्ष में तीन नए हवाई अड्डों की अनुमित दी गई है।

उक्त बात ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के 38वें स्थापना दिवस पर उपनिदेशक भुवन जोशी ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विमानन क्षेत्र में सुरक्षा महत्वपूर्ण है और यह हवाई अड्डे के वातावरण में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य होने और अधिकतम हवाई अड्डे होने के कारण विमानन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जनशक्ति को प्रशिक्षित करने के मामले में बीसीएएस के लिए बड़ी जिम्मेदारी है। हमने विमान सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर 2023-24 में 700 से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है और इस वर्ष यह संख्या और भी अधिक होगी। चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को सभी हितधारकों के साथ देश में नागर विमानन सुरक्षा के राष्ट्रीय नियामक बीसीएएस का 38वां स्थापना दिवस मनाया।

मुरादाबाद के लिए नहीं शुरू हुई उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ : छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने की योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतरी है। लगभग 15 दिनों के बाद भी मुरादाबाद के लिए लोगों को हवाई सेवा का इंतजार है। बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस ने श्रावस्ती, मुरादाबाद, अलीगढ़, चित्रकूट और आजमगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू करने का एलान किया था। सेवाएं 2 मार्च से शुरू होनी थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया गया था, मगर हवाई सेवा शुरू होने की तिथि आगे बढ़ा दी गई।

सी-विजिल ऐप पर दर्ज हुईं 1,395 शिकायतें

अमृत विचार, लखनऊ: आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में लोगों की ओर से सी-विजिल ऐप पर 1395 शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें 774 शिकायतें सही पाई गईं। इस मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि अब तक 31 मार्च तक दर्ज शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 59 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है। उन्होंने बताया कि ऐप पर आम तौर पर धनराशि वितरण, गिफ्ट व कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अलावा बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सी-विजिल ऐप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है।

सामाजिक कार्यों से स्थापना दिवस पर वोट साधेगी भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 6 से 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक सप्ताह भर सामाजिक समरसता अभियान की बनी योजना

▸▸ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिखी चिट्ठी मोदी का होगा संबोधन

अमृत विचार: भाजपा 6 अप्रैल को पार्टी के 43वां स्थापना दिवस से लेकर बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक सप्ताह भर सामाजिक समरसता अभियान के जरिए वोट साधेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे, जिसका राज्य, जिला, मंडल, बूथ स्तर पर सीधा प्रसारण होगा। इसे लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की चिट्ठी के बाद प्रदेश में तैयारी तेज हो गई है।

भाजपा ने 6 अप्रैल से सप्ताह भर चलने वाले सामाजिक समरसता अभियान की योजना बनाई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सभी प्रदेश अध्यक्षों और पार्टी नेताओं को सामाजिक समरसता सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए पत्र लिखा है। नड्डा ने इस दौरान चलाए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी सभी प्रदेश अध्यक्षों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा की है। छह अप्रैल की सुबह पीएम मोदी के संबोधन के लिए भाजपा ने पत्र के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य, जिला, मंडल, बूथ स्तर के कार्यालयों में इकट्ठा होकर प्रधानमंत्री के संदेश को सुना जाए।

पार्टी ने राज्य इकाइयों से कहा है कि हर बूथ पर बूथ कमेटियों और पन्ना प्रमुखों को पीएम का भाषण सुनना चाहिए और सभी बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने घरों पर भाजपा के झंडे लगाने चाहिए।

केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर गोष्ठी

पार्टी ने निर्देश दिया है कि भाजपा कार्यकर्ता 14 अप्रैल तक पीएम के भाषण के बाद पार्टी के इतिहास और केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर गोष्ठी और परिचर्चा आयोजित करें। पार्टी के पदाधिकारियों और सभी सांसदों और विधायकों को स्थापना दिवस कार्यक्रमों में भाग लेना, एक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम तीन कार्यक्रम आयोजित करना और फोटो इंटरनेट मीडिया पर साझा करना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को बूथ स्तर के कार्यक्रमों में उनकी तस्वीर लगाकर मनाने के निर्देश दिए हैं।

अवैध निर्माण के कंपाउंडिंग पर लगी रोक

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत होने वाले निर्माण के कंपाउंडिंग यानी शमन पर रोक लगा दी है। अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने शासनादेश जारी करते हुए विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है।

जारी आदेश में यह भी है कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में निर्धारित मानकों के अतिरिक्त निर्माण नहीं होना चाहिए। इतना ही नहीं, शमन के प्रकरणों में भी भवन निर्माण और विकास उपविधि के अंतर्गत निर्धारित मानकों को शिथिल नहीं किया जाना चाहिए। जो निर्माण भवन निर्माण और विकास उपविधि के अनुमन्य नहीं हैं, उन्हें शमन के द्वारा अनुमन्य नहीं किया जाना चाहिए। अपर मुख्य सचिव आवास ने जारी शासनादेश में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का सख्ती से पालन करने करने को कहा है।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

22वां रोजा

शिया

सहरी : 4:23 बजे
इफ्तार : 6:36 बजे

सुन्नी

सहरी : 4:30 बजे
इफ्तार : 6:26 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- मुंशी पुलिया चौराहे स्थित सुख कॉम्प्लेक्स में आदर्श व्यापारी एसोसिएशन की ओर से मेडिकल कैंप का आयोजन – 10.30 बजे।
- दारुलशफा में 108 दिवसीय श्रीहनुमत महायज्ञ के आयोजन के संबंध में प्रेसवार्ता – 2:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में अवध महोत्सव के दूसरे दिन पद्मश्री पुरु दाधीच का कथक नृत्य – 6.00 बजे।

एक नजर

नो- पार्किंग जोन में पहले दिन 452 वाहनों का चालान

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के 28 स्थानों पर चिन्हित किए गए नो-पार्किंग जोन में पहले दिन ट्रैफिक पुलिस ने 452 वाहनों के चालान काटे। इनमें कमता, निशातंगज, सिकंदरबाग, अहिमामऊ, परिवर्तन चौक, हजरतगंज में बड़ी कार्रवाई की गई। आलाधिकारियों के मुताबिक, कार्रवाई करने से पूर्व यातायात कर्मियों ने वाहन स्वामियों व चालकों को गाड़ी हटाने की चेतावनी दी थी। नियमों का उल्लंघन पर विभिन्न धाराओं में 2048 चालान किए गए। इनमें 452 वाहनों पर नो पार्किंग की धाराओं में चालानी कार्यवाही की गई।

पीने योग्य नहीं हजरतगंज के नरही व लालबाग का पानी

स्वास्थ्य विभाग और जलकल विभाग की जांच में हुई पुष्टि, पानी के लिए गए सैंपल में क्लोरीन की मात्रा मिली शून्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के पॉश इलाके नरही व लालबाग में पीने योग्य पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इसका खुलासा स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट में हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, हजरतगंज और गोमतीनगर में पेयजल आपूर्ति में क्लोरिन की मात्रा मानक के विपरीत है। दारुलशफा और नरही में इसकी मात्रा शून्य पाई गई।

वहीं, गोमती नगर के इलाकों में कहीं कम तो कहीं जरूरत से ज्यादा मिला है। स्वास्थ्य विभाग ने जलकल विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। साथ ही पानी में क्लोरिनीकरण करने की सिफारिश की है।

> जहां क्लोरीन की मात्रा शून्य पायी गयी है, वहां जलकल विभाग द्वारा जलापूर्ति नहीं की जाती है। इसके अलावा जिन स्थानों पर क्लोरीन की मात्रा कम पायी गयी है, वहां इसे बढ़ाया जाएगा। जलकल विभाग ने जोन 1 के आठ स्थलों पर सोमवार को फ्री क्लोरीन ओटी टेस्ट कराया, जिसमें सभी जगह रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है।
>
> –उत्कर्ष, सहायक अभियंता, जलकल विभाग जोन एक

- गोमती नगर स्थित उजरियांव गांव सहित आठ अन्य इलाकों में भी ठीक नहीं है पानी

स्वास्थ्य विभाग और जलकल विभाग की ओर से हजरतगंज व गोमतीनगर के 10 इलाकों से पेयजल के नमूने लिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने जब इसकी जांच कराई तो पानी पीने लायक ही नहीं मिला।

इन इलाकों में सप्लाई के पानी में क्लोरिन की मात्रा मानक के विपरीत मिली। जांच रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जलकल विभाग को सौंप दी है। वहीं जलकल विभाग की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

इन इलाकों से लिए गए नमूने

स्वास्थ्य विभाग ने जलकल विभाग के सहयोग से गोमती नगर के उजरियांव, विशालखंड का डिगडिगा, गोमती नगर विस्तार, हजरतगंज के प्राग नारायण रोड, बालू अड्डा मलीन बस्ती, बटलर पैलेस चौराहा, लालबाग में नावेल्टी सिनेमा व दारुलशफा, नरही सब्जी मंडी, महंगी लाल लेन, मलिन बस्ती से पानी का नमूना जांच के लिए लिया था। सोमवार को रिपोर्ट जारी की गई। इसके मुताबिक, नरही मंडी व लालबाग–दारुलशफा (नगर निगम मुख्यालय के आसपास) में क्लोरीन की मात्रा शून्य पाई गई। गोमती नगर के उजरियांव, डिगडिगा में क्लोरीन की मात्रा मानक से काफी कम पायी गई। हजरतगंज के प्राग नारायण रोड, बालू अड्डा मलीन बस्ती, बटलर पैलेस चौराहा, लालबाग में नावेल्टी सिनेमा व दारुलशफा, नरही सब्जी मंडी महंगी लाल लेन, मलिन बस्ती में पानी बीमार करने वाला है।

पानी में बैक्टीरिया मारने के लिए मिलाया जाता है क्लोरीन

डिप्टी सीएमओ डॉ. एपी सिंह ने बताया कि सप्लाई वाले पानी में हानिकारक वायरस और बैक्टीरिया को मारने के लिए एक निश्चित मात्रा में क्लोरीन मिलाया जाता है। क्लोरीन की मात्रा कम हो या बिल्कुल भी न होना नुकसानदायक है। बैक्टीरिया युक्त पानी पीने से लोगों के लीवर और किडनी प्रभावित हो सकते हैं। इससे पीलिया, लीवर पर सूजन जैसी समस्या हो सकती है। इसके अलावा अगर स्वच्छ पानी की पाइप लाइन कहीं से लीक हो जाए, तो बिना क्लोरीन का पानी लोगों की समस्या को और बढ़ा सकता है।

मनरेगा में मानदेय ज्यादा पर प्रशासनिक मद कम

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में संविदा पर तैनात मनरेगा कर्मियों के हिसाब से मानदेय भुगतान के लिए प्रशासनिक मद बेहद कम है। इस कारण ससमय पूरा भुगतान करना विभाग के लिए मुश्किल बना हुआ है और कर्मचारी परेशान हैं। जिले पर 9 अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, 8 कम्प्यूटर ऑपरेटर, 4 लेखा सहायक, 324 ग्राम रोजगार सेवक समेत कुल 345 संविदा कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन इनके मानदेय के हिसाब से भुगतान के लिए प्रशासनिक मद कम है। रोजगार सेवकों का मानदेय बढ़ने से समस्या और बढ़ गई है। मानदेय लंबित होने की यह मुख्य वजह है। इस कारण समय पर भुगतान करना कठिन है। कर्मियों की संख्या के अनुसार 447.50 लाख रुपये देयता बनता है। जबकि वर्ष 2021–22 में 286.94 लाख, 2022–23 में 336.23 लाख और 2023–24 में 262.30 लाख रुपये प्रशासनिक मद के मिले हैं।

2,629 करोड़ की सम्पत्तियां बेच भरा खजाना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2629.89 करोड़ रुपये की सम्पत्तियां बेच अपना खजाना भरा है। सबसे ज्यादा 2058.64 करोड़ रुपये की आय ई-नीलामी से आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियां बेचकर हुई है।

एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, सीजी सिटी, जानकीपुरम व बसन्तकुंज योजना में भूखण्ड व दुकान समेत लगभग 1,700 करोड़ रुपये की सम्पत्तियों से अतिक्रमण हटवाए गए। ई-नीलामी से इन भूखंडों को दो से तीन गुना अधिक कीमत पर बेचा गया। व्यावसायिक एवं आवासीय सम्पत्तियों की छह बार ई नीलामी करायी गयी। इसमें 138 भूखण्ड व 83 दुकानों की 2058.64 करोड़ रुपये में बिक्री की गई। विभिन्न शासकीय विभागों को बल्क सेल की आठ बड़ी सम्पत्तियां आवंटित की गई। इससे प्राधिकरण के खाते में 302.07 करोड़ रुपये आए।

एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी

- ई-नीलामी से भूखंड बेचकर एलडीए ने कमाए 2058.64 करोड़
- बेशकीमती 1,700 करोड़ की जमीनों से हटाया अतिक्रमण

ऑनलाइन बुकिंग से 510 करोड़ के 1125 फ्लैट बेचे : एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण पहले अपनी विभिन्न योजनाओं में खाली फ्लैट पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत ऑफलाइन बेचता था। उपाध्यक्ष ने इस योजना के तहत खाली फ्लैट बेचे के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था शुरू की। इस प्रक्रिया के तहत घर बैठे एलडीए पोर्टल के माध्यम से ग्राहकों ने अपने मनपसंद फ्लैट खरीदे। एक साल में ही प्राधिकरण ने 510 करोड़ रुपये के 1125 फ्लैट बेचे।

इन अपार्टमेंट में सबसे ज्यादा फ्लैट बिके

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि पहले आओ पहले पाओ योजना के अंतर्गत जनेश्वर इन्क्लेव में सबसे अधिक 207 फ्लैट, सीजी सिटी में 140, देवपुर पारा योजना में 163, सरगम अपार्टमेंट में 127, ऐशबाग हाईट्स में 88 व दीपशिखा अपार्टमेंट में 69 फ्लैट बिके। उन्होंने बताया कि जनेश्वर इन्क्लेव में सभी फ्लैट बिक गये हैं।

आज गुल रहेगी बिजली 10 लाख लोग होंगे प्रभावित

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के जानकीपुरम,मडियांव,इंजीनियरिंग कॉलेज, अहिबरनपुर और चिनहट के कई इलाकों में अनुरक्षण कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे 10 लाख से अधिक उपभोक्ता इससे प्रभावित रहेंगे। इंजीनियरिंग कॉलेज, जानकीपुरम मे सेक्टर नियर मालवीय स्कूल एच और सेक्टर एच-4 सिकंदरपुर, सेक्टर-जी, जानकी वाटिका ,गौसला फीडर ई के सेक्टर एफ के साथ सब स्टेशन सेक्टर आई जानकीपुरम मे माड़ियाव, साठ फिटा रोड, जानकी विहार,जानकीपुरम विस्तार उपकेंद्र मे सेक्टर- नौ,सेक्टर-दो ,पितंबरपुर जानकीपुरम विस्तार में एबीसी लाइनों और खंभों को बदलने के कारण इन इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। पुरानिया उपकेंद्र से पोषित 11 केवी फीडर के जनरल पूल पर जर्जर कंडक्टर को बदलकर नया कंडक्टर लगाने का कार्य किया जायेगा। सेक्टर-के,क्यू,पी और विंध्याचल मंदिर के आसपास के इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी।।

अहिबरनपुर डालीगंज में बादशाह जी फीडर से पोषित कई क्षेत्रों में आंशिक रूप के साथ सप्लाई ठप रहेगी। त्रिवेणी नगर फीडर पर बिजनेस प्लान के अंतर्गत कार्य किया जाना है। जिससे श्रीपुरम ट्रांसफॉर्मर 400केवीए, योगी नगर,पानी की टंकी, एकता पार्क और मजार टेलीफोन एक्सचेंज में भी कार्य किया जायेगा। अन्य इलाकों में भी इसी तरह कार्य होंगे। इससे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

10 ग्राम सोना 71,500 रुपये का 24 घंटे में कीमत 1,000 चढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : स्वर्ण बाजार में निरंतर चमक बनाए रखने वाला सोना अब रिकार्ड बनाते हुए आगे बढ़ता जा रहा है। हाल यह है कि मात्र 24 घंटे में ही पीली धातु की कीमत करीब 1,000 रुपये और चढ़ गई है। बीते दिन तक करीब 70,000 का आंकड़ा छू रहा सोना नए आयाम बनाता हुआ 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (प्रति तोला) पहुंच गया है। बढ़ती कीमतों से जहां कारोबारी आश्चर्य में हैं तो वहीं ग्राहक भी बाजार का रुख भांप मौन हैं। बाजार में आम ग्राहक न होने के बावजूद भाव रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सर्राफा व्यापारी कहते हैं कि वैश्विक पटल पर मची उथल-पुथल और अमेरिकन फेडरल रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में किए गए बदलाव से बाजार में स्वर्ण धातु अपने सर्वाधिक कीमतों को छू चुकी है। तीन फीसद जीएसटी नए भाव में जुड़ी है।

> कारोबारियों के मुताबिक, 31 मार्च को सोने की कीमत 70,500 रुपये प्रति तोला थी। सोमवार की देर शाम आए आंकड़ों ने ऐसी उछाल भरी कि बाजार और कारोबारी दोनों आश्चर्यचकित रह गए। एक दिन में करीब 1,000 रुपये के उछाल के साथ पीली धातु ने अपनी चमक बरकरार रखते हुए आसानी के साथ 71,500 रुपये का आंकड़ा छू लिया। वहीं, 11 दिन पहले के भाव 66,194 से तुलना की जाए तो करीब 5,306 रुपये प्रति 10 ग्राम का अंतर आया है।
>
> –आदीश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन

> स्वर्ण धातु की यह चमक किसी चमत्कार से कम नहीं है। अब तक इस स्तर और इतनी तेज गति में सोने की कीमत नहीं चढ़ी है। सहालग है, न ही कोई खरीदारी से जुड़ा बड़ा त्योहार। फिर भी कीमतों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। रिकार्ड बन गया है। यही गति रही तो सोना में 75,000 रुपये प्रति 10 ग्राम का भाव छूने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।
>
> –अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा)

लखनऊ सर्राफा बाजार में सोने का भाव

माह मार्च	सोने की कीमत (प्रति 10 ग्राम)
22 मार्च	66,194
23 मार्च	67,870
24 मार्च	67,870
25 मार्च	67,874
26 मार्च	67,873
27 मार्च	68,394
28 मार्च	69,095
29 मार्च	70,102
30 मार्च	69,800
31 मार्च	70,500
1 अप्रैल	71,500

नोट : लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदीश जैन सर्राफ द्वारा 24 कैरेट सोने के जारी किए गए आंकड़े (इनमें जीएसटी जुड़ी है)।

राजधानी में सोमवार को तेज धूप होने से राहगीर परेशान दिखे। इसी क्रम में हजरतगंज क्षेत्र में धूप से बचने के लिए दुपट्टे का सहारा लेकर गंतव्य को जातीं युवतियां। अमृत विचार

रिकॉर्ड : जमा हुआ 425 करोड़ गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम ने गृहकर वसूली में रिकॉर्ड बनाया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 425 करोड़ रुपये गृहकर जमा कराया। जबकि लक्ष्य 410 करोड़ रुपये था। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम दिन रात 12 बजे तक 25 करोड़ रुपये गृहकर जमा हुआ। नगर निगम में 92.77 करोड़ रुपये वसूली के साथ जोन 4 पहले स्थान पर रहा। पिछले वित्तीय वर्ष में 86.40 करोड़ रुपये गृहकर जमा हुआ था। वहीं जोन 8 ने 88 करोड़ रुपये जमा कराके दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं जोन 2 और 5 गृहकर वसूली में सबसे पीछे रहे।

जोन 4 में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों से किया प्रचार : नगर निगम का जोन 4 गृहकर वसूली में प्रथम स्थान पर रहा। इसके पीछे अधिकारियों ने प्लानिंग से काम किया। भवन स्वामियों को गृहकर जमा करने के लिए जागरूक किया। नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली लगभग 120 गाड़ियों में लगे साउंड सिस्टम से धुन बजाकर लोगों से गृहकर जमा करने की अपील की गयी। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि भवन स्वामियों से सम्पर्क करके 1,000 रुपये भी बकाया गृहकर जमा कराया गया।

- जोन - 4 ने सबसे ज्यादा वसूले 92.77 करोड़ व जोन - 2 व 5 रहे पीछे
- 88 करोड़ के साथ जोन - 8 दूसरे स्थान पर

टैक्स इंस्पेक्टर होंगे सम्मानित

गृहकर वसूली में अच्छा प्रदर्शन करने वाले टैक्स इंस्पेक्टर सम्मानित किए जाएंगे। जोन 4 में टैक्स इंस्पेक्टर इमरान और जोन 2 में टैक्स इंस्पेक्टर डीएस दुबे गृहकर वसूली में सबसे आगे रहे। जोनल अधिकारी सहित टैक्स इंस्पेक्टर को नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

अधिकारियों की मेहनत लायी रंग: गृहकर वसूली की स्थिति की शासन से लगातार मॉनीटरिंग हो रही थी। प्रमुख सचिव नगर विकास हर महीने समीक्षा कर रहे थे। कम वसूली पर शासन ने जोनल अधिकारियों का तक वेतन रोक दिया था। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह समेत समस्त अपर नगर आयुक्त भी गृहकर वसूली के लिए अपने जोन के जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षकों के साथ फील्ड पर उतरे। अधिकारियों की मेहनत रंग लायी। बड़े संस्थानों से लेकर राज्य और केंद्र सरकार की इमारतों से भी करोड़ों रुपये गृहकर जमा कराया।

अवकाश में भी खुलेंगे वित्तीय कार्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : मध्यांचल वितरण निगम के अंतर्गत सभी वित्तीय कार्यालयों को खोलने का आदेश सोमवार को जारी किया गया। लेखों के अंतिमीकरण के साथ वित्त से जुड़े कार्यों को निपटाने के लिए अप्रैल माह में पड़ रहे अवकाश में भी कार्यालय खुले रहेंगे। इस दौरान पूर्व की तरह ही सभी कार्य निपटाये जायेंगे। यह जानकारी निदेशक वित्त मनोज बंसल ने विज्ञप्ति जारी करके दी।

छूट खत्म, पुरानी दरों पर देना होगा किराया

एसी बसों का सफर हुआ महंगा, ठंड के मौसम में किराए में दी गई थी छूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : परिवहन निगम की वातानुकूलित बसों में सफर करने वाले यात्रियों का सफर 1 अप्रैल (सोमवार से) पुरानी दरों पर लौट आया है। अब एसी बसों का सफर महंगा हो गया है। इन बसों में यात्रियों को टिकट की दरों में दी जा रही छूट की सीमा निर्धारित अवधि के बाद खत्म कर दी गई। लोगों को अब पूर्व की भांति तय किराया देना होगा। बताते चले कि ठंड के मौसम में इन बसों के किराए में छूट दी गई थी, जिससे इन बसों में भी मुसाफिर यात्रा कर सकें।

अब आलमबाग और चारबाग से चलने वाली वॉल्वो सेवा के साथ ही जनरथ सेवाओं का टिकट लेने में लोगों को पहले की तरह कीमतें चुकानी पड़ेंगी।

यात्रियों को अब 40 रुपये से लेकर 95 रुपये तक किराए में अधिक देना होगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, ठंड के दिनों में वातानुकूलित बसों में यात्रियों की संख्या कम हो जाती है। ऐसे में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वातानुकूलित बसों के किराए में 10 प्रतिशत तक कम किए जाने की घोषणा कर थी। यह योजना 31 मार्च तक प्रभावी रही। होली में सफर करने वाले यात्रियों ने इस योजना का जमकर लाभ भी उठाया।

समय सीमा पूरी होने के बाद पारा चढ़ने के साथ ही वातानुकूलित बसों का पूर्व किराया फिर से लागू कर दिया गया है। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी के अनुसार, वातानुकूलित बसों के किराए में मिलने वाली छूट समाप्त कर दी गई है।

कुछ प्रमुख रूटों का किराया

वातानुकूलित जनरथ (2 बाई 2) का किराया

कहां से कहां तक	पहले (रुपये प्रति व्यक्ति)	अब
लखनऊ से प्रयागराज	417	460
लखनऊ से कौशाम्बी	1107	1218
लखनऊ से वाराणसी	635	700
लखनऊ से गोरखपुर	616	680
लखनऊ से अयोध्या	344	380

वातानुकूलित वॉल्वो का किराया

कहां से कहां तक	पहले (रुपये प्रति व्यक्ति)	अब
लखनऊ से गोरखपुर	891	983
लखनऊ से प्रयागराज	609	670
लखनऊ से वाराणसी	927	1022
लखनऊ से अयोध्या	442	485

हर प्रत्याशी को परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर देना होगा चुनावी खर्च का ब्यौरा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रत्येक प्रत्याशी को चुनाव परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर चुनावी खर्च का ब्यौरा देना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक प्रत्याशी को अपने जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के संबंध में लेखे की सही प्रतिलिपि दाखिल करनी होगी। बिना किसी ठोस कारण के निर्धारित समय सीमा के अंदर निर्वाचन व्ययों का लेखा–जोखा दाखिल करने में असफल रहने पर संबंधित प्रत्याशी को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तीन वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन व्ययों की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये व प्रत्येक विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिकतम 40 लाख रुपये निर्धारित है।

जोन–1 में भी घर–घर कूड़ा उठान शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जोन 4 के बाद सोमवार से जोन 1 के सात वार्डों में रामकी कंपनी ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी संभाल ली। जोन 1 के महात्मा गांधी-विक्रमादित्य वार्ड, राजा राम मोहन राय, लालकुआं, हजरतगंज-रामतीरथ, बाबू बनारसी दास, जेसी बोस, नजरबाग-यदुनाथ सान्याल वार्ड से घरों से कूड़ा कलेक्शन शुरू कर दिया।

वार्डों से कूड़ा उठाने के लिए कंपनी ने 51 इलेक्ट्रिक वाहन और 69 स्वच्छता वाहक लगाए हैं यह जानकारी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड अनुपम मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि तीन ट्रांजिट केंद्र आरआर, बांसमंडी व लखनऊ क्लब से कचरे का उठान कर शिवरी प्लांट पर निस्तारण किया गया।

घर से कूड़ा उठाता सफाईकर्मी।

- घरों से कूड़ा लेकर शिवरी प्लांट पर किया गया निस्तारण
- 51 इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ लगाए 69 स्वच्छता वाहक

आठ में से पांच जोन में मिला है कूड़ा प्रबंधन का काम : कंपनी को नगर निगम के आठ में से पांच जोन में टेंडर के माध्यम से कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गयी है। कंपनी को जोन 1, 3, 4, 6 और जोन 7 में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सड़क और नालियों की सफाई से लेकर डम्पिंग यार्डों से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुंचाने का काम मिला था।

फरवरी में नगर निगम सदन की बैठक में पार्षदों के हंगामे के बाद कंपनी को केवल घरों से कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी दी गयी है। 6 मार्च को कंपनी ने जोन 4 के गोमती नगर से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की शुरुआत की थी।

एक नजर

ट्रेड यूनियंस को मतदान के लिए किया प्रेरित

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को ट्रेड यूनियंस के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतिनिधियों से कहा कि 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में परिवार के सदस्यों समेत बढ़चढ़कर मतदान करें। अगर पात्र होने के बावजूद किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है, तो जल्द फार्म-6 ऑनलाइन या ऑफलाइन भरकर नाम सूची में जुड़वाएं। बैठक में सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। विभिन्न व्यावसायिक निरीक्षक राकेश पाण्डेय, सहायक श्रम आयुक्त शिप्रा चतुर्वेदी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

एरियर भुगतान के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा विभाग में एक बाबू पर एरियर भुगतान कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। आरोप है कि बाबू ने बकाया एरियर भुगतान के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की है। इसकी शिकायत मिलने पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि एरियर भुगतान के लिए जो कागजी कार्रवाई थी उसे समय से पूरा किया गया लेकिन बाद में बजट न होने के कारण लेखाधिकारी की ओर से बिल को लौटा दिया गया है। जिस बाबू पर आरोप लगा है डीआईओएस ने उससे भी स्पष्टीकरण मांगा है।

पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का बीएसए-सीडीओ ने किया स्वागत

शैक्षिक सत्र 2024-25 की हुई शुरुआत, बच्चों को निशुल्क वितरित की गईं किताबें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सभी विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरुआत सोमवार को हो गई। इस मौके पर नये बच्चों के स्वागत में प्रवेश उत्सव मनाया गया और उनका स्वागत किया गया। राजधानी के जोन-तीन में स्थित गाजीपुर कंपोजिट बस्तौली विद्यालय में अधिकारियों के साथ नन्हे-मुन्ने बच्चों का मनमोहक दृश्य दिखाई दिया।

पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत माल्यर्पण कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने किया। इस दौरान बच्चों को गिफ्ट व चॉकलेट वितरित किए गये। वहीं शैक्षिक सत्र 2023-24 में पास हुए बच्चो को गिफ्ट देकर उनका हौसला भी बढ़ाया गया है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अच्छे जीवन और बेहतर करियर के लिए पढ़ाई करना बहुत जरूरी है। इस दौरान सीडीओ और बीएसए ने बच्चों को निशुल्क किताबे भी वितरित की।

इस मौके पर उनके साथ बीईओ मुख्यालय राजेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्या, धर्मेन्द्र कटियार व विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

बच्चों को लगाया गया तिलक : प्राथमिक विद्यालय डेरवा में एआरपी अनुराग सिंह राठौर, प्रधानाध्यापक आशा वर्मा सहित शिक्षक स्टाफ ने नये सत्र में बच्चों का तिलक लगा कर स्वागत किया। साथ ही सभी बच्चों को कॉपी, स्टेशनरी के साथ टॉफियां का वितरण भी किया गया।

बच्चों को गले लगाकर किया स्वागत : प्राथमिक विद्यालय गोसाईगंज में बच्चों का स्वागत करते हुए एआरपी अंजना भारतीय व शिक्षकों ने प्राथमिक विद्यालय गोसाईगंज में बच्चों का स्वागत तिलक व गले लगाकर किया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों को अध्यापकों ने गोद में भी उठा लिया। इस मौके पर एआरपी अंजना भारतीय ने बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के दौरान कंपोजिट विद्यालय बस्तौली में वितरित की गईं नई किताबों के साथ बच्चे व सीडीओ, बीएसए और बीईओ। अमृत विचार

बीईओ राजेश कुमार से बात करती प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर की छात्रा। अमृत विचार

▸▸ **मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को नियमित स्कूल आने की दी सलाह**

सभी स्कूलों में जल्द पहुंचेंगी किताबें

बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि नया शैक्षिक सत्र स्कूलों में शुरू हो चुका है। पहले अधिकांश विद्यालयों में किताबों का वितरण किया गया है। बाकी जिन विद्यालयों में किताबें नहीं पहुंच सकी हैं, वहां भी नियमित वितरण जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसी सप्ताह में प्रयास है कि सभी बच्चों के हाथों में किताबें पहुंच जाए।

जब बिटिया ने कहा, बड़ा अफसर बनना है मुझे

नए शैक्षिक सत्र में बच्चों से अधिकारियों ने बातचीत की। प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर में जिस समय बीईओ मुख्यालय राजेश कुमार की ओर से बच्चों को पढ़ाई का महात्व समझाया जा रहा था। उसी दौरान एक बच्ची ने कहा कि सर मुझे एक दिन बड़ा अफसर बनना है। बच्ची की बात सुन सभी अधिकारी उसकी ओर देखने लगे। उस बच्ची ने ये भी कहा कि वह नियमित स्कूल पढ़ने आयेगी।

भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 4 से

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए 4 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस सत्र से प्रवेश सामर्थ पोर्टल से लिया जाएगा। समर्थ केंद्रीय सरकार का ईआरपी सिस्टम है।

▸▸ **सामर्थ पोर्टल पर 4 अप्रैल से 10 मई तक भरे जाएंगे फार्म**

विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर सामर्थ पोर्टल का लिंक उपलब्ध है। इसमें ऑनलाइन फॉर्म भरकर सबमिट होगा। फार्म भरने संबंधी विस्तृत निर्देश विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। प्रवेश के लिए आवेदन 4 अप्रैल से 10 मई तक भरे जा सकेंगे। काउंसलिंग 5 जून से होगी। विवि एनईपी 2020 के तहत पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। विद्यार्थियों के लिए सभी विषयों में वहु-विषयक सुविधा का प्रावधान है। विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यार्थी या उनके अभिभावक विवि के हेल्पलाइन नंबर 7007076127 पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी के लिए ई-मेल admission@kmclu.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क : सामान्य/ओबीसीः रु 500, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातिः रु 250, डिप्लोमा कार्यक्रमः रु 100।

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देशों से आए लेखा परीक्षक। अमृत विचार

23 देशों के लेखा परीक्षकों ने लविवि की शैक्षणिक उत्कृष्टता देखी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रणाली एवं लेखा परीक्षा केंद्र (आईसीआईएसए) द्वारा 'कार्यान्वयन लेखा परीक्षा' पर आयोजित 159वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 23 देशों के 34 लेखा परीक्षकों की टीम ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय का दौरा किया।

लेखा परीक्षकों की यह यात्रा लविवि की प्रचलित शैक्षणिक उत्कृष्टता के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने व इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने को लेकर रही। विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा टीम को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया।

▸▸ **ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की ली जानकारी**

भर्ती एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ की डीन और राजनीति विज्ञान विभाग की हेड प्रोफेसर मनुका खन्ना ने स्वागत भाषण दिया। प्रभारी कुलपति अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. अरविंद अवस्थी ने टीम के सदस्यों को लखनऊ विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। टीम ने टैगोर लाइब्रेरी में रेयर कलेक्शन स्थल को भी देखा, जहां उन्हें प्राचीन इतिहास विभाग के प्रो. प्रशांत श्रीवास्तव ने विभिन्न तथ्यों से अवगत कराया। फिर उन लोगों ने भूगर्भ विज्ञान के संग्रहालय को देखा, जहां उन्हें भूगर्भ विज्ञान के हेड प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने जानकारी दी। टीम में बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, बुरुंडी, चिली, जॉर्जिया, गुयाना, भारत, लाओस, लातविया, मलावी, मालदीव, मॉरीशस, मोरक्को, नेपाल, नाइजर, नाइजीरिया, पेरू, रूस, समोआ, तंजानिया, ट्यूनीशिया और जाम्बिया के प्रतिनिधि शामिल थे।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विवि श्रेणी-1 में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय को श्रेणी-1 विश्वविद्यालय में स्थान दिया गया है। यूजीसी ने एनएएसी स्कोर के आधार पर विश्वविद्यालयों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। 3.72 एनएएसी स्कोर के आधार पर अंबेडकर विश्वविद्यालय को श्रेणी-1 में स्थान मिला है।

विवि ने यह उपलब्धि कुलपति आचार्य संजय सिंह के नेतृत्व में हासिल की है। इसके अतिरिक्त विवि को एनआईआरएफ रैंकिंग में 42वां, दक्षिण एशिया रैंकिंग में 204वां स्थान मिला है। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिलिंग से 3.5 स्टार रेटिंग मिली है। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि विवि परिवार की मेहनत का परिणाम है। श्रेणी -1 विश्वविद्यालय के तौर पर बीबीएयू भविष्य में शैक्षणिक क्षेत्र एवं अन्य समस्त क्षेत्रों में नये आयामों को छूने का प्रयास करेगा।

छात्राओं ने सीखी मशरूम उगाने की विधि

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में नई शिक्षा नीति के द्वारा वोकेशनल कोर्स में मशरूम कल्टीवेशन बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है। साथ ही बॉटनी लैब में प्रवक्ताओं द्वारा मशरूम ग्रो कराने की विधि बताई गई। जिसमें छात्राओं ने कम संसाधनों और प्रतिकूल आवरण में भी अच्छा मशरूम ग्रो किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने भविष्य में छात्राओं को और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पत्नी राजवन्ती (उम्र 58 वर्ष) की मानसिक तनाव के कारण मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है। उनकी बात पर ध्यान न दें,अपशब्द से बचें। मोबाइल नम्बर 9720205849 पर सम्पर्क करें। **प्रयागदीन यादव,निवासी – अमहरा पूरे बड़गौ, पोस्ट – तिवारीपुर,थाना – मानिकपुर, तहसील – कुण्डा, जिला – प्रतापगढ़, उ.प्र.।**

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह पूर्व मेरा नाम हुमा इश्तियाक था विवाह पश्चात हुमा अहसन हो गया है जो आधार कार्ड पर अंकित है। भविष्य में अब मुझे हुमा अहसन के नाम से जाना व पहचाना जाए। **हुमा अहसन पत्नी मोहम्मद अहसन निवासिनी–327/144, चौबदारी मोहल्ला, चौक, लखनऊ**

सूचना

मैंने अपना नाम ALI ABBAS MODH. SAMEER RIZVI से बदलकर ALI ABBAS RIZVI रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **ALI ABBAS RIZVI पुत्र मोहम्मद समीर रिजवी, निवासी– हल्लौर, थाना डुमरियागंज सिद्धार्थनगर, उ0प्र0**

सूचना

मैंने अपना नाम NIYAZ से बदलकर NIYAZ AHMAD रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-LALLAB निवासी– मलकियाना, नवाबगंज सतरिख, बाराबंकी (यू0पी0)**

सूचना

मैंने अपना नाम NAIRA, BATUL, SAMEER RIZVI से बदलकर NAIRA BATUL रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **NAIRA BATUL पुत्री मोहम्मद समीर रिजवी निवासी हल्लौर, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर, उ0प्र0**

सूचना

मैं भागीरथी देवी (Bhagrathi Devi) अपने पुत्र सुनील दत्त भट्ट के आर्मी नं. –4197653W, निवासिनी थारू मुडिया, भूरिया थरू, उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम भागीरथी भट्ट (Bhagrathi Bhatt) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में भागीरथी देवी (Bhagrathi Devi) दर्ज किया जाये।

सूचना

मैं तनुजा कन्याल (Tanuja Kanyal) पत्नी डिगर सिंह कन्याल के आर्मी नं.– 4200107X, निवासी–देवपुर देवका, कमलुवागाजा, मेहता, पोस्ट– कठघरिया, हल्द्वानी, नैनीताल, उत्तराखण्ड, मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम तनुजा (Tanuja) दर्ज है। अतः मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में तनुजा कन्याल (Tanuja Kanyal) दर्ज किया जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरी बेटी का पूर्व में नाम फिलजा खान था अब उसका नाम उमैजा खान हो गया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मतीन अहमद खान, मोहल्ला – नौशहरा, बलरामपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैं **मेवालाल पुत्र स्व0 सरजू प्रसाद निवासी–7 सी/43, वृन्दावन योजना, थाना पी0जी0आई0, लखनऊ**, मेरा पुत्र विशाल व उसकी पत्नी प्रियंका के आये दिन अत्याचार, गाली–गलौच व मेरी पत्नी के साथ मारपीट से तंग आकर हम पति–पत्नी अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। अब हमारा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना

मैं भावना देवी बिष्ट (Bhawana Devi Bisht) अपने पुत्र कुनाल बिष्ट के आर्मी नं.– 4212495M, निवासिनी–3. धौन, भात कोटे, अल्मोडा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम भावना देवी (Bhawana Devi) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में भावना देवी बिष्ट (Bhawana Devi Bisht) दर्ज किया जाये।

सूचना

मैं जय सिंह (Jai Singh) अपने पुत्र आनन्द सिंह दानू के आर्मी नं.– 4198444L, निवासी–दोबाड़, दोबार, जिला–बागेश्वर, कर्मी, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम जय सिंह दानू (Jay Singh Danu) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में जय सिंह (Jai Singh) दर्ज किया जाये।

सूचना

मैं सीता यादव (Sita Yadav) अपने पति संजय कुमार यादव के आर्मी नं. –4201204F, निवासिनी–धरवा कुसुमही कलां, गाजीपुर, उ.प्र., मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सीता (Sita) दर्ज है। अतः मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में सीता यादव (Sita Yadav) दर्ज किया जाये।

सूचना

मैं प्रेमा देवी (Prema Devi) अपने पुत्र पंकज मठपाल (Pankaj Mathpal) के आर्मी नं.– 4207178F, निवासिनी–7, असेटी गोदी, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम प्रेमा मठपाल (Prema Mathpal) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में प्रेमा देवी (Prema Devi) दर्ज किया जाये।

सूचना

मैं कैलाश चन्द्रा (Kailash Chandra) अपने पुत्र पंकज मठपाल (Pankaj Mathpal) के आर्मी नं.– 4207178F, निवासिनी–7, असेटी गोदी, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम कैलाश चन्द्रा मठपाल (Kailash Chandra Mathpal) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में कैलाश चन्द्रा (Kailash Chandra) दर्ज किया जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद रफी अंकित है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम मोहम्मद रफी अंसारी अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) के है। अतः मुझे मोहम्मद रफी अंसारी के नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहम्मद रफी अंसारी पुत्र मोहर्रम अली निवासी गंगारामपुर नितगंजा बाजार पश्चिमी कस्बा मल्लावां थाना मल्लावां जिला हरदोई**

सूचना

बैनामा संख्या 6479 दिनांक– 18–12–1988 को श्याम सुंदर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र चौधरी शंकरदयाल निवासी राहतपुरा कस्बा इटावा के द्वारा श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी डॉ. आईके शर्मा को दिया गया था। जिसका क्षेत्रफल 887 वर्ग फुट था। दिनांक 17.8.2006 को उक्त बैनामा शारदा शर्मा से मैंने ले लिया था। किन्तु प्रथम बैनामा 6479 रास्ते में कहीं गिर गया है। **मंजू यादव पत्नी अरविंद कुमार निवासी सहसारपुर सैफई, इटावा**

सार-संक्षेप

छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते प्रबंध निदेशक। अमृत विचार

बाल निकुंज इंटर कॉलेज के 247 मेधावी सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज इंटर कॉलेज (गर्ल्स विंग) श्रीनगर मोहिबुल्लापुर सीतापुर रोड में सोमवार को समरोह आयोजित कर वार्षिक परीक्षा में सफल कक्षा-1 से 5 तक के 247 मेधावियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल, प्रधानाचार्या भगवती भंडारी ने बच्चों को पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और शील्ड दी। कक्षा तीन की सुकृति महापात्रा 99.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर "ब्रांच टॉपर" बनी। कक्षा-2 की अनुष्का यादव 99.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा-5 की शिवानी महापात्र ने 97.81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान रहीं। कक्षा-2की आरोही ने 97.79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे और अदिति वर्मा कक्षा-5 97.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रहीं। सभी को प्लैटिनम अवार्ड से नवाजा गया।

स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर जताया विरोध

अमृत विचार, लखनऊ : अटेवा के आह्वान पर सोमवार को चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ और राजकीय नर्सेज संघ उप्र. के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर विरोध जताया। नर्सेज संघ के महामंत्री अशोक कुमार की अगुवाई में बलरामपुर अस्पताल में नर्सों व कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर काम किया। अशोक ने बताया कि एक अप्रैल 2005 को राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को समाप्त करते हुए नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) लागू की थी। इस वजह से 1 अप्रैल को काले दिवस के रूप में अटेवा एनएमओपीएस के आह्वान पर विरोध दर्ज कराया गया। संघ के पदाधिकारी कपिल वर्मा, सुनील कुमार, रजत आदि ने लोकसभा चुनाव 2024 में वोट फॉर ओपीएस की बात कही। बलरामपुर अस्पताल में विरोध जताते वालों में अशोक कुमार, जितेंद्र बहादुर सिंह, महेंद्र श्रीवास्तव, गिर्ताशु वर्मा, अमिता रौस, स्मिता, मेवाती, गायत्री, पुष्पा, सोनी, मनीषा, राधारानी और अर्चना आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

पीएचसी सरोजनीनगर में दस्तक अभियान की शुरुआत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान की शुरुआत केजीएमयू स्थित नेत्र विभाग के डॉ. एसके भास्कर ने किया। इस दौरान पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संचारी रोग जैसे- मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया आदि पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना और आम जनता को साफ-सफाई पर जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान एक महीना चलेगा। जिसमें क्षेत्र की आशा घर-घर जाकर लोगों को समय रहते रोग की पहचान करने और उपचार करवाने के महत्व की जानकारी प्रदान करेंगी। इस मौके पर आशा, आंगनवाड़ी व अस्पताल के अन्य लोगों द्वारा जागरूकता के लिए एक रैली भी निकाली गई।

बेसिक शिक्षा निदेशालय में भी बैठेंगे सचिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के नये सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी निशातगंज स्थिति बेसिक शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय में भी बैठेंगे। सोमवार को उन्होंने अपने कार्यालय में बैठकर कामकाज भी शुरू कर दिया है।

अमृत विचार से बातचीत में सचिव ने कहा कि सभी कार्यों को समय से निपटाना उनकी पहली प्राथमिकता में होगा। उन्होंने बताया कि निदेशालय में भी मिलेंगे। इसके साथ ही प्रयागराज निदेशालय में बने कार्यालय में कामकाज देखेंगे। बता दें कि अभी तक इस पद पर तैनात रहे प्रताप सिंह बघेल को बेसिक शिक्षा निदेशक बनाये जाने के बाद सुरेन्द्र तिवारी की तैनाती परिषद सचिव के पद पर हुई है। लेकिन लखनऊ में उनका कार्यालय कहां बनेगा इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। सुरेन्द्र तिवारी के पास इसके अलावा भी सुरेन्द्र तिवारी माध्यमिक शिक्षा विभाग में अपर शिक्षा निदेशक का भी दायित्व संभाल रहे हैं। मौजूदा समय में उनके सामने अब 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण की विसंगतियों को लेकर उठाए जा रहे मामले का निपटारा कराने की अहम जिम्मेदारी होगी। 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी लगातार इसे लेकर विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा तमाम तरह के कोर्ट केसों का भी सामना करना होगा।

नए कार्यालय में कार्यभार संभालते हुए अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक व सचिव परिषद बेसिक सुरेन्द्र तिवारी।

▸▸ **निशातगंज स्थित सचिव का तैयार हुआ कार्यालय, सोमवार से शुरू किया कामकाज**

विधि छात्र आदित्य गौतम पुरष्कृत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बीएएलएलबी (छठे सेमेस्टर) छात्र आदित्य गौतम ने महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा आयोजित नेशनल लॉ फेस्ट में 'एमई पिकासो : डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता' में विजेता बने हैं। आदित्य को इनाम के रूप में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, ट्रॉफी एवं 5 हजार रुपये की धनराशि से पुरस्कृत किया गया।

सर्टिफिकेट और ट्रॉफी के साथ छात्र आदित्य गौतम व प्रोफेसर। अमृत विचार

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान को पितृशोक

अमृत विचार, लखनऊ : हाईकोर्ट लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान के 87 वर्षीय पिता डॉ. रतन सिंह का निधन सोमवार को हो गया। वह एडिशनल डायरेक्टर मेडिकल हेल्थ के पद से वर्ष 1994 में सेवानिवृत्त हुए थे। डॉ. रतन सिंह अपने पीछे पत्नी ऊषा सिंह, सहित तीन पुत्र और पौत्र छोड़ गए। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान के पिता काफी दिनों से बीमार थे, उनका इलाज पीजीआई में चल रहा था। न्यायमूर्ति के पिता की मृत्यु का समाचार सुनते पूरे हाईकोर्ट में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को ही सायं पांच बजे उनका अंतिम संस्कार भैसाकुंड घाट पर किया गया। जहां काफी संख्या में अधिवक्ता और न्यायमूर्तिगण उपस्थित हुए।

आरोग्य की देवी का पर्व शीतला अष्टमी आज

अमृत विचार, लखनऊ : चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि यानी होली के 8वें दिन आरोग्य की देवी शीतला मां का पूजन पर्व मनाया जाता है। इस बार शीतला अष्टमी मंगलवार को है। अष्टमी तिथि 1 अप्रैल रात्रि 9 .09 बजे से शुरू होकर 2 अप्रैल मंगलवार को रात 8 .08 बजे तक रहेगी। शुभ मुहूर्त सुबह 5 .56 बजे से शाम 6 .24 बजे तक रहेगा। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन बासी खाना शीतला माता को अर्पित किया जाता है। इसलिए इसे बसौड़ा अष्टमी भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और माता की पूजा करने से कई तरह की बीमारियों से मुक्ति मिलती है।

कॉमेडियन एहसान कुरैशी को हास्यभूषण रंगभारती सम्मान

रवींद्रालय में आयोजित हुआ रंगभारती का हास्य कवि सम्मेलन घोंघा बसंत, कवियों की रचनाओं ने किया लोटपोट

रवींद्रालय में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन घोंघा बसंत के दौरान मंच पर मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

कवि सम्मेलन घोंघा बसंत के मंच पर मशहूर कॉमेडियन एहसान कुरैशी विशेष अतिथि गधे के साथ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रवींद्रालय में रंगभारती द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन घोंघा बसंत में कॉमेडियन एहसान कुरैशी को 'हास्यभूषण रंगभारती सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सामाजिक समरसता पैदा होती है। श्याम कुमार के नेतृत्व में रंगभारती हर साल आयोजित होने वाले घोंघा बसंत में नये प्रयोग कर

▸▸ ब्रजेश पाठक बोले, इस तरह के आयोजन से सामाजिक समरसता पैदा होती है

समाज को सेहतमंद होने का संदेश दे रही है।

पिछले 63 वर्षों से लखनऊ का खास आकर्षण बन चुका हास्य कवि सम्मेलन घोंघा बसंत अनूठा हास्य आयोजन है। इसका आयोजन अखिल भारतीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं समाजसेवी संस्था रंगभारती करती है। सम्मेलन में हंसी के धमाके लोगों का उत्साह व आनंद बढ़ाते हैं। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि डॉ. अम्मार रिजवी, महंत देव्यागिरि, सुधीर हलवासिया, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद, अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार उपस्थित थे। श्याम कुमार ने बताया कि देश के अन्य विभिन्न नगरों में भी रंगभारती हास्य उत्सव के आयोजन करती आ रही है। इसके अन्तर्गत बड़े-बड़े हास्य कवि सम्मेलन होते हैं। इनका उद्देश्य आज की तनावभरी जिन्दगी में हंसना-हंसाना है। देर रात तक चले हास्य कवि सम्मेलन में कवियों की रचनाओं ने लोगों को लोट-पोट कर दिया। हास्य कवियों में एहसान कुरैशी, जीनत परवीन, मनोज मदरासी, रियाज इंडियन, अमित अनपढ़, पंकज प्रसून, शेखर त्रिपाठी, तनहा, राज बनारसी, श्याम कुमार आदि उपस्थित रहे।

ये हुए सम्मानित

सम्मेलन के दौरान कॉमेडियन एहसान कुरैशी को हास्य भूषण रंगभारती सम्मान दिया गया। वहीं, सूंड़ फैजाबादी रंग भारती सम्मान लखनऊ के हास्य कवि अमित अनपढ़ को दिया गया। यह सम्मान रंगभारती के सदस्य व कवि सम्मेलन के संचालक सूंड़ फैजाबादी की स्मृति में दिया जाता है। रंगभारती के सदस्य रमई काका की याद में दिए जाने वाला रमई काका रंगभारती सम्मान फतेहपुर के अवधी बोली के प्रसिद्ध कवि समीर शुक्ल को दिया गया।

ये सम्मान रहे आकर्षण का केंद्र

सम्मलेन के दौरान कवियों को कई सम्मान दिए गए, जो आकर्षण के केंद्र रहे। इसमें हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला की तरफ से पत्तलों का जयमाल, लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की तरफ से भिंडी की जयमाल, महापौर सुषर्मा खर्कवाल की तरफ से राजमुकुट, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की तरफ से लॉलीपॉप जैसे सम्मान कवियों को प्रदान किए गए।

युवाओं ने दिखाई शास्त्रीय संगीत पर पकड़

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित छह दिवसीय प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता के तीसरे दिन युवा वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में हुई शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों ने ख्याल तराना, दो प्रतिभागियों ने ध्रुपद धमार और चार प्रतिभागियों ने ठुमरी और दादरा में अपनी प्रतिभा दिखाई।

युवा वर्ग खयाल तराना में अनुराग मौर्य (प्रथम), दुर्गेश यादव (द्वितीय) और मृदुल कुमार अवस्थी (तृतीय) स्थान पर रहे। ध्रुपद धमार में अमन शर्मा और ऐश्वर्या सिंह, ठुमरी दादरा में अनुराग मौर्य, दुर्गेश यादव और पूजा राय को स्थान मिला। अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के मार्गदर्शन और रेनू श्रीवास्तव के समन्वयन में पवन कुमार, आकांक्षा श्रीवास्तव, रंजना, शशि श्रीवास्तव, आयुष और मल्हू आदि ने सहयोग किया।

शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता के दौरान प्रस्तुति देतीं पूजा राय। अमृत विचार

लोहिया पार्क में आयोजित हास्य उत्सव लंतरानी में उपस्थित उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अतिथिगण। अमृत विचार

लंतरानी में उठा ठहाकों का तूफान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साहित्यगंधा की ओर से सोमवार को राम मनोहर लोहिया पार्क के मुक्ताकाशी मंच पर हास्य उत्सव लंतरानी का आयोजन किया गया। सर्वेश अस्थाना के संचालन में हुए इस आयोजन में एक तरफ हास्य कवियों का मंच सजा था तो दूसरी तरफ आमंत्रित मेहमानों का सम्मान करने के साथ ही उनसे इस तरह के सवाल पूछे, जिससे हास्य की सरिता प्रवाहित हुई।

लंतरानी में मिलने वाले तीन सम्मान सबसे ज्यादा चर्चा का केन्द्र रहे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को जोरू का गुलाम, मुकेश बहादुर को परम जुगाड़ू सम्मान और अनिल अग्रवाल को पत्नी भक्त सम्मान से अलंकृत किया गया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पर्ची में चिमटा निकला तो ब्रजेश पाठक ने हामिद की कहानी सुना डाली। भाजपा नेत्री अपर्णा यादव को मंच पर बुलाकर उनका तौलिया, टोपी और प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया। सम्मान के बाद उनसे एक पर्ची उठाकर उसमें जो भी लिखा हो, उस पर बोलने के लिए कहा गया। अपर्णा की पर्ची में लिखा था झुनझुना। अपर्णा ने कहा कि रोते हुए बच्चे को चुप कराने के लिए मां उसे झुनझुना थमा देती है। सर्वेश अस्थाना ने अपर्णा को बताया कि एक दल से दूसरे दल में जाने वाले को भी कई बार झुनझुना

▸▸ हास्य उत्सव में ब्रजेश पाठक को जोरू का गुलाम, मुकेश बहादुर को परम जुगाड़ू, अनिल अग्रवाल को मिला पत्नी भक्त सम्मान

ही मिलता है। अपर्णा ने यहां रंग डारूंगी नन्द के लालन पे, सांवरो रंग लाल कर डरियो, मली गुलाल दोऊ गालों पे को बहुत अच्छे अंदाज में गाकर सुनाया।

शिखा के वाणी वंदना से शुरू हुए इस आयोजन में सौरभ जायसवाल ने कहा कि पत्नी और सरकार दोनों का हमें चुनने का मौका मिलता है लेकिन चुने जाने के बाद दोनों ही नहीं सुनते। काव्य मंच पर अशोक झंझटी, हिमांशु बवंडर, रास बिहारी गौड़ और मुकुल महान भी अपनी-अपनी रचनाओं के साथ मौजूद थे।

हास्य अभिनेता अन्नू अवस्थी, एमएलसी पवन सिंह चौहान, मुकेश बहादुर, अवनीश कुमार, दीपक रंजन, सुशील दुबे, डॉ. अनिल रस्तोगी, आदित्य द्विवेदी, विनोद मिश्र आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

संगीत नाटक अकादमी में शुरू हुआ पांच दिवसीय अवध महोत्सव

तुमने जीने की जो दुआ की है, कौन से जुल्म की सजा दी है

5 तक चलने वाले महोत्सव में होंगी गायन और नृत्य की प्रस्तुतियां

रंगोली, पतंगबाजी, अवधी परिधान, शतरंज प्रतियोगिता भी होंगी आयोजित

इक्का-तांगा दौड़, हेरिटेज वॉक, पुतुल नाट्य उत्सव किस्सागोई और अवधी व्यंजन मेले का भी आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग और संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में रामोत्सव के तहत वाजिद अली शाह अवध महोत्सव सोमवार को अकादमी लॉन में शुरू हुआ। 1 से 5 अप्रैल तक चलने वाले इस महोत्सव में कला, संस्कृति और विरासत के महासंगम में गायन और नृत्य प्रस्तुतियों के साथ ही रंगोली और पतंगबाजी, अवधी परिधान, शतरंज प्रतियोगिता के साथ ही इक्का-तांगा दौड़, हेरिटेज वॉक, पुतुल नाट्य उत्सव किस्सागोई और अवधी व्यंजन मेले का भी आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन के पहले दिन प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि अवध महोत्सव में अयोध्या के राम मंदिर से लेकर अवध के खानपान तक को सुंदरतापूर्वक समाहित किया गया है, यह सराहनीय है। इससे निश्चित रूप से न केवल युवा पीढ़ी को अपनी उन्नत धरोहर का ज्ञान मिलेगा, बल्कि इस पर गर्व का अहसास भी होगा। अवध महोत्सव स्मृतियों को ताजा करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित यूपी दर्शन पार्क का भी उल्लेख किया, जिसमें कबाड़ से उप्र. के एक से बढ़कर एक पर्यटन स्थलों की झांकी तैयार की गई है।

अवध महोत्सव में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, संस्कृति निदेशालय के अमित कुमार अग्निहोत्री, रीनू रंगभारती, तुहिन द्विवेदी, निदेशक लोक कला अतुल द्विवेदी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अलका निवेदन ने किया।

अवध महोत्सव के पहले दिन कथक केन्द्र की कथक नृत्य प्रस्तुति के बाद रामपुर के उस्ताद सखावत हुसैन का गजल गायन, मुम्बई के अभिजीत घोषाल का भजन गायन और जालंधर के मास्टर सलीम का सूफी गायन हुआ। इसके साथ ही परिसर में अयोध्या से आमंत्रित लोक कलाकारों ने फरुवाही लोक नृत्य प्रस्तुत किया।

अवध महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत रामपुर के उस्ताद सखावत हुसैन के गजल गायन से हुई। उन्होंने रसिया ने कैसा जादू डाला रे सुनाया। उन्होंने तुमने जीने की जो दुआ की है, कौन से जुल्म की सजा दी है... सुनाकर लोगों को मुग्ध कर दिया।

कथक केन्द्र के कलाकारों ने फाग रंग की सतरंगी प्रस्तुति दी। इसमें राग बसंत एक ताल में निबद्ध रचना फुलवा बीनत डारि डारि देखते ही बनी। इसके साथ ही जब फागुन रंग झमकते हों, लाल गोपाल गुलाल हमारी, म्हारा सांवरिया घर आयो री... के बाद कलाकारों ने कन्हैया घर चलूं गुइयां आज खेलें होरी... पर होली भी खेली। श्रुति शर्मा के निर्देशन में हुई इस प्रस्तुति में संगीत निर्देशन और गायन कमलाकांत ने किया। संगत कलाकारों में तबला वादन पार्थ प्रतिम मुखर्जी, सितार पर डॉ. नवीन मिश्रा, बांसुरी पर दीपेन्द्र कुंवर और ढोलक पर रवि ने संगत की जबकि पढ़ंत पर नीता जोशी थीं। कलाकारों में प्रियम यादव, शरण्या शुक्ला, सृष्टि प्रताप, विधि जोशी, अदिति जायसवाल, ऐशनी पाठक, गौरी शुक्ला, विदुषी शुक्ला, सान्वी सक्सेना, मानवी वर्मा, वैष्णवी अग्निहोत्री और मीनल वर्मा शामिल रहीं।

मुम्बई के अभिजीत घोषाल का भजन गायन लोगों ने काफी पसंद किया। राम आएंगे को उन्होंने बहुत अच्छे अंदाज में सुनाया। इस भजन के साथ ही उन्होंने राम और शबरी के संवाद को इस अंदाज में सुनाया कि कुछ देर को ऐसा महसूस हुआ जैसे कि राम कथा हो रही हो और रामकथा वाचक शबरी के राम प्रेम के बारे बहुत अच्छे अंदाज में बता रहे हों।

दीप जलाकर अवध महोत्सव की शुरुआत करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा।

महोत्सव के प्रथम दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते रामपुर के सखावत हुसैन।

21वीं रमजान को निकला हजरत अली का ताबूत

शोर गिरिया है कूफे में, बरपा उठ रहा है जनाजा अली का... सुनकर जुलूस में शामिल लोग रोने लगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मौलाए कायनात हजरत अली की शहादत की याद में सोमवार की सुबह रुस्तमनगर स्थित शबीह-ए-नजफ से शियों के पहले इमाम हजरत अली का ताबूत निकाला गया। ताबूत का जुलूस कर्बला तालकटोरा पहुंचकर खत्म हुआ। शोर गिरिया है कूफे में बरपा उठ रहा है जनाजा अली का, रो रहा है घराना नबी का उठ रहा है जनाजा अली का, को सुनकर जुलूस में शामिल लोग जारोकतार रो रहे थे। हजरत अली के ताबूत में कंधा देने वालों की तादाद इतनी ज्यादा थी कि ताबूत पानी की लहर पर कश्ती सा बहता दिखाई दे रहा था।

हजरत अली को 19वीं रमजान को मस्जिद में सुबह की नमाज पढ़ते वक्त इब्ने मुल्जिम ने जहर बुझी तलवार का वार कर जख्मी कर दिया था। 21वीं रमजान को वह शहीद हो गए थे। जुलूस से पहले मौलाना यासूब अब्बास ने अलविदाई मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत का जुलूस शुरू हुआ। हर कोई अपने इमाम को अपने आंसुओं का नजराना पेश करता हुआ दिखाई दिया।

अलम के साए में निकले इस जुलूस के रास्ते में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जो ताबूत के आगे

रुस्तमनगर स्थित शबीह-ए-नजफ से निकाले गए इमाम हजरत अली के ताबूत जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

▸▸ रौजा-ए-नजफ रुस्तमनगर से तालकटोरा कर्बला तक निकाला गया जुलूस

निकलते ही जुलूस का हिस्सा बन जाते। जुलूस में शामिल नंगे पैर रोजेदार आंसू बहाते हुए चल रहे थे। जुलूस में बड़ी तादाद में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। जुलूस कर्बला दियानतुद्दौला, रौजा-ए-काजमैन, मंसूर नगर, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, अशर्फाबाद होता हुआ बिलोचपुरा चौराहे पर पहुंचा। यहां से तुलसीदास मार्ग से कर्बला तालकटोरा ले जाया गया। कर्बला तालकटोरा में मौलाना अब्बास नासिर ने मजलिस को खिताब किया।

पुलिस प्रशासन ने किए थे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

अमृत विचार, लखनऊ : 21वीं रमजान के जुलूस के दौरान लखनऊ का पुराना शहर छावनी में तब्दील रहा। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल के मुताबिक, जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरा, दूरबीन और पैदल मार्च कर पुलिस फोर्स द्वारा की गई। जुलूस के दौरान संवेदनशील इलाकों में पैनी नजर रखी गई। जुलूस के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस उपायुक्त, चार अपर पुलिस उपायुक्त, 10 सहायक पुलिस आयुक्त, 51 निरीक्षक, 307 उपनिरीक्षक, 19 महिला उपनिरीक्षक, 1010 मुख्य आरक्षी, 147 महिला कान्स्टेबल, दो कम्पनी पीएसी, तीन टीम ड्रोन कैमरा, 10 घुड़सवार पुलिस, 37 क्लस्टर मोबाइल, छह क्यूआरटी टीम, 19 पीआरवी को ड्यूटी में लगाया गया था। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय स्तर से 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 26 पुलिस उपाधीक्षक, 10 निरीक्षक, 80 उप निरीक्षक, आठ महिला उप निरीक्षक, 400 मुख्य आरक्षी, आठ कम्पनी पीएसी, दो कम्पनी आरएएफ और एक एटीएस टीम को महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया था।

ओडिशा दिवस पर कबिता मोहंती के नृत्य ने जीता दिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ ओड़िया समाज की ओर से सोमवार को विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में ओडिशा दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नृत्य गुरु कबिता मोहंती और उनके दल ने मनभावन नृत्य के जरिये लोगों का दिल जीत लिया।

कबिता मोहंती ने अपने ओडिसी नृत्य में जगन्नाथ जी के समस्त प्रकार के उत्सवों को नृत्य के जरिये प्रस्तुत किया। फाल्गुन पूर्णिमा में होने वाले डोल यात्रा, अक्षय तृतीया, चन्दन यात्रा, स्नान यात्रा, रथ यात्रा आदि को अपने दल के साथियों के साथ नृत्याभिनय के जरिये अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया।

गुरु कबिता मोहंती के साथ में गुरु संगीता मोहंती, गुरु हरेकृष्णा ढल, ट्विंकल सोनी, वैभव कुमार, लोकेन्द्र प्रताप, सृष्टि सिंह, शाम्भवी सिंह और जाह्नवी गोस्वामी ने इस आयोजन को शानदार बनाया।

लखनऊ ओड़िया समाज पिछले तीस साल से लगातार पहली अप्रैल को ओडिशा दिवस मनाता आ रहा है। लखनऊ में रहने वाले ओड़िया समाज के लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं ताकि नयी पीढ़ी को अपनी संस्कृति को समझते रहने का मौका मिल सके। यह कार्यक्रम ओड़िया समाज और उप्र. के बीच सेतु के रूप में काम करता आ रहा है। सेवा निवृत्त प्राचार्य डॉ. रामचन्द्र बेहरा इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साहित्य अकादमी से सम्मानित डॉ. बेहरा पांच दशक से लेखन कार्य में लगे हैं।

आज के आयोजन का मुख्य आकर्षण गुरु कबिता मोहंती खैरागढ़ के इंद्राकला संगीत विश्वविद्यालय से शिक्षा लेने वाली ऐसी कलाकार हैं, जिन्हें विभिन्न पुरस्कारों से अलंकृत किया जा चुका है।

मारवाड़ी महिला सम्मेलन में सदस्यों का हुआ सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन लखनऊ शाखा ने सोमवार को एक होटल में अध्यक्ष रेखा लाठ द्वारा वर्ष 2022- 24 सत्र के अपने कार्यकाल के समापन अवसर पर अपनी संस्था के सदस्यों को उनके उत्तम कार्य के लिए पुरस्कृत किया। मधु लाठ, शालिनी सिंघल, सरोज जैन, अलका बंसल आदि सहयोगियों को पुरस्कृत किया गया। लखनऊ इकाई के सत्र 2024-26 के लिए मोनिका बंसल को अध्यक्ष, सुशीला अग्रवाल को सचिव, आभा अग्रवाल कोषाध्यक्ष और अनुराधा अग्रवाल को उपाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया।

लखनऊ शाखा की अध्यक्ष रहीं रेखा लाठ को इस बार प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। रेखा लाठ ने प्रदेश अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण के साथ ही प्रदेश इकाई का गठन करते हुए शालिनी सिंघल उपाध्यक्ष, अनुराधा बंसल सचिव, मधु लाठ कोषाध्यक्ष एवं अलका बंसल ने संपादक पद की शपथ दिलाई।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के दौरान पद की शपथ लेतीं पदाधिकारी।

एक नजर

छह माह बाद छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज

अमृत विचार, मलिहाबाद : कोर्ट आदेश पर माल पुलिस ने छह माह बाद गांव के दो युवकों पर छेड़खानी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। माल थाना अंतर्गत एक गांव की रहने वाली युवती 2 सितम्बर 2023 सुबह 5 बजे खेतों से घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में रामौतार व आकाश ने उससे दुष्कर्म का प्रयास किया था। हालांकि, युवती के शोर मचाने पर आरोपी उसे धमकी देकर घटनास्थल से भाग निकले थे। इस सम्बन्ध में युवती ने माल थाने में लिखित शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। इसके बाद युवती ने कोर्ट में अर्जी दायर कर आरोपियों पर छेड़खानी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

बाइक सवार पर गिरी लोहे की बैरिकेडिंग, घायल

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थाना अंतर्गत कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी की लापरवाही सामने आई है। जहां एक बाइक सवार के ऊपर लोहे की चादर युक्त बैरिकेडिंग गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्नाव जनपद के सोहरामऊ थाना अंतर्गत नयाखेड़ा निवासी विनोद (40) बाइक से सरोजनीनगर की तरफ आ रहा था। तभी बंथरा में आजाद विहार कॉलोनी के पास अचानक लोहे की काफी वजन चादर युक्त बैरिकेडिंग का एक हिस्सा उसके ऊपर गिर गया। जिससे विनोद बाइक सहित उसके नीचे दबकर घायल हो गया। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने बैरिकेटिंग के नीचे दबे विनोद को किसी तरह बाहर निकाला और इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल विनोद को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है।

शारदा नहर में मिला आठ दिन से लापता युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मां ने पुत्र के दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

अमृत विचार : कृष्णानगर के भोला खेड़ा में सोमवार को कनौसी में निकली शारदा नहर में आठ दिन पहले बहन व दोस्तों से मिलने निकले राहुल गौतम (23) का शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की मां ने दोस्तों पर बेटे की हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया है।

सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा निवासी राहुल गौतम कैटर्स का काम करते थे। राहुल की मां माया के मुताबिक बीते 24 मार्च को राहुल पारा के न्यू कांशीराम कॉलोनी में रहने वाली बहन ज्योति से मिलने की बात कहकर घर से निकला था। रास्ते में राहुल बहन ज्योति से मिला था। उसने बहन से दोस्तों के घर जाने के बाद उनके यहां आने की बात कही थी। देर रात होने के बाद भी जब राहुल बहन के घर नहीं पहुंचा तो उन्होंने यह बात अपनी मां को बताई। इस पर 26 मार्च को मां और बहन ने पारा थाने में गुमशुदगी दर्ज की थी। सोमवार को लोगों को राहुल का शव कनौसी रेलवे क्रॉसिंग के पास निकली शारदा नहर में उतराता मिला। इस बीच बहन ज्योति को नहर में शव मिलने की सूचना मिली। बहन घटनास्थल पहुंचकर शव की शिनाख्त भाई राहुल के रूप में की। पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक अभी तक घरवालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कृष्णानगर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि राहुल के पास से एक मोबाइल मिला है, जो पानी जाने के कारण खराब हो चुका है।

नहर में अज्ञात युवक का उतराता मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर में सोमवार सुबह 10 बजे लोगों को डीआरएम पुलिया के पास शारदा नहर में युवक का उतराता शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकलवाया और शिनाख्त कराने की कोशिश की, मगर सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस के मुताबिक शव एक दिन पुराना लग रहा है, जिसकी उम्र (25) वर्ष है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सोलर पैनल की सफाई कर रहा युवक गिरा, मौत

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज थाना अंतर्गत कपूरथला में बिल्डिंग की छत पर लगे सोलर पैनल की सफाई करते समय पवन कुमार (50) नीचे गिरकर जख्मी हो गया। उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार तिवारी के मुताबिक, कपूरथला के स्थित नगर निगम कार्यालय के सामने भारत सहगल की बिल्डिंग के तीसरे मंजिल पर रोबोट रेस्टोरेंट संचालित है। बिल्डिंग की साफ सफाई के लिए भारत सहगल ने बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा थानाक्षेत्र के दहिला पुरेबनी गांव निवासी पवन कुमार को काम पर रखा था। बिल्डिंग के मालिक भारत सहगल ने पवन से सोलर पैनल साफ करने के लिए कहा था। सोमवार सुबह करीब 7.30 बजे वह सोलर पैनल की सफाई कर रहा था। इसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह तीसरे माले से नीचे गिरकर जख्मी हो गया। रेस्टोरेंट कर्मियों ने पवन को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दो दुर्घटनाओं में केजीएमयू की डॉक्टर समेत तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 10 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

अमृत विचार: मड़ियांव और पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में केजीएमयू में इंटर्नशिप कर रही महिला डॉक्टर समेत तीन लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो अन्य मृतक झारखंड के रहने वाले थे। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दे दी है।

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक सहारा सिटी होम आईआईएम रोड निवासी डॉ. दीक्षान्विता आनंद उर्फ दीक्षा (25) केजीएमयू में इंटर्नशिप कर रही थी। सोमवार सुबह करीब सवा आठ बजे वह स्कूटी से केजीएमयू के लिए निकली थीं। घर से करीब 100 मीटर दूरी पर तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में दीक्षान्विता की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने ट्रक चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह वाहन लेकर भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। पिता आंनद कुमार ने बताया कि दीक्षा ने केजीएमयू से बीडीएस की पढ़ाई की थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दीक्षान्विता के पिता आलमनगर में सरकारी डॉक्टर हैं। ट्रक चालक की तलाश में चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

दूसरा हादसा सुबह करीब 5:45 बजे एसजीपीजीआई के गेट के सामने हुआ। तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले आटो फिर टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर से ऑटो और टेंपो के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान झारखंड निवासी कृष्णा प्रसाद गुप्ता (62) और ऋतुराज चौधरी (25) की मौत हो गई। झारखण्ड के नथूनी राम, बिहार के मोतिहारी निवासी राजकुमारी, बिहार के औरंगाबाद निवासी वंश गोपाल सिंह, शिव प्रकाश सिंह, ओमप्रकाश यादव, जौनपुर जनपद के खुटहन निवासी प्रीतम सिंह, मानकनगर निवासी मनोज, बिहार के गया निवासी अंजली, बिहार के मदेशरापुर निवासी आलोक कुमार और बिहार बक्शर नित्यानंद गोस्वामी अस्पताल में भर्ती हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना देकर शव को मोच्युरी भेज दिया गया है। कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तिहरा हत्याकांड : परिजन से नहीं हो सका संपर्क, लावारिस में किया अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▸▸ पुलिस ने मृतका के मायके वालों से संपर्क करने का किया प्रयास

▸▸ हत्यारोपी के घरवाले भी नहीं आए, गला घोंटने से मौत की पुष्टि

अमृत विचार : बिजनौर थाना अंतर्गत सरवन नगर में हुए तिहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने मृतका ज्योति के मायके वालों से सम्पर्क किया, लेकिन उनके किसी भी प्रकार से संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद पुलिस ने महिला व उसके दो बच्चों का लावारिश में अंतिम संस्कार कर हत्यारोपी पति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा के मुताबिक, बलरामपुर जनपद के देवरिया मुबारकपुर के रतनपुर के रहने वाले हत्यारोपी राम लगन के परिवारीजन ने भी आने से मना कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद लावारिश में ज्योति का विद्युत शव दाह में अंतिम संस्कार किया। तीन साल के बेटे आनंद और छह वर्षीय बेटी पायल का शव दफनाया गया। दोपहर पुलिस ने हत्यारोपी राम लगन को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। रामलगन ने अवैध संबंधों के शक में तीनों की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। रविवार को दुर्गंध आने पर मकान मालिक अमृत लाल गौतम का बेटा मकान में पहुंचा तो तीनों के शव कमरे में मिले थे। ज्योति का शव फर्श पर पड़ा था, जबकि आनंद और पायल का उसने बोरी में भर दिया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तफ्तीश में यह बात समाने आई कि महिला मुम्बई की रहने वाली थी। हत्यारोपी राम लगन के संपर्क में आने के बाद ज्योति पहले पति को छोड़कर उसके साथ रहने लगी थी। फिलहाल, मृतका के परिजनों से लगातार संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। अभी तक कुछ भी निष्कर्ष नहीं मिला।

पूर्व मंत्री के निजी सचिव की संपत्ति कुर्क होगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पशुपालन विभाग में आटे की सप्लाई दिलाने के नाम पर करोड़ों की हेराफेरी कर घोटाला कर पूर्व मंत्री के निजी सचिव रहे धीरज कुमार देव की करीब तीन करोड़ रुपये से भी ज्यादा की संपत्ति कुर्क की जाएगी। सोमवार शाम पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर की तरफ से यह आदेश जारी किया गया है। जोकि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हो रहा है।

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक, चिनहट थाना अंतर्गत छोटा भरवारा निवासी धीरज कुमार देव पर आटे सप्लाई के घोटाले में आरोपी है। वह ग्रीनवुड अपार्टमेंट में रहते है। वर्ष 2022 में उन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। धीरज की कुर्क की जाने वाली संपति कुल 3,11,29,758 करोड़ रुपये की है। यह संपत्ति अवैध रुप से अर्जित की गई है। संपत्ति का ब्यौरा पूछने जाने पर वह ठीक जानकारी नहीं दे पाए। वर्ष 2020 में इंदौर के व्यापारी मंजीत सिंह की लिखित शिकायत पर एसटीएफ ने जांच मामले की जांच की तब पूरा खेल समाने आया है। जिसके बाद हजरतगंज कोतवाली में धीरज कुमार देव पर दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। मामले में मंत्री के निजी प्रधान सचिव रजनीश दीक्षित, निजी सचिव धीरज कुमार, सेवानिवृत्त आइपीएस अरविंद सेन, सिपाही दिल बहार यादव के अलावा अनिल राय, उमाशंकर और एके राजीव, रूपक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसमें से कई लोग जमानत पर बाहर भी हैं।

वोडाफोन का ट्रांसमिशन कार्ड चुराने वाला गार्ड गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज पुलिस टीम ने वोडाफोन आइडिया के ट्रान्समिशन कार्ड चुराने वाले सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। डीसीपी रवीना त्यागी ने बताया कि मानकनगर के सूर्यनगर सुरक्षा गार्ड चन्द्र देव मिश्रा की गिरफ्तारी की गई। बताया कि सीसीटीवी देखने पर कम्पनी में लगे सुरक्षा गार्ड चन्द्र देव मिश्रा पर शक हुआ। कड़ाई से पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया की सीसीटीवी बन्द कर शाम को 7:30 बजे तीन ट्रान्समिशन कार्ड को चोरी कर लक्ष्मण मेला ओवर ब्रिज के नीचे झाड़ियों में छिपाया गया। ताकि बाद में उसे बेच सके।

बटलर पैलेस कॉलोनी के अंदर बिजली के खंभे में आग लगने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम। अमृत विचार

सेवानिवृत्त लैब टेक्नीशियन की मौत का राज बरकरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▸▸ कार से उतरते हुए एक महिला का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

▸▸ कई बिंदुओं पर जांच की रफ्तार पर लग गया ब्रेक

अमृत विचार : एनबीआरआइ (द नेशनल बोटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट) से सेवानिवृत्त लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार श्रीवास्तव की कार से आखिरी बार एक महिला उतरी थी। इसका सीसीटीवी फुटेज पुलिस के सामने आया है। हालांकि, गुडम्बा पुलिस महिला के बारे में जानकारी जुटाने में भरसक प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि 21 मार्च को डालीबाग गन्ना संस्थान के पास कार की पीछे की सीट पर सेवानिवृत्त लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार श्रीवास्तव मृत अवस्था में मिले थे। उनकी मौत का राज भी बरकरार है। कई बिंदुओं पर तफ्तीश कर रही पुलिस किसी नजीते तक पहुंची है। शव मिलने के बाद से पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। कैमरों की फुटेज की मदद से पता चला कि कार से आखिर बार एक महिला उतरी। इसके बाद वह हजरतगंज की तरफ से फरार हो गई। पुलिस ने ट्रेस करते हुए करीब 50 से ज्यादा कैमरों को खंगाला। फुटेज में पाया गया कि मनोज की कार में महिला यदुनाथ चौराहे पर बैठी थी। इसके बाद कैंट होते हुए डालीबाग इलाके में पहुंचे थे। यहां दोनों कार की बैक सीट पर बैठे। उसके कुछ देर बाद महिला कार से उतरकर निकल गई। इस मामले में एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि जांच की जा रही है। परिजनों ने बताया कि मनोज दो मोबाइल रखते थे। फोरेसिंक टीम ने शव के पास से एक ही मोबाइल बरामद किया था। ऐसे में उनके पास रखा दूसरा मोबाइल कहां गया? इस बात की जानकारी महिला के गिरफ्त में आने के बाद ही पता चल सकेगी।

सार-संक्षेप

कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते भाजपा सांसद प्रत्याशी कौशल किशोर। अमृत विचार

कौशल किशोर ने की भाजपा मंडलों में बैठक

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : मोहनलालगंज लोकसभा के बीकेटी विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने पांचों भाजपा मंडलों में बैठक की। इसमें मंडल कार्यकारिणी, मोर्चा के अध्यक्ष और महामंत्री, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक और प्रभारी मौजूद रहे। बैठक कर पदाधिकारियों से अधिक से अधिक वोटों से जिताने की अपील की। बीकेटी मंडल की बैठक केंद्रीय चुनाव कार्यालय में हुई। इसके बाद इंटौजा मंडल, कुम्हरावा, चिनहट ग्रामीण और शाम को चिनहट शहर मंडल की बैठक हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विधायक योगेश शुक्ला, लोकसभा संयोजक अरुण सिंह गप्पू, विधानसभा क्षेत्र संयोजक विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

बिना अनुमति पेड़ काटने पर जुर्माना

काटे गये पेड़ का ठूंठ

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : महोना में पुलिस चौकी के पास बगैर अनुमति पेड़ काटने पर वनरक्षक ने पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है। नगर पंचायत महोना में मोहम्मद अहमद ने नीम का पेड़ कटवाकर गिरा दिया। दो और पेड़ काटे जा रहे थे। इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और पेड़ कटान रुकवा दिया। वनरक्षक बीकेटी मुबारक अली ने मोहम्मद अहमद पर 5000 रुपये जुर्माना लगाया। अजरैलपुर गांव में तीन गूलर और 15 सागौन के पेड़ काट दिए गए। वनरक्षक मुबारक अली ने बताया 18 पेड़ काटने की अनुमति ली गई है।

पिता की डांट से आहत पुत्री ने घर छोड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाना अंतर्गत राजाजीपुरम में पिता की डांट से आहत पुत्री ने घर छोड़ दिया। इसके बाद पिता ने सम्बन्धित थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, एफ ब्लॉक राजाजीपुरम निवासी पिता ने बताया कि उनकी बेटी (14) हाईस्कूल में पढ़ती है। गत 31 मार्च को उन्होंने बेटी को पढ़ाई के डांट दिया था। इससे आहत होकर बेटी घर छोड़ कर कहीं चली गई।

पत्नी के संग मिलकर बुजुर्ग मां से की मारपीट

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना अंतर्गत एक युवक ने पत्नी के साथ मिलकर बुजुर्ग मां से मारपीट की है। बड़खोरवा गांव की वृद्धा ने बताया कि उसका बेटा पत्नी के साथ मिलकर आए-दिन मारपीट करता है। बेटा-बहू उसे घर से निकालने की धमकी देते है। प्रभारी निरीक्षक अनुभव सिंह ने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी नहीं है।

रंजिश में टीन शेड तोड़कर किया पथराव, चार घायल

अमृत विचार मोहनलालगंज : सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के जबरौली गांव में जमीनी विवाद को लेकर दर्जन भर दबंगों ने घर में घुसकर खूब तांडव मचाया। दबंगों ने छत पर चढ़कर सीमेंट की चादरें तोड़कर घर के अंदर दुबके परिवार के ऊपर जमकर ईट गुम्मे बरसाये। घटना में परिवार के चार लोग घायल हो गये। पीड़ित ने कनकहा चौकी पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की तो पीड़ित को ही सुबह से शाम तक चौकी पर बिठाये रखा और वापस लौटा दिया। वहीं दबंगो की गुंडई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आनन-फानन पीड़ित को कोतवाली बुलाकर देर रात आरोपियों के विरुद्ध मारपीट, बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

मुआवजा राशि से बनाया आवास, किस्त भी हड़पी

अमृत विचार, लखनऊ : कूढ़ाईटगांव में एक महिला को 2016-17 में प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना का आवास आवंटित हुआ। निर्माण के लिए पहली किस्त देर से आई। इस बीच लाभार्थी को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहित हुई भूमि का मुआवजा मिल गया और इस राशि से आवास का निर्माण करा लिया। इस पर सचिव ने अपात्र घोषित कर दिया। इसके बाद भी आवास निर्माण की पहली किस्त 40 हजार रुपये भुगतान कर दी गई। पूर्व में धनराशि रिकवरी के आदेश दिए गए थे। लेकिन, धनराशि जमा नहीं की। इस पर बीडीओ ने सेक्टर प्रभारी और लाभार्थी को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में ग्राम्य विकास आयुक्त के खाते में जमा करने का आदेश दिया है। इस बार धनराशि जमा नहीं की तो आरसी जारी कर राजस्व की तरह वसूलने की चेतावनी दी है।

सेवानिवृत्ति पर नगर निगम के 14 कर्मचारियों को दी विदाई

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम मुख्यालय सभागार में सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विदाई समारोह हुआ। 14 सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्प माला व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। देयकों का चेक, पेंशन बुक भी दी गई। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य की कामना भी की गई।

कारोबारी और डॉक्टर समेत तीन से 3.41 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीड़ितों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : साइबर अपराधियों ने कारोबारी व डॉक्टर समेत तीन लोगों से धोखाधड़ी कर लाखों रूपये खाते से निकाल लिए है। पीड़ितों की शिकायत पर हसनगंज, इंदिरानगर और गुडम्बा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हसनगंज के निराला नगर निवासी मेडिकल सामान के कारोबारी मनोज कुमार की एमएस सैम टेक्नोलॉजियर्स नामक फर्म है। मनोज के मुताबिक कुछ दिन पहले उन्होंने मेडिकल से संबंधित कुछ सामान लेने के लिए इंडियामार्ट कंपनी को इंटरनेट पर सर्च किया था। तभी उन्हें कंपनी का कर्मी बन जालसाज ने फोन किया और दो लाख में सामान देने की बात कही। मनोज ने भुगतान कर दिया, मगर उन्हें सामान नहीं मिला। वहीं, इंदिरानगर निवासी डॉ. नित्यानंद उपाध्याय की पत्नी का कार्ड बंद कराने के नाम पर जालसाज ने 72 हजार की ठगी कर ली। उधर, गुडंबा निवासी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अतुल तिवारी के खाते से ठग ने 50 हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस के मुताबिक सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है।

सीवी से युवती का नंबर निकालकर की दोस्ती फिर करता रहा शारीरिक शोषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ थाने में लिखित शिकायत देकर की कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : दुबग्गा थाना अंतर्गत की रहने वाली युवती ने प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए आलाधिकारियों से कार्रवाई किए जाने की मांग की है। युवती का आरोप है कि वह एक शॉपिंग सेंटर में सीवी देने पहुंची थी, जहां आरोपी ने उसकी सीवी ने नंबर निकाल दोस्ती की। फिर प्रेम-जाल में फंसा शादी का झांसा देते एक वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दुबग्गा थानाक्षेत्र की रहने वाली युवती सीतापुर-बाईपास स्थित एक शॉपिंग सेंटर में नौकरी के लिए अपनी सीवी देने गई थी। आरोप है कि शॉपिंग सेंटर में बैठे एक शख्स ने उसकी सीवी से नंबर निकाल उससे संपर्क किया। फिर नौकरी दिलाने की बात कहकर उससे दोस्ती की। इस बीच आरोपी युवती को अपने घर लेकर गया। जहां उससे दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी शादी का झांसा देकर एक वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण करने लगा। आरोप है कि शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने उससे मारपीट कर शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता का कहना है कि इस सम्बन्ध में उसने दुबग्गा थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। सोमवार को युवती ने एसीपी काकोरी से मदद की गुहार लगाई है।

मुख्तार अंसारी पर पोस्ट करने वाले सिपाही की बढ़ीं मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सजा-याफ्ता माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर वाट्सएप स्टेटस पर 'अलविदा शेर-ए-पूर्वांचल' लिखने वाले सिपाही मोहम्मद फैयाज की मुश्किलें और भी बढ़ चुकी है।

गौरतलब है कि गाजीपुर जनपद के नंदगंज के सहोर गांव निवासी सिपाही मो. फैयाज बीकेटी थाने में तैनात है। सूत्रों की मानें तो, नंदगंज में माफिया मुख्तार अंसारी ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर एक गोदाम तैयार कर फूड कार्पोरेशन इंडिया को किराये पर दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एक ही जनपद और सिपाही के गांव से करीब मुख्तार का आवास होने के कारण वह प्रभावित था। इस कारण माफिया की मौत के बाद सिपाही ने उसके समर्थन में वाट्सएप स्टेटस लगाया था। वहीं, डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर ने बताया कि सिपाही मो. फैयाज के बारे में कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। कार्रवाई के लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। चुनाव आयोग के आदेश के बाद सिपाही का निलंबन होगा। फिलहाल, साइबर क्राइम सेल यूनिट सिपाही के सोशल मीडिया अकांउट व उसका पुराना रिकॉर्ड को खंगालने में जुटी है।

हादसा | हाईटेंशन लाइन के तार ढीले होने के कारण हुईं घटनाएं

तारों से निकली चिंगारी से पांच बीघा गेहूं की फसल जली

▸▸ दमकल के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू

संवाददाता, बख्शी का तालाब/ मलिहाबाद/ सरोजनीनगर

बीकेटी में आग लगने से जली फसल। अमृत विचार

अमृत विचार : अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली के तारों में स्पार्किंग से निकली चिंगारी से सोमवार को पांच बीघा से अधिक गेहूं की फसल जल गई। दमकल की गाड़ी आने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अतरौरा गांव के बाहर खेतों से हाई टेंशनलाइन निकली है। सोमवार को दिन में तेज हवा चल रही थी। हवा में बिजली के तार ढीले होने से आपस में टकरा गए। तारों में हुई स्पार्किंग से निकली चिंगारी परसऊ निवासी किसान रामकरन की सूखी गेहूं की फसल में जा गिरी। इससे फसल में आग लग गई। फायर ब्रिगेड को सूचना देकर ग्रामीण आग पर काबू करने में जुट गए। दमकल की गाड़ी आने से पहले आग पर काबू पा लिया गया। आग से करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जल गई। उपजिलाधिकारी सतीष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान की रिपोर्ट मांगी गई है।

दूसरी घटना मलिहाबाद क्षेत्र के माल में हुई। यहां दोपहर करीब 12 बजे ढीले तार टकराने से निकली चिंगारी किसान मुन्ना सिंह के खेत में गिरी। इससे खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। हवा चलने के कारण आग विकराल होकर पड़ोस के खेतों तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर निजी संसाधनों से आग काबू पाया। आग से डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जली है।

तीसरी घटना सरोजनीनगर क्षेत्र के रामगढ़ी में हुई। वहां दोपहर करीब 11:45 बजे तारों से निकली चिंगारी से हरौनी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह चौहान का खेत में आग लग गई। धुंआ उठता देख पास में एक होटल पर मौजूद लोगों ने पावर हाउस और फायर कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पावर हाउस से सप्लाई ठप कर दी गई। दमकल गाड़ी पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने टैंकरों की मदद से आग पर काबू पा लिया। खेत में भौकापुर प्रधान अर्जुन प्रसाद ने फसल बोई थी। उन्होंने बताया कि 12 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है।

दो बाइकों की भिडंत में एक की मौत, दो गम्भीर

अमृत विचार, बीकेटी। महिंगवा थाना अंतर्गत मिश्रीपुर गांव के सामने तेज रफ्तार दो बाइक की आमने सामने टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सीतापुर जनपद के महमूदाबाद भड़सर निवासी शिवपूजन (27) की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार जितेंद्र निवासी माधौपुर थाना इटौंजा व करन निवासी मुतक्कीपुर थाना मड़ियांव गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को शाढ़ामऊ स्थित सौ शैया अस्पताल लेकर गई। जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां दोनों की स्थित गम्भीर बताई जा रही है।

एक नजर

साई शक्ति और हर अकादमी ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : साई शक्ति टीम और हर हॉकी एकेडमी ने जीत के साथ खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग फाइनल फेस लीग के दौर में अगला कदम बढ़ा दिया है। गोमती नगर स्थित मो. शाहिद एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। साई शक्ति और नवल टाटा हाई परफोर्मेंस एकेडमी के बीच खेला गया मुकाबला रोमांचक रहा। साई शक्ति टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। खेल की शुरुआत में छोटे पास और लंबे स्कूप के जरिए दोनों टीम एक-दूसरे पर दबाव बनाने में जुटी रहीं। इसी बीच साई शक्ति की पुर्णिमा ने दो गोल कर टीम को जीत दिलाई। नवल टाटा एकेडमी से स्वीटी ने इकलौता गोल दागा। हर हॉकी एकेडमी और खेलो इंडिया स्टेट एक्सीलेंस विलासपुर के बीच खेला गया मुकाबला एकतरफा ही रहा। हर हॉकी एकेडमी ने 7- 1 से मैच पर कब्जा जमाया।

खिलाड़ियों को प्रशिक्षकों का इंतजार

खेल विभाग की लापरवाही से प्रदेश भर में अब तक नहीं तैनात हो सके अंश कालिक प्रशिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

> शासन को प्रदेश के 400 अंशकालिक प्रशिक्षकों की तैनाती का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही जिलों में संचालित खेल प्रशिक्षण शिविरों में अंश कालिक प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी। दिसंबर-जनवरी माह में बकाया वेतन भी जल्द ही दे दिया जाएगा। शासन ने इसका आधा बजट मिल गया है।
>
> -डॉ. आरपी सिंह, खेल निदेशक, उत्तर प्रदेश

▶▶ **समय से नहीं शुरू हो सका खेल सत्र**

अमृत विचार : प्रदेश भर में खिलाड़ी अपने प्रशिक्षकों का इंतजार कर रहे हैं। फाइनल परीक्षा खत्म होते ही प्रदेश भर के स्टेडियमों में प्रशिक्षु खिलाड़ियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। प्रदेश का खेल सत्र तो सोमवार से शुरू हो गया, लेकिन खेल विभाग की लापरवाही से अंशकालिक प्रशिक्षकों को तैनाती नहीं हो सकी है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। तकरीबन 400 प्रशिक्षकों को तैनात किया जाना है। अगले दो हफ्ते में तैनाती कर ली जाएगी। वहीं कई प्रशिक्षकों ने बताया कि दिसंबर और जनवरी माह का वेतन अभी तक नहीं मिला है।

बताते चले कि खेल विभाग हर वर्ष विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए अंशकालिक प्रशिक्षकों की तैनाती करता है। प्रदेश के सभी जिलों में अंशकालिक प्रशिक्षकों का सत्र अप्रैल माह से शुरू होकर जनवरी माह में समाप्त होता है। प्रशिक्षकों के अनुसार, खेल का सत्र समय से शुरू नहीं हो पाता है जबकि फरवरी में यह खत्म अवश्य कर दिया जाता है।

खेल विभाग ने इस बार तय समय से समय से खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू करने की बात कही थी, लेकिन लापरवाही के चलते अभी तक शिविर शुरू नहीं हो सके। विभागीय अधिकारियों ने आउटसोर्सिंग प्रक्रिया के तहत कैंप को संचालित करने में दिक्कत आ रही है।

बताते चले कि राजधानी में खेल प्रोत्साहन समिति की देखरेख में अंशकालिक प्रशिक्षकों को 15 हजार रुपये प्रतिमाह का भुगतान कर कैंप संचालित किया गया, लेकिन अन्य जिलों में फरवरी और मार्च माह में खेल गतिविधियां लगभग ठप हो चुकी हैं।

अमन के खेल से द क्रिएटर्स क्लब सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी प्राप्त करते अमन सिंह।

क्वार्टर फाइनल में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब को एक विकेट से हराया

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच अमन सिंह (4 विकेट, 40 रन) के आलराउंड खेल से द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे क्वार्टर फाइनल में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब को एक विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

गियर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन निर्धारित 40 ओवर के मैच में टीम 34.3 ओवर में 165 रन ही बना सकी। टीम को शुरू में ही तब झटका लगा जब चौथे ओवर में 18 रन के कुल स्कोर पर शुरुआती दो बल्लेबाज आउट हो गए। इसके बाद 35 रन पर आधी टीम पवैलियन लौट गयी। इस बीच सुधीर सिंह ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब से अमन सिंह ने 7 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट हासिल किए।

जवाब में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने 38 ओवर में 9 विकेट पर 166 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी और शीर्ष दो बल्लेबाज 14 रन के कुल स्कोर पर पवैलियन लौट गए। इसके बाद उतरे अमन सिंह ने 55 गेंदों पर 4 चौके से 40 रन का योगदान किया। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब से शिवा सिंह को दो विकेट मिले। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब के अमन सिंह को मिला। टूर्नामेंट में मंगलवार को पहला सेमीफाइनल कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन व सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी के बीच खेला जाएगा।

13 साल बाद मूल स्कूल लौटेंगी संबद्ध शिक्षिकाएं

नियमानुसार एक साल ही हो सकती है दूसरे स्कूल में संबद्धता

रविशंकर गुप्ता , लखनऊ

> मामला संज्ञान में आने के बाद संबंधित जोन के खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। नियम विरुद्ध संबद्धता है सभी शिक्षिकाओं को उनके मूल विद्यालय में भेजा जायेगा।
>
> -राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी

▶▶ **संबद्ध स्कूल से ही शिक्षिकाएं भर रही थीं मानव संपदा पोर्टल पर अपना ब्योरा**

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिकाएं 13 साल से संबद्ध स्कूल में पढ़ा रही हैं। वहीं से मानव संपदा पोर्टल पर अपना ब्योरा भी भर दिया। वेतन भी संबद्ध स्कूल से ही जारी हो रहा था। मामला पकड़ में आने पर बीएसए ने बीईओ को नोटस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही शिक्षकाओं को मूल विद्यालय में भेजने की तैयारी भी शुरू हो गई है। जल्द ही यह शिक्षिकाएं आपने मूल विद्यालय में भेज दी जाएंगी।

बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक और जूनियर विद्यालय के शिक्षकों को दूसरे स्कूल में संबद्ध करने की अधिकतम समय सीमा एक साल होती है। महानिदेशक ने इस संबद्धता पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद अकेले राजधानी में करीब दो दर्जन शिक्षिकाएं 13 सालों से दूसरे स्कूल में संबद्ध हैं और अब उनका वेतन भी संबद्धता वाले स्कूल से निकल रहा है, जबकि ये विभागीय नियमावली के अनुसार नहीं है। नियमानुसार, शिक्षिकाओं को संबद्धता का समय पूरा होने पर मूल स्कूल में भेजा जाना चाहिए था। लेकिन शिक्षिकाओं ने ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर संबद्ध स्कूल से ही अपना ब्योरा अपलोड करवाया है। इस पर अधिकारियों ने भी ध्यान नहीं दिया और सभी का वेतन नियम विरुद्ध निकलता रहा है।

नगर क्षेत्र में बड़े स्तर पर हुआ खेल : लखनऊ में नगर निगम के हिसाब से 8 जोन हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में अपने कार्यक्षेत्र को चार जोन में विभाजित किया है। चारों जोन में शिक्षकों को मूल तैनाती वाले विद्यालय से दूसरे विद्यालयों में संबद्ध किया गया। 2011 में इनकी संबद्धता हुई थी। 13 साल बाद खोजबीन शुरू होने पर विभाग की खामी सामने आई है।

खंड शिक्षा अधिकारियों से मांगा जवाब : नगर क्षेत्र के चारों जोन के खंड शिक्षा अधिकारियों से मंडलीय सहायक शिक्षक निदेशक के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने जवाब तलब किया है। अब बीईओ को जांच करके रिपोर्ट देनी होगी। इसके बाद संबद्ध शिक्षकाओं की मूल विद्यालयों में वापसी शुरू हो जायेगी।

ये शिक्षिकाएं 13 साल से हैं संबद्ध

- ▶▶ अर्चना सिंह तैनाती विद्यालय प्राथमिक तेलीबाग, संबद्ध गाजीपुर बस्तौली
- ▶▶ अर्चना श्रीवास्तव तैनती प्राथमिक विद्यालय घोसियाना, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय चिनहट
- ▶▶ आरती तैनाती प्राथमिक विद्यालय स्कूट इंडिया, संबद्ध खरगपुर फरीदीनगर
- ▶▶ प्राची मिश्रा तैनाती प्राथमिक विद्यालय पारा, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय भरवारा प्रथम
- ▶▶ गीतांजलि तैनाती प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर बलराम, संबद्ध गाजीपुर बस्तौली
- ▶▶ अलका गौड़ तैनाती प्राथमिक विद्यालय अमरई गांव, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय सिंकदरपुर
- ▶▶ अर्चना गुप्ता तैनाती प्राथमिक विद्यालय गोसाईगंज, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय गौराबाग
- ▶▶ अर्चना शुक्ला तैनाती प्राथमिक विद्यालय झाऊलाल, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय पानी गांव
- ▶▶ शर्मिला मिश्रा तैनाती प्राथमिक विद्यालय केसरीखेड़ा संबद्ध उतरठिया जोन 3

लखनऊ विश्वविद्यालय ने रैंकिंग में बढ़ाया मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विषय	भारत रैंक	एशिया रैंक
▶▶ प्राणी शास्त्र	16	244
▶▶ विष विज्ञान	27	153
▶▶ कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान	13	124
▶▶ परमाणु एवं आणविक भौतिकी	25	22

▶▶ **प्रदेश, देश व एशियाई संस्थानों में दर्ज कराई दमदार उपस्थिति**

अमृत विचार : राष्ट्रीय और वैश्विक शैक्षणिक रैंकिंग के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय अपना मान बढ़ा रहा है। एससीआईमैगो इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग, आईआईआरएफ रैंकिंग व यूनिरैंक यूनिवर्सिटी रैंकिंग में उच्च प्रदर्शन के बाद सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की एडुरैंक रैंकिंग- 2024 में उम्दा प्रदर्शन किया है। जो उच्च शिक्षण संस्थानों की एक और प्रतिष्ठित वैश्विक शैक्षणिक रैंकिंग है।

लविवि ने प्रदेश के 79 शैक्षणिक संस्थानों में चौथा स्थान हासिल किया है। देश स्तर पर इसे 876 संस्थानों में से 29वां स्थान मिला है। जबकि 5,830 एशियाई संस्थानों में इसे 454वां स्थान मिला है। एडुरैंक किसी शैक्षणिक संस्थान का मूल्यांकन तीन कारकों के आधार पर करता है। अनुसंधान परिणाम, गैर-शैक्षणिक प्रतिष्ठा और उल्लेखनीय पूर्व छात्रों का प्रभाव। यह दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानों की विषयवार रैंकिंग भी प्रदान करता है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विशेष रूप से निम्नलिखित विषय श्रेणी में अच्छा प्रदर्शन किया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार अध्ययन-अध्यापन के नवीन सिस्टम विकसित कर रहा है। यह शिक्षकों और छात्रों को समावेशी और सकारात्मक वातावरण प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। विवि के शिक्षक अधिक से अधिक शोध निधि और परामर्श परियोजनाएं ला रहे हैं।

सार-संक्षेप

खिलाड़ियों ने बाल तरणताल में शुरू किया अभ्यास

अमृत विचार, लखनऊ : केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तैराकी छात्रावास के 19 प्रशिक्षुओं ने सोमवार से बाल तरणताल में अभ्यास शुरू कर दिया है। अगले दस दिनों में ओलंपिक साइज स्वीमिंग पूल को भी ट्रेनिंग के लिए तैयार कर लिया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी ने बताया कि बड़े पूल को कवर किया जा रहा है। इस दौरान ट्रेनिंग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। गंदे पानी को निकालकर साफ पानी भरने का काम शुरू हो चुका है। 10 अप्रैल से तैराकी छात्रावास के सभी प्रशिक्षुओं को यहां शिफ्ट किया जाएगा।

राज के खेल से मेगा ट्रेंड्स सेमीफाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : राज यादव की सटीक गेंदबाजी की बदौलत मेगा ट्रेंड्स ने प्रथम एमएल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पं. रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर खेले गए क्वार्टर में मेगा ट्रेंड्स ने सीएसडी सहारा अकादमी बीकेटी को 7 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सहारा अकादमी ने सभी विकेट खोकर 195 रन बनाया। जय प्रकाश ने 57 और उत्कर्ष पाण्डेय ने 33 रन की पारी खेली। मेगा ट्रेंड्स की ओर से राज यादव ने शानदार गेंदबाजी की और 3 विकेट चटकाए। मानिक मौर्य को 3 और निशांत यादव को 2 विकेट मिले। जवाब में मेगा ट्रेंड्स ने 3 विकेट खोकर 196 रन बना लिए। विजयी टीम की ओर से सुंदरम त्रिपाठी ने 59 और अरहम खान ने 52 रनों की पारी खेली। राज यादव ने नाबाद 17 रन बनाए।

लखनऊ मेट्रो ने लौटाया यात्री का रुपये से भरा बैग

यात्री को बैग वापस करता कर्मी।

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मेट्रो की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था ने एक बार फिर सुरक्षित यात्री सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। रविवार को एक यात्री सीसीएस एयरपोर्ट से शाम करीब 6 :20 बजे विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के लिए रवाना हुए। 7 :00 बजे 70 हजार रुपयों से भरा बैग मेट्रो में भूलकर यात्री विश्वविद्यालय स्टेशन पर उतर गया। सामान ट्रेन में छूटने का एहसास होने पर यात्री ने विश्वविद्यालय स्टेशन के कंट्रोलर को सूचना दी। यात्री के दिशा-निर्देश पर कंट्रोलर ने बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन की तलाशी करवाई, तो बैग मिल गया। यात्री बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन पहुंचा। वहां 7 :25 बजे उसे सुरक्षित बैग दे दिया गया। मात्र 25 मिनट में बैग सुरक्षित मिलने पर यात्री ने लखनऊ मेट्रो को धन्यवाद देने के साथ कर्मचारियों की सराहना की। लखनऊ मेट्रो का लॉस्ट एंड फाउंड सेल यात्रियों का खोया कीमती सामान लौटाने में आंकडे.का नया कीर्तिमान बना रहा है। लखनऊ मेट्रो की 5 सितंबर 2017 को कामर्शियल सेवाएं शुरू होने के बाद से अब तक लॉस्ट एंड फाउंड सेल ने करीब 38 लाख नकद, करीब 35 लाख की ज्वैलरी, 700 मोबाइल, 170 लैपटॉप यात्रियों को सुरक्षित लौटाए हैं। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने कहा कि मुझे अपनी टीम पर गर्व है जो हर संभव तरीके से जनता की सेवा करने के लिए समर्पित है।

आर्यावर्त बैंक के स्थापना दिवस के मौके पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

आर्यावर्त बैंक ने मनाया 5वां स्थापना दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : लाल बहादुर शास्त्री गन्ना संस्थान में सोमवार को आर्यावर्त बैंक का पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीजीएम नाबार्ड एसके डोरा मौजूद थे। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि ने बैंक कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। वहीं उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने की सलाह दी। आरबीआई डीजीएम राकेश दुबे ने कहा कि आज ही के दिन रिजर्व बैंक का भी स्थापना दिवस है। उत्कृष्ट कार्य के जरिए अलग पहचान बनाई जा सकती है। नाबार्ड डीजीएम उपमा सक्सेना ने कहा कि बैंक के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। आर्यावर्त बैंक के चेयरमैन संतोष एस ने कहा की कर्मचारी अत्यधिक ऊर्जा और जोश से काम कर रहे है। दिन-रात अपनी छुट्टियों की भी परवाह न करके कर्मचारियों ने एनपीए स्तर में कमी लाई। अगले फाउंडेशन डे से पहले आर्यावर्त बैंक को इंटरनेट बैंकिंग एवं अन्य सुविधा ग्राहकों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। समारोह में मथुरा से आए हुए राधा कृष्णा ग्रुप ने कृष्ण की बांसुरी वादन से सारे माहौल को कृष्णमय कर दिया। कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों ने बेहतरीन नृत्य का प्रदर्शन किया। गायन प्रतिस्पर्धा में प्रतिस्पर्धियों द्वारा अद्भुत स्वर लहरी ने मंत्रमुग्ध कर दिया। विजेताओं को अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक संजय चित्रांशी, अरविंद सिंह, रणधीर कुमार एवं समीर देशपांडे ने पुरस्कार किया।

सड़क पर वाहन लावारिश छोड़ा तो होगा चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **सड़क किनारे खड़े वाहन की ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति के पास डीएल होना जरूरी**

▶▶ **नियमों का तीन बार उल्लंघन करने पर निरस्त हो सकता है परमिट, डीएल और पंजीयन**

> शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में धारा 122 और 126 शामिल किया गया है। अब जाम की वजह बने तीन पहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तीन बार उल्लंघन पर परमिट, पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की जाएगी।
>
> -उदयवीर सिंह, आरटीओ प्रशासन लखनऊ

अमृत विचार : सड़क दुर्घटनाओं और जाम की बढ़ती समस्या को देखते हुए एमवी एक्ट को और सख्त कर दिया गया है। अब सड़क पर वाहन लावारिश छोड़ने पर चालान किया जाएगा। सड़क किनारे खड़े वाहन की ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति के पास डीएल होना भी जरूरी होगा। तीन बार चालान होने पर परमिट, डीएल और पंजीयन भी निरस्त किया जा सकता है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर विहिकल एक्ट की धारा 122 और 126 के नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। धारा 122 में सड़क पर वाहन लावारिस छोड़ना और धारा 126 में सड़क किनारे खड़े वाहन की ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति के पास ड्राइविंग लाइसेंस न होना यातायात नियम का उल्लंघन माना जाएगा। अभी तक इन धारा के तहत सिर्फ चालान किये जाते थे। अब नियमों का तीन बार उल्लंघन करने पर परमिट, डीएल और पंजीयन निरस्त भी किया जा सकता है। निरस्तीकरण की कार्रवाई के बाद वाहन चलाने पर तीन माह की जेल और जुर्माना दोनों हो सकता है। यातायात नियमों का उल्लंघन पर जिन दो धाराओं को कार्रवाई के लिए जोड़ा गया है, उनमें तीन पहिया वाहन निशाने पर होंगे।

ठेका गाड़ी का परमिट रद्द होगा : परिवहन विभाग एमवी एक्ट की धारा 86 अंतर्गत अभी तक सड़क पर सिर्फ ठेका गाड़ी पर कार्रवाई करते थे। इनमें ठेका गाड़ी की शर्तों के खिलाफ वाहन संचालन पर परमिट और पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई होती है।

क्या कहती है धारा 122 और 126

▶▶ **मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 122 :** वाहन को खतरनाक स्थिति में सड़क पर छोड़ने या सार्वजनिक स्थान पर रुकने की स्थिति में सड़क का उपयोग करने वाले यात्रियों को खतरा होने के साथ वाहन संचालन में बाधा पहुंचती है।

▶▶ **मोटर वाहन अधिनियम की धारा 126 :** वाहन चलाने वाला कोई भी व्यक्ति वाहन को किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तब तक खड़ा नहीं होने देगा, जब तक कि चालक की सीट पर वाहन चलाने वाले के पास डीएल न हो। चालक की अनुपस्थिति में वाहन सड़क पर खड़ा नहीं किया जा सकेगा।

रेलवे के लखनऊ मंडल के 30 कर्मचारी सेवानिवृत्त

अमृत विचार, लखनऊ : रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 30 रेल कर्मचारी सोमवार को सेवा निवृत्त हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे आरटीजीएस के माध्यम से भेजा जायेगा। यह धनराशि कर्मचारी के खाते में स्वत: क्रेडिट हो जायेगा। इन कर्मचारियों को कुल 9,94,62,409/- का भुगतान किया गया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अमित पाण्डेय ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का स्वागत किया और उनकी रेल सेवाओं के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने प्रत्येक कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया। साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

गुरू वशिष्ठ महाविद्यालय, मनकापुर-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9648469000, 9838989000.

आवश्यकता

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत प्राणि विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र विषयों में महाविद्यालय में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के लिये चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

अर्हता स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55%अंकों सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र। यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीन शैक्षिक मानकानुसार शिक्षकों के चयन की कार्यवाही की जावेगी।

विशेष वेतन यू0जी0सी0/डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन महाविद्यालय कार्यालय करें।

प्रबन्धक

कार्यालय नगर पंचायत सिकन्दरपुर जनपद कन्नौज

पत्रांकः 390/ न0पं0सि0 / नामा0 (2023-24) दिनांक : 27 फरवरी 2024

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0 एक्ट 1916

नामान्तरण सूचना पत्र

नामान्तरण हेतु एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्न है।

1. **क्रेता (प्रार्थी / प्रार्थिनी का नाम)**- अनिल कुमार पुत्र चेतराम
2. **अंकित होने वाले वारिसानों का नाम :** - शून्य
3. **पता** - मो0 सुभाष नगर, सिकन्दरपुर, जनपद कन्नौज।
4. **भवन सं0/सम्पत्ति सं0/सम्पत्ति का प्रकार व पता**- आवासीय प्लाट (मो0 शास्त्री नगर/खेड़ा जगदीशपुर)
5. **विक्रेता/वसीयतकर्ता/दानदेता का नाम :**- चन्द्रकान्त पुत्र राधाचरण
6. **पता :**- मो0 (लोहिया नगर/खेड़ा जगदीशपुर), सिकन्दरपुर जनपद कन्नौज।
7. **भूमि/भवन का क्षेत्रफल :**- 121.50 वर्ग मीटर
8. **उक्त भवन पर अंकित अध्यासी का नाम :**- शून्य
9. **नामान्तरण का आधार**- प्रार्थना पत्र, नोटरी शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत बैनामा, की छायाप्रति।

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की दिनांक से 30 दिवस के भीतर उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति / सुझाव हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य सहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें। निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा एवं पंचायत के अभिलेख में अंकित विवरण की प्रविष्ट के स्थान पर पंचायत में प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं उसके साथ संलग्न साक्ष्यों के आधार पर नामान्तरण / नामांकन / नाम संशोधन की प्रविष्ट पंचायत अभिलेखों में कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर पंचायत उत्तरदायी नही होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिकन्दरपुर, जनपद कन्नौज

ऑटिज्म जागरूकता दिवस | प्रशिक्षण और काउंसलिंग से बढ़ाई जा सकती है पीड़ित बच्चों के दिमाग की क्षमता

एक लाख में एक बच्चा होता है ऑटिज्म से ग्रसित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ऑटिज्म प्रति एक लाख में एक बच्चे को होता है। इसे मेडिकल भाषा में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर कहते हैं। यह एक मानसिक विकास संबंधी डिसॉर्डर है, जिससे बच्चे को बातचीत करने में, पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती हैं। इसे प्रशिक्षण और मरीज व परिजनों की काउंसलिंग करके दिमाग की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। यह कहना है केजीएमयू के मानसिक रोग विभाग के डॉ. आदर्श त्रिपाठी का।

उन्होंने ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया ऑटिज्म एक ऐसी स्थिति है, जिससे बच्चे का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। ऑटिज्म में अलग-अलग बच्चों को अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं, लेकिन कुछ कॉमन लक्षण ऐसे हैं, जो लगभग सभी ऑटिज्म का शिकार हुए बच्चों में दिखाई देते हैं। इन्हें शुरुआती लक्षण भी कहा जा सकता है।

ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में होगी काउंसलिंग : ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल शहर का पहला अस्पताल है जहां ऑटिज्म पीड़ित बच्चे व उनके परिजनों की काउंसलिंग की जाएगी। इसकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गईं है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि ऑटिज्म की काउंसलिंग प्रत्येक शनिवार को मनोचिकित्सक लवकुश की देखरेख में संचालित होगी। बच्चों के लिए व्यायाम के उपकरण भी लवकुश ने ही अस्पताल को निजी खर्च पर उपलब्ध कराए हैं। इसे संचालित करने में डॉ. लवकुश का विशेष योगदान है। डॉ. लवकुश ने बताया कि इसके लिए पीड़ित बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।

इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- 3-4 साल की उम्र होने पर भी नहीं बोलना।
- नजर न मिलाना।
- एक ही शब्द को बार-बार कहना।
- खाने-पीने की कुछ चीजें ही पसंद करना।
- खाने-पीने की कुछ चीजें ही पसंद करना।
- सिर पटकना, पलकें झपकाते रहना, कूदना जैसी हरकतें।

ये करें उपाय

- बच्चे के सामने शोर शराबा व झगड़ा न करें, नहीं तो वह खुद उसे सही समझ कर करने लगता है।
- बच्चे को व्यस्त रखें, अकेला न छोड़ें।
- मोबाईल और टीबी सीमित समय तक ही देखने दें।
- यदि थेरेपी के लिए बच्चा जा रहा है तो भी घर पर भी विशेष की जरूरत है।
- बच्चे को ऐसी चीजों से दूर रखें जिसका दिमाग पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

रुपये लेकर अल्ट्रासाउंड का टोकन बांटने का आरोप, वीडियो वायरल

> रुपये लेकर टोकन बांटने का आरोप बेबुनियाद है। फिर भी वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कराई जाएगी। जिसकी लापरवाही सामने आएगी, उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> - डॉ. अशोक कुमार, सीएचसी प्रभारी

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर सोमवार को अल्ट्रासाउंड कराने आईं महिला मरीजों ने कर्मचारियों पर रुपये लेकर टोकन बांटने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कई मरीजों को बिना जांच के ही लौटना पड़ा। कई मरीजों ने आपत्ति जताते हुए हंगामा भी किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीएचसी प्रभारी ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। मोहनलालगंज सीएचसी में अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। यहां पर आशा बहू ने डॉक्टर पर मारपीट व वसूली का आरोप लगाया था। आशा बहुओं के कार्य बहिष्कार से अफसर बैकफुट पर आ गए। जांच के बाद आरोपी डॉक्टर को हटा दिया गया था। कई माह तक रेडियोलॉजिस्ट न होने से जांच ठप रही। सोमवार सुबह कई महिला मरीज अल्ट्रासाउंड जांच के लिए इंतजार में बैठी रहीं। उनके बाद आए मरीजों की जांच हो गई। इसे लेकर मरीज व उनके तीमारदारों ने रुपये लेकर टोकन बांटने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया।

कार्यालय कानपुर विकास प्राधिकरण (अनुभाग- विक्रय जोन-2)

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश सिंह द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत बैनामों की सत्यापित प्रतियां, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 272, ब्लाक एफ योजना 40 पनकी साइट एण्ड सर्विसेस क्षेत्रफल 41.806 का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भूखण्ड संख्या 272, ब्लाक एफ योजना 40 पनकी साइट एण्ड सर्विसेस क्षेत्रफल 41.806 की फ्री-होल्ड डीड दिनांक 26.08.1998 को श्रीमती रामेश्वरी निगम पत्नी श्री परसादी लाल निगम के पक्ष में निष्पादित की गयी। फ्री-होल्डधारक श्रीमती रामेश्वरी निगम पत्नी श्री परसादी लाल निगम द्वारा भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 08.12.1998 को श्री प्रेम कुमार कुशवाहा व श्री कैलाश नाथ कुशवाहा पुत्रगण श्री सोने लाल कुशवाहा के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्री प्रेम कुमार कुशवाहा व श्री कैलाश नाथ कुशवाहा पुत्रगण श्री सोने लाल कुशवाहा द्वारा भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 08.09.2004 को श्रीमती विद्या देवी पत्नी श्री जगदीश सिंह यादव के पक्ष में निष्पादित किया गया। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार बैनामाधारक श्रीमती विद्या देवी पत्नी श्री जगदीश सिंह यादव की मृत्यु दिनांक 11.12.2021 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 115/एस0टी0-पा0स0प्र0प0-2023 दिनांक 12.10.2023 के अनुसार मृतक स्व0 विद्या देवी पत्नी श्री जगदीश सिंह यादव के निम्नलिखित वारिसान अंकित है :-

क्रम सं0	पारिवारिक सदस्य का नाम	मृतक से सम्बन्ध	उम्र
1.	श्री जगदीश सिंह	पति	उम्र 75 वर्ष
2.	श्री पपीन कुमार	पुत्र	उम्र 52 वर्ष
3.	श्रीमती किरन लता	पुत्री विवा0	उम्र 51 वर्ष

उपरोक्त के अलावा मृतक के अन्य वारिसान न होना बताया गया है। अतः कमांक 2 व 3 पर अंकित वारिसानों द्वारा फोटोयुक्त शपथ पत्र प्रस्तुत कर क्रमांक 1 पर अंकित वारिसान श्री जगदीश सिंह पुत्र स्व0 ज्वाला प्रसाद के पक्ष में अपना हक छोड़ दिया गया है। अतः श्री जगदीश सिंह पुत्र स्व0 ज्वाला प्रसाद के पक्ष में विरासतन नामान्तरण किया जाना है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण एकल विण्डो काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-2)
कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर

अमृत विचार www.amritvichar.com

एक नजर

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे चार घायल

अमृत विचार, निगोहां : निगोंहा थाना अंतर्गत हरिवंश खेड़ा में पुरानी विवाद के चलते दो पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। जिसमें चार लोग जख्मी हो गए। हांलाकि, तहरीर के आधार पर पुलिस सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। हरिवंश खेडा निवासी विजय कुमार ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे गांव के शिवरतन ने भाई राजू और बेटे दीपू ओर लाली के साथ मिलकर लाठी डंडों से उसके पारिवारिक सदस्यों पर हमला कर दिया था। इस मारपीट में उनकी पत्नी रेनू और बेटी पम्मी और बेटा अरुण जख्मी हो गया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि घायलों को उपचार सीएचसी भेज दिया गया।

युवक ने ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाने में एक युवक ने ससुराल पक्ष वालों पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। सहिजना गांव निवासी रामसेवक की शादी मीरा से हुई थी। करीब पांच वर्ष पूर्व पत्नी मायके में रहने लगी है। पीड़ित का आरोप है कि जब वह पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा तब ससुर संतू व पत्नी ने गालियां देकर उसे भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक अनुभव सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पति और बच्चों को छोड़ प्रेमी के साथ महिला फरार

अमृत विचार, मलिहाबाद : संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला लापता हो गयी। महिला के पति ने एक युवक पर भगा ले जाने का शक जाहिर कर नामजद तहरीर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गयी। जिसे पति आसपास व रिश्तेदारी में खोजता रहा। आरोप है कि हरदोई जनपद के अतरौली के सिकन्दरपुर गांव निवासी रवीन्द्र उसकी पत्नी को अपने संग कहीं भाग लेकर गया है।

नाबालिग से दुराचार के आरोपी को उम्र कैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

- स्कूल जाते समय बहला कर ले गया था जंगल

अमृत विचार : स्कूल जाते समय नाबालिग को बहलाफुसला कर उसे जंगल में ले जाकर दुराचार करने के दौरान गिरफ्तार बीबीडी थाने के उत्तरधौना निवासी संजीव रावत उर्फ टहलू को पास्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ साठ हजार रुपए के जमाने की सजा सुनाई है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि आजीवन कारावास जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृतिक जीवनकाल के लिए होगा से दंडित किया जाता है तथा अभियुक्त को दी गई अर्थ दंड की धनराशि में से दस हजार रुपए राजकोष में जमा किया जाएगा एवं शेष पचास हजार रुपए पीड़िता के नाम से किसी राष्ट्रीय बैंक में उसके वयस्क होने तक की अवधि के लिए सर्वाधिक ब्याज योजना में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा किया जाएगा जो उसके वयस्क होने पर प्राप्त होगी। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता अभिषेक उपाध्याय एवं अरुण कुमार ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट वादी द्वारा 10 मई 2022 को बीबीडी थाने पर दर्ज कराई गई थी जिसमें कहा गया कि जब वादी अपने स्कूल में मौजूद था तभी उसकी भांजी का फोन आया कि पीड़िता को कोई उठा कर ले गया है। कहा गया है कि वादी जब स्कूल पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने बताया कि अभियुक्त संजीव रावत उर्फ टहलू बच्ची को लेकर जंगल की तरफ गया है। अदालत को बताया गया कि जब सभी लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो आरोपी टहलू बच्ची को लेटाकर उसके साथ दुराचार करने जा रहा था। इस दौरान लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। बच्ची ने बताया कि आरोपी उसे पैसे का लालच देकर स्कूटी पर बैठकर जंगल में लाया था। घटना स्थल पर गिरफ्तार आरोपी टहलू को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

मंदबुद्धि नाबालिग से दुराचार के आरोपी को 10 साल की सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ : मंदबुद्धि नाबालिग के साथ दुराचार करने के आरोपी मोहनलालगंज थाने के सिसेंडी गांव के रहने वाले अंगनू को अपर सत्र न्यायाधीश शालिनी सागर ने दस वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा है कि अर्थदण्ड की 75 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को बतौर मुआवजा प्रदान की जाएगी। अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले की रिपोर्ट वादी द्वारा 17 दिसंबर 2000 को मोहनलालगंज थाने में दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि 16 दिसंबर को सायं 5 बजे वादी की मंदबुद्धि बालिका को बहला फुसला कर आरोपी अपने घर ले गया जहां पर उसके साथ जबरदस्ती अवैध संबंध बनाया। कहा गया कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे धमकाया कि अगर किसी को घटना के बारे में बताया गया तो वह उसके मम्मी पापा को मार डालेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि शाम को जब उसकी पुत्री घर आई तब उसने घटना के बारे में बताया। इसके बाद मोहनलाल गंज थाने में 17 दिसंबर 2000 को आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

राजू पाल हत्याकांड: 7वें अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

विधि संवाददाता, लखनऊ

- 4 अप्रैल को होगी सजा पर सुनवाई

अमृत विचार : प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के चर्चित पूर्व बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड में 29 मार्च को सजा पर सुनवाई के समय गैर हाजिर रहे सातवें अभियुक्त इसरार अहमद ने सीबीआई की विशेष अदालत में आत्म समर्पण कर दिया है। अदालत ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेजते हुए 4 अप्रैल को सजा के प्रश्न पर सुनने के लिए जेल से तलब किया है।

उल्लेखनीय है कि 29 मार्च को अदालत ने मामले के आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुल हसन व फरहान को हत्या,हत्या के प्रयास एवं विधि विरुद्ध जमावड़ा के आरोप में उम्र कैद की सजा के साथ-साथ प्रत्येक को 1 लाख 90 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई थी जबकि दोषसिद्ध आरोपी इसरार अहमद के अदालत में मौजूद न होने के कारण उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। सोमवार को आरोपी इसरार अहमद ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में आत्म समर्पण किया जिसे अभिरक्षा में लेने के बाद अदालत ने कहा है कि सजा के प्रश्न पर अभियुक्त को सुना जाना है।

पत्रावली के अनुसार 25 जनवरी 2005 को इलाहाबाद पश्चिम से बसपा विधायक राजू पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस गोलाबारी में देवीपाल एवं संदीप यादव की भी मौत हो गई थी तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना की रिपोर्ट राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने थाना धूमनगंज में दर्ज कराई थी जिसमें अतीक अहमद उसके भाई अशरफ उर्फ खालिद आदिम को भी नामजद किया गया था। पूजा पाल की ओर से इस मामले में अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बहस की। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने इस हत्याकांड मामले की जांच सीबीआई को सौंप दिया था जबकि पहले इस मामले की विवेचना स्थानीय पुलिस व बाद में सीबीसीआईडी कर रही थी। सीबीआई ने विवेचना के बाद अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या की साजिश रचना व आईपीसी की अन्य धाराओं तथा आर्म्स एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

दोबारा लिया बजट फिर किया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रवृत्ति से कोई पात्र वंचित न रहे इसके लिए पुनर्विनियोग के तहत मांगा बजट
- प्रदेश में सामान्य वर्ग के दो लाख छह हजार छात्रों को किया गया भुगतान

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग की सक्रियता के कारण इस बार छात्रों को छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं होना पड़ा। छात्रवृत्ति योजना में बजट की कमी आने पर पुनर्विनियोग के तहत धनराशि की व्यवस्था करके सामान्य वर्ग के दो लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्री और पोस्ट मैट्रिक्स छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रदेश में सामान्य वर्ग के लगभग दो लाख छह हजार छात्र-छात्राएं बजट खत्म होने के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हो रहे थे। विभागीय अधिकारियों ने पात्र छात्रों को लाभान्वित करने के लिए पुनर्विनियोग के तहत 269 करोड़ रुपये की मांग की। धनराशि मिलने के साथ ही वित्तीय वर्ष समाप्त होने से दो दिन पहले छात्रों के खाते में धनराशि भेज दी। वहीं दूसरी ओर पोस्ट मैट्रिक्स के तहत जो छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकें हैं उनके लिए पोर्टल 26 अप्रैल से तीन मई तक के लिए खोला जाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्र स्वयं और कॉलेज से विवरण का मिलान कराकर तभी अग्रसारित कराएं ताकि उनको योजना का लाभ मिल सके।

गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के बीना स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या -03 पर वाशेवल एप्रोन के निमार्ण के परिप्रेक्ष्य में गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का निरस्तीकरण, बीना स्टेशन पर दिये गये ठहराव का निरस्तीकरण और ठहराव समय में कमी की गई है।

ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त-

गोरखपुर से 04, 11, 18, 25 अप्रैल, 02 और 09 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

ओखा से 07, 14, 21, 28, अप्रैल, 05 और 12 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

सूरत से 05, 12, 19, 26 अप्रैल, 03 और 10 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

मुजफ्फरपुर से 07, 14, 21, 28 अप्रैल, 05 और 12 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 19054 मुजफ्फरपुर- सूरत एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

पुणे से 09, 16, 23, 30 अप्रैल और 07 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 11407 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

लखनऊ जं. से 11, 18, 25 अप्रैल, 02 और 09 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 11408 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

पावर ब्लॉक के चलते राप्ती-सागर समेत कई ट्रेनें प्रभावित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ जं.-मानक नगर एवं ऐशबाग-मानक नगर के मध्य सीमित ऊंचाई के सब-वे (आरओबी) के डिस्मेन्टल किये जाने को लेकर यातायात एवं पावर ब्लॉक लिया गया है। इससे कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन, नियंत्रण, रि-शिड्यूलिंग, शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा।

मल्हौर-लखनऊ-मानक नगर के रास्ते चलेंगी ये ट्रेनें- गोरखपुर से 04, 05 एवं 07 अप्रैल को चलने वाली 12511 गोरखपुर-कोचुवेली राप्ती-सागर एक्सप्रेस, कोचुवेली से 02 एवं 03 अप्रैल को चलने वाली 12512 कोचुवेली-गोरखपुर राप्ती-सागर एक्सप्रेस,- गोरखपुर से 04 अप्रैल को चलने वाली 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस, यशवंतपुर से 03 अप्रैल को चलने वाली 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस, छपरा से 05 अप्रैल, को चलने वाली 22531 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस, गोरखपुर से 06 अप्रैल को चलने वाली 12591 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर से 08 अप्रैल को चलने वाली 22533 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस, बरौनी से 08 अप्रैल को चलने वाली 12521 बरौनी-एर्णाकुलम एक्सप्रेस

नियंत्रण- ट्रेन नंबर 12107 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सीतापुर एक्सप्रेस 04 अप्रैल को उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर 110 मिनट, ट्रेन नंबर 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 07 और 09 अप्रैल को उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर 25 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गेम टीचर दोषसिद्ध

अमृत विचार लखनऊ : स्कूल में पढ़ने आई नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी स्कूल के गेम्स टीचर मोहम्मद फ़ैज़ ख़ान को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने पाँच साल की क़ैद और सात हज़ार रु के जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट में सरकारी वकील सुखेन्द्र प्रताप ने कहा कि वादी ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री कक्षा चार में पढ़ती है और 7 जनवरी 2015 को नाबालिग पढ़ने स्कूल गई थी जहां गेम्स टीचर फ़ैज़ ख़ान ने आवास पर नाबालिग को ज़बरदस्ती चूमा और उसके साथ ग़लत तरीक़े से छेड़छाड़ किया और नाबालिग के विरोध पर जानमाल की धमकी दी।

होली मिलन समारोह में मौजूद महिला व्यापारी। अमृत विचार

होली मिलन समारोह में जुटीं महिला व्यापारी

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ व्यापार मण्डल इकाई की राजाजीपुरम परिक्षेत्र की महिला इकाई ने सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें लखनऊ व्यापार मण्डल के महामंत्री उमेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता रूपाली श्रीवास्तव ने की। मंच का संचालन वरिष्ठ महामंत्री शिखा मिश्रा ने किया। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल का टीका लगा शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़कर हिस्सा ले रही हैं। यहां तक कि महिलाएं व्यापार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। ऐसे में व्यापार की और महिला कारोबारी की सुरक्षा नितांत आवश्यक है। महिला व्यापारियों की समस्याएं उठाने के लिए महिला व्यापार मण्डल का गठन जरूरी था। इकाई बनने के बाद महिला कारोबारियों ने उनकी समस्याएं उठाना शुरू की हैं। पर्व मनाने सभी महिलाएं एक साथ एकत्र हुई हैं।

नर्सिंग शिक्षक लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 18 अभ्यर्थी महानिदेशालय में तलब

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी व स्वशासी नर्सिंग कॉलेजों में संविदा पर विभिन्न पदों पर शिक्षकों की भर्ती मामले में एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वालों में, लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 18 अभ्यर्थियों को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय(डीजीएमई) कार्यालय में बुलाया गया है। ये अभ्यर्थी दो अप्रैल, मंगलवार को पहुंचेंगे। इन अभ्यर्थियों की वजह से ही लिखित परीक्षा के बाद 18 से 22 मार्च तक प्रस्तावित साक्षात्कार मध्य में ही निरस्त कर दिये गये थे।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा सोमवार को जारी सूचना में अवगत कराया गया कि नर्सिंग शिक्षक के पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में कई ने कई पदों के लिए आवेदन किया था, उन्हें अलग-अलग पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र भी जारी किये गये थे, परंतु आवेदकों ने एक ही प्रवेश पत्र डाउन लोड किया था। जिसकी वजह से विभाग को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थिति स्पष्ट करने के लिए परीक्षा में उत्तीर्ण 18 अभ्यर्थियों को मेल कर महानिदेशालय बुलाया गया है। दरअसल, चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा नर्सिंग संस्थानो में एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर तथा ट्यूटर के पदों पर संविदा पर नियुक्ति के लिए पूर्व में आवेदन मांगे गए थे।

सार-संक्षेप

जानकीपुरम, बीकेटी व इंदिरानगर में सात निर्माण सील

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में हो रहे अवैध निर्माण के विरुद्ध लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को अभियान चलाकर जानकीपुरम, बीकेटी व इंदिरानगर में सात निर्माण सील कर दिए। कई निर्माण पूरी तरह बनकर तैयार हो जाने के बाद सील किए गए हैं। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन 5 राजकुमार ने बताया कि रामनरेश मिश्रा व अन्य द्वारा जानकीपुरम में नहर रोड पर सीता विहार फेज-1 में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। अभिषेक वर्मा द्वारा नहर रोड पर त्रिशा ट्रेडर्स के बगल में दुकानों का निर्माण, रतन लाल द्वारा जानकीपुरम के सेक्टर एफ में भूखण्ड संख्या-बी-2/134 पर व्यावसायिक उपयोग के लिए दो मंजिला बिल्डिंग का निर्माण कराया गया था। नितेश यादव द्वारा बीकेटी थानाक्षेत्र में भैसामऊ क्रासिंग के आगे दुकानें व हॉल का निर्माण, कुसुम सिंह व अन्य द्वारा इंदिरानगर में जरहरा रोड पर जी ट्रेडर्स के सामने बड़े भूखण्ड पर तीन मंजिला भवन का निर्माण और हिमांशु कुमार व विकास द्वारा ग्राम-जरहरा में अलग-अलग स्थानों पर रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे इन निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता के नेतृत्व में अवर अभियंताओं ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से उक्त निर्माण सील कर दिए।

भारतीय किसान यूनियन ने दिया कांग्रेस को समर्थन

राज्य ब्यूरो अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में भारतीय किसान यूनियन (अम्बावत ग्रुप) ने सोमवार को कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अम्बावता नई समर्थन देने की बात कही। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय मौजूद थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि किसान अन्नदाता ही नहीं बल्कि भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। मोदी सरकार ने हर पग पर किसानों को छला है। यह पहली सरकार है जिसने किसानों को रोकने के लिए सड़कों पर कीले बिछा दीं, उन पर लाठियां और गोलियां बरसाईं। पिछली बार जब तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ किसान सड़कों पर रहा तब लगभग आठ सौ किसान इस बर्बर सरकार से लड़ते हुए शहीद हो गये थे। उन्होंने कहा कि किसान मोदी सरकार का सच जान चुका है और अब वह अपनी पूरी ताकत से इस निरंकुश सरकार को सबक सिखाकर मानेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जमींदारी उन्मूलन से लेकर चकबंदी तक और खतौनियों को कंप्यूटरीकृत कराने से लेकर कर्ज माफी तक कांग्रेस सरकार हमेशा किसानों की हितैषी रही है। हम एक बार पुन: अपनी किसान न्याय गारंटी के माध्यम से देश के अन्नदाताओं को उनका हक उनका सम्मान दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम को राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया

निर्माण कार्य दिखावटी या अल्प अवधि के लिए न हों

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रयागराज महाकुंभ मेला-2025 के मद्देनजर सख्त हिदायत दी है कि जो भी निर्माण कार्य हों वे दिखावटी या अल्प अवधि के लिए न हों। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों की प्रकृति दीर्घकालिक होनी चाहिये, ताकि निर्मित होने वाले घाट इत्यादि कई सालों तक स्थापित रहें।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में प्रयागराज महाकुंभ मेला की शीर्ष समिति की आठवीं बैठक हुई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने होने वाले महाकुंभ में सड़क, बिजली, पानी, पुल, घाट, और नदी के किनारे की सड़कें और सीवरेज आदि स्थायी प्रकृति के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरे कराने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा, निर्माणाधीन परियोजनाओं की जियो-टैग, ऐप या डैशबोर्ड के माध्यम से रियल टाइम मानिटरिंग की जाए और सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूरे हों। बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्य कर नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, मेला अधिकारी विजय किरन आनंद समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

अलीगढ़ सीट पर हितेंद्र उपाध्याय होंगे बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : बसपा ने सोमवार को अलीगढ़ सीट पर प्रत्याशी बदल दिया है, पूर्व में घोषित एआईएमआईएम नेता गुफरान नूर की जगह अब हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी घोषित किया गया है। बसपा ने सीट पर ब्राम्हण चेहरे को तवज्जों दी है, इससे तरह-तरह के मायने निकाले जा रहे हैं। यह जानकारी बसपा जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्रा द्वारा अधिकारिक रूप से दी गई है। उन्होंने बताया कि बंटी उपाध्याय तीन अप्रैल को घंटाघर पार्क से नामांकन करने कलेक्ट्रेट जाएंगे।

रोटरी क्लब के होली मिलन में रही फूलों की होली की धूम

अमृत विचार, लखनऊ : रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ने सोमवार को रोटरी कम्युनिटी सेंटर निराला नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली। मधुर संगीत, राम दरबार व फूलों की होली में लोग भाव विभोर हो गये। इस अवसर पर प्रेसिडेंट संगीता मित्तल, सेक्रेटरी अंजना अग्रवाल, नव निर्वाचित प्रेसिडेंट विनोद चांदिरमानी, प्रवीण मित्तल, नरेश अग्रवाल, अशोक टंडन, अशोक भार्गव, गणेश अग्रवाल, स्तुति, अमिता टंडन, रजनी, शैलजा, ज्योति, मनीष, कंचन, विनीता व विनोद तैलंग सहित 100 से अधिक सदस्य मौजूद रहे।

14 से मायावती शुरू करेंगी चुनावी रैली

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती, 14 अप्रैल, भीम राव आंबेडकर जयंती के दिन से लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान शुरू करेंगी। अभियान की शुरूआत सहारनपुर और मुजफ्फरनगर की रैली से होगी, इन सीटों पर 19 अप्रैल को प्रथम चरण में मतदान होना है। इसके पहले 7-8 अप्रैल को नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी सहारनपुर में प्रचार करेंगे। चुनावी प्रक्रिया से दूर मायावती ने बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में रैली संबोधित करने की हरी झंडी दे दी है, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में केक काटकर आंबेडकर जयंती मनाई जाएगी और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। रैली के माध्यम से सहारनपुर सीट पर प्रत्याशी माजिद अली के रूप में बसपा की बादशाहत बरकरार रखने का प्रयास करेंगी। वहीं, पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि मायावती के चुनाव प्रचार अभियान संबन्धी अधिकारिक सूचना पार्टी द्वारा नहीं दी गई है।

प्रदेश में भगवामय, भाजपामय और मोदीमय माहौल: ब्रजेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री की प्रेस कांफ्रेंस, कहा-मोदी की पूरे देश में लहर

अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पूरे प्रदेश में माहौल भगवामय, भाजपामय और मोदीमय है। देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर चल रही है। मोदी के नेतृत्व में इस बार 400 पार का आँकड़ा बीजेपी अवश्य पार करेगी। अबकी बार जनता उन्हें चुनने का मन बना चुकी है।

श्री पाठक ने सोमवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रथम चरण का नामांकन ख़त्म हो चुका है, दूसरे चरण का नामांकन चल रहा है। उप्र. में प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी ताजपोशी के लिए एकतरफ़ा लहर है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन गुमराह कर रहा है। भ्रष्टाचारी घमंड से अपने भ्रष्टाचार को प्रमाणित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि 'भ्रष्टाचार हटाओ', मगर इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि 'भ्रष्टाचारी को बचाओ।

उन्होंने कहा कि जिसने देश को लूटा है, उसे तो लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। ये घोटालेबाजों की बारात है, जहां सब देश को लूटना चाहते हैं।

फितरा अदा करने में देरी करना जायज नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कार्यालय आयतुल्लाह अल उजमा सैयद सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा विभिन्न धार्मिक मुद्दों पर पूछे जा रहे सवालों के जवाब 21 रमजान को मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने दिए।

इस हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर संपर्क कर रोजा, नमाज और अन्य धार्मिक मुद्दों पर होने वाली जिज्ञासाओं के बारे में सवाल पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के लिए हेल्पलाइन का नम्बर 6386897124 दिया गया है।

हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने सवाल पूछा कि यदि कोई मुस्लिम व्यक्ति दिन में किसी होटल में लोगों के सामने खाना बेचता है तो इस संबंध में इस्लाम का क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि इस्लाम में इस कार्य को जायज बताया गया है, लेकिन मुसलमान के लिए यह जरूरी है कि रमजान का सम्मान करे।

एक व्यक्ति ने सवाल किया कि कसीर उस-सफर का पैमाना फिक्हे जाफरी के अनुसार क्या होगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति एक महीने में 10 दिनों से अधिक वतन से बाहर रहता है तो उसे कसीर उस-सफर के रूप में गिना जाएगा और नमाज और रोजा कसर नहीं होंगे। एक सवाल आया कि क्या फितरा की अदायगी में देरी करना कि इसे कुछ दिनों के बाद निकालेंगे जायज है ? इसके जवाब में बताया गया कि फितरा अदा करने में देरी करना जायज नहीं है।

हेल्पलाइन पर पूछा गया कि शब-ए-कद्र किन रातों को कहा जाता है ? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि शब-ए-कद्र हजार महीनों से बेहतर है। 19, 21 और 23 रमजान की रातों में से किसी एक को कहा जाता है, इसलिए हमें तीनों रातों मे इबादत करने का आदेश दिया गया है, ताकि हमें असल शबे कद्र मिल सके। तकदीर में हज का फैसला शबे कद्र में होता है।

गांव-गांव चुनाव पाठशाला बढ़ाएगी मतदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिले में हर शनिवार मतदान केंद्रों पर लगेगी पाठशाला
- मतदान केंद्र को बनाया जाएगा निर्वाचन साक्षरता केंद्र

अमृत विचार : जिले में ग्रामीण मतदाताओं को जोड़ने और मतदान फीसद बढ़ाने के लिए हर शनिवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक गांवों में चुनाव पाठशाला (चुनाव के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब) लगेगी। ग्राम पंचायतों में बने मतदान केंद्रों को निर्वाचन साक्षरता केंद्र बनाया जाएगा। ''हर वोट महत्वपूर्ण है, कोई मतदाता न छूटे'' आयोजन का मकसद है। पाठशाला की अध्यक्षता बेसिक शिक्षा के प्रधानाध्यापक करेंगे। जो मतदाताओं को उनके बूथ की जानकारी देने के साथ 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। बीएलओ, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सफाईकर्मी मतदाताओं को एकत्र कर पाठशाला में लाएंगे। पंजीकरण कराने के साथ ईवीएम व वीवीपैट प्रयोग करने से लेकर मतदान की पूरी प्रक्रिया बताई जाएगी। इसमें युवा मतदाताओं को जोड़ने पर जोर रहेगा। पाठशाला में प्रधान आम नागरिक की तरह शामिल होंगे।

ये बने नोडल अधिकारी

- जिला स्तर : डीडीओ व डीपीआरओ
- ब्लॉक पर : बीडीओ व एडीओ
- ग्राम पंचायत : ग्राम विकास अधिकारी व पंचायत अधिकारी
- बूथ पर : बीएलओ

> मुख्य विकास अधिकारी की यह पहल है। इससे जागरूकता आएगी और मतदान फीसद बढ़ेगा। जो कमियां हैं वह दूर करेंगे। पाठशाला की रूपरेखा तैयार कर विभागों को जिम्मेदारी सौंप दी है।
> – हिमांशू शेखर ठाकुर, जिला पंचायत राज अधिकारी

कम मतदान फीसद के कारणों पर होगी चर्चा-पाठशाला में बीएलओ मतदाताओं के सूची में नाम की पुष्टि करेंगे। इससे मतदाताओं का रुझान भी पता चलेगा। जिनके नाम नहीं उनकी जानकारी होने पर फार्म छह भरकर जोड़ेंगे। मतदाता सूची व पूर्व चुनाव में कम मतदान फीसद के कारणों पर चर्चा की जाएगी और सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। मतदान का संदेश देने के लिए रैली निकलेगी। चुनावी गीत, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, शपथ पत्र भरवाना, कहानी, गतिविधियों का पुनरावृत्ति, पुरस्कार, लोक कलाओं व खेल के माध्यम से जागरूकता लाई जाएगी।

मतदाताओं को जागरूक करेगा ट्रेड यूनियन

ट्रेड यूनियन भी मतदाताओं को जागरूक करेगा। इस संबंध में सोमवार को विकास भवन में सीडीओ अजय जैन ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मतदान बढ़ाने पर जोर दिया। सदस्यों से कहा कि मतदाता सूची में नाम देखा जा सकता है। अभी मतदाता बनने का मौका है। मतदाताओं को जागरूक करें और मतदान केंद्रों तक पहुंचाएं।

नियामक आयोग पहुंचा स्मार्ट मीटर में चाइनीज उपकरण लगाने का मामला

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: बिजली कंपनियों ने भारत सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के विपरीत प्रदेश में लगने वाले तीन करोड़ स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर चाइनीज कॉम्पोनेंट लगाने के लिए जीटीपी अनुमोदन किया है। जिसका संज्ञान लेते हुए उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को मामले को विद्ययुत नियामक आयोग के समक्ष उठाया।इसके साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश में 25000 करोड़ की लागत वाले लगभग 3 करोड़ स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर लगने वाले कंपोनेंट में चाइनीज कॉम्पोनेंट शामिल कर जीटीपी अनुमोदित करने के मामले में एक नया मोड़ आ गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विद्ययुत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर जनहित प्रस्ताव सौंपते हुए यह मुद्दा उठाया। उन्होंने आगे बताया कि पूर्व में विद्ययुत नियामक आयोग की ओर से अनुमोदित रोल आउट प्लान के तहत स्मार्ट मीटर की परियोजना एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने टेक्निकल पैरामीटर के खिलाफ काम करने पर यह योजना पूरी तरह फ्लाप साबित हुई है।

पूरे विश्व में हो रही है अयोध्या की चर्चा : शिव प्रताप

प्रेस वार्ता

▸▸ हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करते हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला व विदेशी पर्यटकों के साथ अयोध्या पहुंचे अनूप जलोटा। अमृत विचार

अमृत विचार : पूरे विश्व में आज अयोध्या की चर्चा हो रही है। अयोध्या के भाग्य अब जागने वाले हैं। रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। अयोध्या या अन्य स्थान जो उत्तर प्रदेश में हैं वह यहां की जीडीपी को बढ़ाने का काम कर रहे हैं, जिस प्रकार से लोगों का भाव है। राम मंदिर से इकोनॉमी पर भी फर्क पड़ रहा है लेकिन अभी यह चर्चा नहीं की जा सकती क्योंकि चुनाव चल रहा है।

ये बातें सोमवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहीं। वो रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। अपने जन्मदिन के मौके पर अयोध्या पहुंचे राज्यपाल ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद रामलला का दर्शन-पूजन किया। राज्यपाल ने कहा कि यह जरूर कहा जा सकता है कि जो सबको देता है, वह उत्तर प्रदेश को भी देगा। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद पहले दिन चढ़ावे को लेकर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने कहा कि रामलला के भव्य मंदिर में विराज होने के बाद जो चढ़ावा चढ़ा, उसका प्रभाव प्रदेश के जीडीपी पर नजर आएगा। वो गोरखपुर के लिए रवाना हो गए।

पर्यटकों की पहली पसंद बनी राम नगरी : अनूप जलोटा

अयोध्या, अमृत विचार : विश्व भर के पर्यटकों की पहली पसंद अब अयोध्या और दूसरी काशी विश्वनाथ हो गई है। कभी पहली पसंद रहने वाला ताजमहल अब तीसरी पसंद हो गया है। यह दावा सोमवार को प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने किया। वह साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और थाईलैंड सहित कई देशों के 45 पर्यटकों के साथ अयोध्या पहुंचे थे। सभी के साथ रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और देश में रचनात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जोड़ी राम और लक्ष्मण की जोड़ी है।

दो को चार साल की जेल व एक हजार का जुर्माना

बाराबंकी, अमृत विचार : साल 2019 में 40 क्विंटल सरिया चोरी करने की सजा चार साल के कारावास व एक-एक हजार रुपये के जुर्माने का कारण बनी। न्यायालय ने दो आरोपियों को सोमवार को सजा सुनाई। मामला लोनी कटरा थाना क्षेत्र का है। गोसाईंगंज लखनऊ निवासी अम्बिका प्रसाद वर्मा ने गुड्डू निवासी जनपद उन्नाव व जयमंगल निवासी बिहार जनपद मुजफ्फरपुर के खिलाफ 40 क्विंटल सरिया चोरी कर ले जाने का केस दर्ज कराया था। तत्कालीन विवेचक ने साक्ष्य संकलित कर न्यायालय में प्रस्तुत किए। मामले में शीघ्र सजा सुनाए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर बनी मानीटरिंग सेल ने तेज पैरवी करते हुए ठोस सबूतों और गवाहों को न्यायालय के सामने रखा। सबूतों व गवाहों को ध्यान में रखकर न्यायालय ने सोमवार को गुड्डू और जयमंगल को 4 साल की जेल व 1-1 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सार-संक्षेप

ओवरब्रिज से नीचे गिरी कार, दो दोस्तों की मौत

कानपुर, अमृत विचार : हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में शिवाजी स्कूल के पास सोमवार दोपहर हाईवे पर तेज रफ्तार ईको स्पोर्टस कार डिवाइडर से टकराने के बाद रेलिंग तोड़कर ओवरब्रिज से 15 फीट नीचे सर्विस लेन पर गिर गई। उसमें बैठे दो दोस्तों की मौत हो गई और तीसरा भी घायल हो गया। तीनों दोस्त राजस्थान स्थित मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने के लिए निकले थे। उर्सला कैंपस निवासी 27 वर्षीय शिवाजीत वर्मा वार्ड ब्यॉय के साथ-साथ अलमारी का काम भी करता था। चचेरे भाई शुभम ने बताया कि वह गाजीपुर के नंबर की ईको स्पोर्ट्स कार लेकर अपने दो दोस्तों श्यामनगर निवासी 38 वर्षीय चंदन रघुवंशी और आवास विकास हंसपुरम निवासी स्टेट बैंक आईआईटी में मैनेजर रणविजय के साथ मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में शिवाजी स्कूल के पास ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए रेलिंग तोड़कर सीधे 15 फीट नीचे गिर गई। उसमें बैठे तीनों दोस्त क्षतिग्रस्त कार में दब गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को निकालकर अस्पताल भिजवाया। हैलट में शिवाजीत और चंदन रघुवंशी को मृत घोषित कर दिया गया। रणविजय को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीसीएस जे की तैयारी कर रहे वकील ने फांसी लगा जान दी

कानपुर, अमृत विचार : कर्नलगंज थानाक्षेत्र के मकराबर्टगंज में पीसीएस जे की तैयारी कर रहे एक अधिवक्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार तड़के उनका शव घर के बाहर पेड़ से लटका मिला। मकराबर्टगंज स्थित शनिदेव मंदिर के सामने हाता नंबर तीन निवासी 32 वर्षीय अधिवक्ता कपिल कुमार का शव घर के बाहर लगे सहजन के पेड़ से चादर के सहारे फंदे से लटका मिला। भाई संजय के अनुसार वह कानपुर कोर्ट में वकालत करते थे। बीते तीन वर्ष से पीसीएस जे की तैयारी भी कर रहे थे। बताया कि 10 अप्रैल को उनका जयपुर में पेपर था। जिसके चलते वह देर रात तक पढ़ाई करते थे। रविवार रात करीब तीन बजे संजय पानी पीने के लिये उठे तो कपिल को बिस्तर पर नहीं दिखा। आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो वह बाहर निकले। घर के बाहर लगे पेड़ के सहारे उसे लटका देख वह चीख पड़े। उनकी शादी नहीं हुई थी। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके हैं, मोबाइल कब्जे में लिया गया है।

किशोरी का अपहरण, तीन सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

चित्रकूट, अमृत विचार : कोतवाली थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक पीड़ित ने अपनी 17 वर्षीय किशोरी पुत्री का अपहरण कर बहला-फुसलाकर साथ ले जाने व सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। हालांकि, पुलिस ने मामले में अपहरण और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में गांव के तीन सगे भाइयों संजय, रामरतन और रतनवा पर रिपोर्ट दर्ज की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने मामले में मनमाने तरीके से रिपोर्ट दर्ज की है जबकि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। इस मामले में उसने जिले से बाहर जा चुके एक पुलिस अधिकारी व तीन पुलिसकर्मियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के पिता के अनुसार 23 फरवरी को सुबह 4 बजे आरोपी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। आरोप है कि संजय और उसके दोनों भाइयों ने सीतापुर के एक होटल में ले जाकर एक हफ्ते तक रखा और गैंगरेप किया।

गैंगस्टर और उसकी पत्नी की 2.11 करोड़ की संपत्ति कुर्क

मौदहा (हमीरपुर), अमृत विचार : गैंगस्टर के मामले में कस्बे के हुसैनगंज निवासी एक व्यक्ति व उसकी पत्नी के नाम दो करोड़ 11 लाख की संपत्ति जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कुर्क की गई है। इन परिसंपत्तियों की संख्या करीब 16 बताई जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के परछा गांव निवासी सर्फुद्दीन उर्फ बुद्धू प्रधान, उसके भाई मोइनुद्दीन जुम्मू तथा आफताब सहित अन्य पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। अब इनके साथ गिरोह बनाकर अवैध तरीके से धन अर्जित करने के मामले में साथी कस्बे के हुसैनगंज निवासी सईद अहमद उर्फ बल्लू साइकिल वाले तथा उसकी पत्नी साबरा के नाम 16 परिसंपत्तियां कुर्क की गई है। जिनकी कीमत 2 करोड़ 11 लाख से अधिक आंकी गई है। सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर मलिकुआं चौराहे के निकट बल्लू उर्फ सईद के साइकिल की दुकान व उसके भवन व पत्नी साबरा के नाम की अन्य दुकाने कुल 16 परिसंपत्तियों को कुर्क कर सील कर दिया गया।

हमीरपुर में तालाब में नहाने गए 3 बच्चों की डूबने से मौत

कुनेहटा गांव में हुई घटना, परिजनों व गांव में छाया मातम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

सीएचसी में रोते-बिलखते बच्चों के परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार : थाना बिवांर के कुनेहटा गांव में सोमवार दोपहर करीब एक बजे तालाब में नहा रहे तीन बच्चे तैरते हुए गहरे पानी में चले गए जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। बच्चों को ग्रामीण सीएचसी ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना से गांव में मातम का माहौल है। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

बिवांर थानाक्षेत्र के कुनेहटा गांव निवासी मोहित (12) पुत्र नन्हू वर्मा, विक्की श्रीवास(12) पुत्र भगवानदीन और दीपांशु वर्मा (10) पुत्र मुन्ना वर्मा सोमवार को दोपहर में गांव के बाहर स्थित तालाब में नहाने के लिए गए थे। वे तैरते हुए गहरे पानी में चले गए। तीनों बच्चे तालाब के कीचड़ में बुरी तरह से धंस गए। इस वजह से उनकी मौत हो गई। मोहित का शव पानी में उतराने लगा। जिसे आसपास के लोग तालाब से निकाल कर कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक बालक की मौत के काफी समय बाद जब परिजनों ने दो अन्य बच्चों की तलाश की तो उनका कहीं सुराग नहीं लगा। इसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में उतर कर बच्चों की तलाश शुरू की तो एक- एक कर दोनों के शव भी तालाब में मिले। दोनों कीचड़ में बुरी तरह से फंस चुके थे। उन्हें भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मोहित के परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए और एसडीएम राजेश चंद्र सहित अन्य के कहने पर वह भी तैयार हो गए।

शादी का झांसा देकर महिला को बेचा

कानपुर, अमृत विचार: पश्चिमी जोन से मानव तस्करी का मामला सामने आया है। जहां शादी का झांसा देकर एक विक्षिप्त के हाथों बेचने का आरोप लगा है। अपनी दस वर्षीय बेटी के साथ रावतपुर थाने पहुंचकर मसवानपुर की महिला ने पुलिसकर्मियों को घटना बयां की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मसवानपुर की गुलशन खान (30) ने पुलिस को दिए लिखित प्रार्थना पत्र में बताया कि मसवानपुर निवासी इरफान अहमद के साथ 12 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। 10 वर्षीय बेटी आलिया है। पति की मौत के बाद मसवानपुर निवासी एक महिला, उसके पति और एक युवक ने ककवन निवासी आनंद पाठक से चार मार्च को मंदिर में शादी करा दी। शादी के बाद पता चला कि पति आनंद विक्षिप्त है। आनंद के पिता विजय बहादुर पाठक और देवर मनीष पाठक ने कहा कि उसने उसे 75 हजार रुपये में सोनम से खरीदा है। पैसा वापस करने के बाद ही वह यहां से जा सकती है। रावतपुर थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि जांच करा कार्रवाई की जाएगी।

अयोध्या के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में छह दोषी करार

अयोध्या, अमृत विचार : बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में कोर्ट ने छह आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई चार अप्रैल को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर प्रेम प्रकाश की अदालत से सोमवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह व विकास शुक्ला ने बताया कि घटना एक जून 2003 की है। शहर के पहाड़गंज स्थित एक मकान के कब्जेदारी के विवाद को लेकर रामसुंदर पांडेय व उसके भतीजे विवेक की लाइसेंसी बंदूक व तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रिपोर्ट रामसुंदर की पत्नी गायत्री देवी ने लिखाई। रिपोर्ट में कहा था कि उसके पति रामसुंदर व हरिपाल वर्मा और मेरे पति रामसुंदर पांडेय से मकान के कब्जेदारी व स्वामित्व को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। घटना वाले दिन हरिपाल वर्मा व उनके भाई पहाड़ी, श्रीपाल निवासी छतिरवा थाना पूरा कलंदर अपने साथी गिरीश पांडेय शकील निवासी हैदरगंज थाना कोतवाली नगर अन्य साथियों के साथ असलहों से लैस होकर आए। उनका भतीजा पिंकू उर्फ विवेक पति राम सुंदर पांडेय को बुलाकर ला रहा था। पति व विवेक पर फायर किया। गोली लगने से दोनों की मौत हो गई। इसकी रिपोर्ट हरिपाल वर्मा, शिव शंकर उर्फ पहाड़ी, श्रीपाल गिरीश पांडेय, शकील, दुर्गा प्रसाद, रमेश यादव, सुकई वर्मा, लाल जी वर्मा, जगन्नाथ, राम शंकर वर्मा, रामनाथ केवट, गोरखनाथ वर्मा, राम विशाल वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा व लाल जी चौधरी उर्फ राघवेंद्र के खिलाफ लिखाई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने हरपाल वर्मा, श्रीपाल, वर्मा, शिव शंकर उर्फ पहाड़ी, लाल जी वर्मा, गिरीश पांडे, व जगन्नाथ उर्फ लालू को हत्या व जानलेवा हमले की धारा में दोषी पाते हुए जेल भेज दिया।

कानपुर के रहने वाले इमरान बने कन्नौज से बसपा प्रत्याशी

कन्नौज, अमृत विचार: बहुजन समाज पार्टी ने कन्नौज सीट पर प्रत्याशी बदल दिया है। अब यहां से इमरान बिन जफर चुनाव लड़ेंगे। बसपा ने पहले रसूलाबाद के पूर्व चेयरमैन अकील अहमद पट्टा को प्रत्याशी घोषित किया था। इमरान बड़े कारोबारी हैं और कन्नौज के मोहल्ला शेखाना के मूल निवासी है। वह कानपुर में डिफेंस कॉलोनी, जाजमऊ में रहते हैं।

इमरान पहले आम आदमी पार्टी से जुड़े थे और 2014 के लोकसभा चुनाव में आप ने उन्हें कन्नौज सीट से प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद उन्होंने बसपा ज्वॉइन कर ली और पार्टी ने उन्हें कन्नौज सीट से प्रत्याशी भी घोषित कर दिया।

लैब-लाइब्रेरी के निर्माण में धांधली का आरोप

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख में छात्राओं को प्रयोगशाला और पुस्तकालय सहित अन्य सुविधाएं मिल सके, इसके लिए प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत एक करोड़ से अधिक धनराशि से चार कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का मामला सामने आया है। एडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख में एक करोड़ तीन लाख 55 हजार रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड विभाग अयोध्या प्रखंड द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष, मल्टी परपज हॉल और पुस्तकालय का बन रहे हैं। पनिहल निवासी रिंकू विश्वकर्मा का आरोप है कि निर्माण कार्य में जमकर धंधली की जा रही है। मानक विहीन सामग्री उपयोग की जा रही है। भवन का प्लास्टर करा घटिया ईंट ढकी जा रही हैं। आरोप लगाया की धांधली कॉलेज प्रबंधन और निर्माण कराने वाली संस्था की मिलीभगत से चल रही है।

> निर्माण कार्य किसी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। यह पता करा जांच कराई जाएगी और अगर आरोप सही साबित होते हैं तो कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **-अरुण कुमार सिंह,** एडीएम, बाराबंकी।

मेनका के लिए प्रचार नहीं करेंगे वरुण गांधी

लोकसभा चुनाव

▸▸ सुलतानपुर दौरे पर पहली बार पहुंचीं सांसद ने दी जानकारी

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

सांसद के साथ सोनम किन्नर।

अमृत विचार: टिकट मिलने के बाद सुलतानपुर दौरे पर पहली बार पहुंची सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि उनके लिए प्रचार करने वरुण गांधी नहीं आएंगे। कहा कि मेरे चुनाव लड़ने के स्थल चयन की वजह से टिकट घोषणा में देरी हुई। पार्टी में कोई दुविधा नहीं थी। वह पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक के पहले पत्रकारों से यह बात कही।

सांसद ने वरुण गांधी के सुलतानपुर आकर प्रचार करने के कयास पर विराम लगा दिया। कहा कि इस समय वरुण और बहू दोनों तेज वायरल फीवर की चपेट में है। मेरी समधन को हार्ट अटैक हुआ है। घर में बीमारी चल रही है। अगर वरुण आना भी चाहते तो मुश्किल हो जाता, लेकिन वो नहीं आ रहे हैं। एक सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा कि मैं अपनी कमान नहीं संभाल सकती। मेरा चुनाव पार्टी लड़ेगी। अमेठी और रायबरेली सीट से वरुण गांधी के लड़ने के सवाल पर कहा कि मैं भाजपा में हूं। अन्य किसी दल के टिकट वितरण से मेरा कोई लेना-देना नहीं। जीत के बाद अगले 5 साल तक सुलतानपुर की जनता की सेवा मां बनकर फिर करूंगी। कहा कि मैंने 60 बड़े कामों की लिस्ट बनाई थी जिसमें 24-25 काम ही पूरे कर पाई हूं। चीनी मिल का जीर्णोद्धार फिर से प्रमुख एजेंडा बताया।

कानपुर में सिपाहियों का गाली देते वीडियो वायरल

कानपुर, अमृत विचार : रेलबाजार थानाक्षेत्र में मारपीट की सूचना पर मौके पर गए दो सिपाहियों का महिलाओं समेत युवकों से गाली देते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। रेलबाजार में गंगामेला वाले दिन युवतियां छत पर रंग खेल रही थीं। तभी इलाके का युवक युवतियों से छेड़खानी करने लगा। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी। थाने के सिपाही मौके पर पहुंचे जिसमें से एक महिलाओं व युवकों से गाली देते हुए बात कर रहा है। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

वर्ग पहेली-27

बाएं से दाएं

1.1. किसी चीज़ का बहुत छोटा टुकड़ा, छोटी फांक 2. कोई चीज़ फांकने की क्रिया या भाव 3. फांकी जाने वाली किसी चीज़ (जैसे- दवा
2.1. दुख या चिंता से सूख जाना, क्षीण होना 2. किसी व्यक्ति
4.1. एक ग्रीक देवता जो संगीत से संबद्ध है
5.1. यथार्थ 2. उचित, ठीक, वाज़िब 3. न्यायसंगत 4. तर्क-पूर्ण, समयोचित।
7.1. जो केवल मुंह या ज़बान से कहा गया हो लेकिन व्यवहृत न हो; जो आचरण में न हो 2. मौखिक, (ओरल) 3. ज़बान संबंधी, ज़बान का 4. कंठस्थ 5. मुखाग्र 6. अलिखित।
8. गौरैया पक्षी का नर, गौरा।

ऊपर से नीचे

2.1. झुलसने की क्रिया या भाव 2. शरीर को झुलसाने वाली गरमी, दाहकता।
3. बालक की मानसिकता के अनुकूल, बच्चों के लिए उचित।
4.1. न होने वाली, असंभव 2. अलौकिक।
6. एक स्तनपायी जंगली हिंसक जानवर जिसकी त्वचा मुलायम बालों वाली होती है, रीछ।
7. जमाना का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में प्राप्त होता है।



वर्ग पहेली -26 का हल

1 ब	ज	वा	ई	■	■	■
ढ़	■	■	■	2 सं	चि	3 ति
नी	■	4 अ	■	दू	■	र
■	5 इ	म	ला	क	■	हु
6 लां	■	री	■	ड़ी	■	ति
7 छ	टं	की	■	■	■	■
न	■	■	8 प	ख	वा	ड़ा

सुडोकू-106

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6					7		2	
	8				9		3	
			8			1		
9		4						2
		7				6		
5					3			9
	1	3			8		6	
	9		4				8	
			2					7

सुडोकू -105 का हल

1	3	2	7	6	9	4	8	5
4	7	8	1	5	3	9	6	2
9	5	6	2	8	4	7	3	1
6	8	1	4	9	5	3	2	7
3	9	7	6	2	1	5	4	8
5	2	4	8	3	7	6	1	9
2	6	3	9	7	8	1	5	4
8	4	9	5	1	6	2	7	3
7	1	5	3	4	2	8	9	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अप्रैल, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 20 .08 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 22 .49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। किसी रुके हुए काम के अचानक से बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। आपकी कार्यदक्षता में वृद्धि होगी। यात्रा की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज आप दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

मिथुन — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। आज बुजुर्ग सदस्यों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी।

कर्क — आज शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय भी रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

सिंह — आज प्रेम संबंधों में कुछ सम्वादहीनता जैसी स्थितियाँ निर्मित हो सकती है। आज धन से जुड़े मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे।

कन्या — आज मानसिक स्थिति कुछ नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभ चिन्तकों पर सन्देह न करें। आज ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें।

तुला — आज कारोबार से जुड़ी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

वृश्चिक — आज आपके विनम्र व्यवहार के कारण विपरीत लिङ्गी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

धनु — आज छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं।

मकर — आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो आज इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है।

कुंभ — आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

मीन — आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहुमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शक्तिमान — सुबह : 08 .17
थैंक गोल्ड — शाम : 05 .51

&pictures
लिंगा — सुबह : 10 .58
समय 2 — रात : 07 .30

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट — दोपहर : 02 .43
एज ऑफ टूमारो — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
गंगाजल — दोपहर : 12 .10
भोला — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
वन टू का फोर — सुबह : 08 .12
राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा आपरेशन है।
सोनू- तो इस में डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी!
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी!

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है.
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

बाज नहीं आ रहा चीन

अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच फिर विवाद बढ़ सकता है। चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी नाम चीनी अक्षरों में लिखे गए हैं। चीन ने ये नाम पहाड़ों, नदियों और कुछ प्रमुख स्थानों के रखे हैं। जबकि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है। गत दिवस ही भारत-भूटान सीमा पर बसाए गए नए गांव में चीन ने तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ बनाई है। गौरतलब है कि चीन भारत से सटी सीमाओं पर कई गांवों का निर्माण कर रहा है, जिसकी आड़ में चीन के सैनिकों को क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात किया जा रहा है।

चौथी सूची जारी करने के साथ ये भी कहा गया है कि इन नामों को 1 मई, 2024 से लागू किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश को जंनगनान के रूप में मान्यता देता है। चीन ने मार्च के शुरुआत में इस क्षेत्र पर अपना दावा ठहराते हुए कहा था कि अरुणाचल प्रदेश चीन का अंतर्निहित हिस्सा है। चीनी सरकार ने अप्रैल 2023 में चीनी अक्षरों, तिब्बती और पिनयिन का उपयोग करके क्षेत्र में 11 नामों को तय किया था, जो तीसरी लिस्ट थी। पहली लिस्ट 2017 में आई थी, जबकि दूसरी 2021 में जारी की गई थी। यही नहीं चीन ने 11 मार्च को सेला सुरंग का उद्घाटन करने अरुणाचल प्रदेश पहुंचे पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का विरोध किया था। भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। चीन लगातार भारत विरोधी कदम उठाकर नापाक चाल चलने से बाज नहीं आ रहा है।

हालांकि भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किए जा रहे दावे को 23 मार्च को बेतुका करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके ही हैं। ऐसे में जरूरी है कि चीन की आक्रामक नीति पर अंकुश लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चीन को अलग-थलग करने की कोशिश करनी चाहिए।

जानकारी और ज्ञान का फर्क समझना होगा

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है।

पढ़ा-लिखा होने का असली मतलब क्या है? सामान्य तरीके से अंग्रेजी में 'एजुकेटेड' कहें तो हिंदी भाषा में इसका शब्दानुवाद 'पढ़ा-लिखा' और संस्कारी होता है। मतलब यह कि सामान्य और कम शिक्षित व्यक्ति से कुछ ऊपर की वैसी पढ़ाई किया हुआ व्यक्ति जिसने हाई स्कूल लेवल तक पढ़ाई की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के देहात में 'यू घणा पढ़ा लिखा माणस सै' आशय उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जाता है जिसने न केवल उच्च शिक्षा अर्जित की है वरन स्वाध्याय से भी जानकारी का अपना स्तर बढ़ाया है।

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है। किसी खास बात पर अपनी राय भी 'रिज़र्व' रखनी चाहिए। कहते हैं न, बात की वैल्यू तभी होती है जब अपनी बराबर के स्तर वालों से जाए। आमजन अमूमन ऊंचे दर्जे वाली टेक्निकल या वैज्ञानिक जानकारी समझ नहीं पाता। मिश्रित और सामान्य जानकारी वाले समाज में ऊंचे ज्ञान वाली बात की कद्र नहीं होगी और हो सकता है खिल्ली भी उड़े। ज्ञानवान को ज्ञान के उपेक्षा नहीं सुहाती, क्योंकि बात की गहराई को नहीं समझने वाले वाले लोगों के लिए इसका परिप्रेक्ष्य और कॉन्टेक्स्ट विशिष्ट हो सकता है।

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है। अपेक्षा न किसी से रखें कि वह एक ख़ास कंटेंट से बौद्धिक रूप से इंडलजेन्स शो करेगा या उसे करनी चाहिए। वह खुद को इन्वोल्व तब करेगा जब एक उपयुक्त जवाब देने के लिए दूसरे के मन में बौद्धिक रूप से कुलमुलाहट होगी। इसमें बौद्धिक क्षमता और एनर्जी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में दो सिद्धांत याद रखने जरूरी हैः एक, ज्ञान बाटेंगे तो अपनी

> सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है।

भी एक्सरसाइज होती है और यह बढ़ता है। दूसरे का स्तर बढ़ता है या नहीं, इसका फीडबैक नहीं मिलता। व्यक्तिगत तौर से परिचित लोग भी कन्नी काटते हैं। अनुभव यह भी कहता है कि लोग बात को पकड़ते जरूरत हैं, लेकिन रियेक्ट नहीं करते। सोचते हैं क्यों उलझा जाए। नए ज्ञान का सृजन करने के पश्चात इसके कन्फर्मेशन के लिए अकादमिक जगत में सह-बौद्धिकों से सहयोग -रिजेक्शन या अप्रूवल, अगर नहीं मिलता तो विश्व में आज ज्ञान का कारोबार इतना विशाल न हुआ होता। कारोबार का अर्थ ज्ञान सृजन में संसाधनों (पूंजी और स्किल्ड मनुष्य) के निवेश और ज्ञान के प्रसार -प्रिंटिंग एंड सर्कुलेशन, से है।

जानकारी और ज्ञान में क्या फर्क है। पहले तो यही समझना जरूरी है कि ज्ञानोदय से पहले जानकारी एक आधार रूप में मौजूद है, यह शर्त पूरी करनी होती है। जानकारी का मौके के अनुकूल विश्लेषण और एप्लीकेशन ज्ञानवान बनने के लिए जरूरी है। इसके रिजल्ट्स से ही विजडम पैदा होती। देखा गया है कि विजडम का ताल्लुक शतप्रतिशत इस बात से नहीं होता कि एक व्यक्ति का औपचारिक शिक्षा का स्तर कितना है बल्कि इससे कि उसकी ऑब्ज़र्वेशन और एनालिसिस की पॉवर कितनी सशक्त है। ये दोनों तत्व एक व्यक्ति के शैक्षिक स्तर और उसके परिवेशी अध्ययन और अनुभव से मिलते हैं तो व्यक्ति में ज्ञान का उदय होता है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है। इसमें कभी 'क्वांटम जम्प' नहीं होता। अनुभव न होने से 'प्रोडिजीज' में(मेधावी) भी गलतियां करते हैं और अनेक बार दुर्घटना हो जाती है। ज्ञान किसी और तरीके से फंक्शन करता है और जानकारी का उच्च स्तर किसी और तरीके से। ज्ञान और विजडम को क्या मापा जा सकता है और इसे क्वांटिफाई किया जा सकता अर्थात क्या इसकी नुमेरिकल वैल्यूज तय करके इनकी 'स्टेटिस्टिकल सिग्निफिकेंस' तय की जा सकती है। एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट्स इस बारे में क्या कहते हैं? ऐसा करने की पद्धति क्या है? और, मापन के समय गणना करते समय 'अनजान त्रुटियों' को निरस्त करने का फार्मूला लगाने के बावजूद क्या ऐसे नतीजों को स्वीकार किया जा सकता है? बड़ी बात यह है कि मैय्यर (मापन) किये जाने के बाद सावधानीवश यह चेतावनी या पूर्व-कथन (डिस्क्लेमर) इस नतीजे पर लगा दिया जाता है कि उक्त गणना केवल तात्कालिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए है, दीर्घावधि के लिए या अमान्य है। इसलिए कि दस साल बाद व्यक्ति का बौद्धिक विकास होने या न होने से स्थिति बदली हुई होगी और अगर पिछ्ला डेटा किसी अगले या वर्तमान समय में एक निर्णय के लिए इस्तेमाल किया जाना है तो व्यक्ति को गंभीर हानि हो सकती है। यह उसके लिए अन्यायपूर्ण हो सकता है क्योंकि इसके कानूनी निहितार्थ भी हैं।

हमारे यहां अंग्रेजों के मैनर्स, कस्टम्स अर्थात सिविल लाइफ का बड़ा इन्फ्लुएंस रहा है। हमारे यहां भी ये सब व्यवहारिक तत्व प्रत्येक कम्युनिटी में मौजूद हैं। पहले बिंदु की बात करें तो हमारे यहां अदब में नाटकीयता कम है, लेकिन हाव-भाव अर्थात भंगिमाओं का अंश अधिक है। समाज में उच्च संस्कारित व्यक्ति की पहचान का एक तत्व 'अदब' है जिसे हम अपने महापुरुषों, जैसे कि राजकुलों में पैदा हुए श्रीराम जैसों और श्री हनुमान के जीवनचरित का अध्ययन करके जान सकते हैं जोकि अक्सर ही टेक्स्ट्स या एपिक्स के जरिये से मालूम होता है। लेकिन अंग्रेजों के अदब का परिचय हमें भारत में नियुक्त अफसरों और वाइसराय के दरबार आदि के संचालनों और दैनंदिन की शासकीय और सिविल लाइफ के कोड्स से ही मालूम होता है। हमारे अपने सामान्य जीवन में यह पारिवारिक ताल्लुकों के जरिये से मालूम होता है। एक अपढ़ बाप की बेटा या बेटी अगर विश्व स्तरीय वैज्ञानिक या विद्वान् है तो वह अपने पिता से पेश आते समय भारतीय अदब का ही पालन करेगा। अपने पिता से मिलते हुए वह अपना ज्ञान नहीं बघारेगा क्योंकि पिता और संतान का कार्यक्षेत्र अलग है। इसलिए मेरे हिसाब से भारत में पढ़ा-लिखा होने का मतलब जानकारी के आधिक्य से नहीं बल्कि 'नाते' या ताल्लुक से पैदा हुए अदब से अधिक होना चाहिए।

पारंपरिक नज़रिए से भारत में अफसर होने की सोच एक समय पर सिर्फ थानेदार, पटवारी और स्कूल मास्टर और क्लर्क या बाबू के पद पर नियुक्त हो जाने तक सीमित रही थी। अब हजारों नए काम पैदा हो गए हैं इसलिए अफसरों का डेजिग्नेशन बदला है तब भी पुराणी सोच वाले लोग अकसर यह पूछ लेते हैं कि अमुक व्यक्ति पटवारी, मास्टर और थानेदार से बड़ा है या छोटा! खैर, इस बाबत बहुत तरीके से बात हो सकती है, और बहुतों की एक्सप्लेनेशंस बिलकुल अलग तरीके से पेश हो सकती हैं, परन्तु समाज में निचले और मामूली पढ़े लिखे लोगों की संयुक्त सोच या 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' ऐसी है कि वे संकोची हैं तो तथाकथित 'पढ़े-लिखे' के आगे चुप रहेंगे या उसकी तरफ अधिक ध्यान न देते हुए दिनचर्या पूरी करते रहेंगे लेकिन उपेक्षा नहीं दिखाएंगे, रिजेक्ट तो करेंगे ही नहीं। 'कुछ लोग' बेशक उसे 'तिरस्कार' की नज़र से भी देख लें। जैसे कि समाज में निचले तबके का कोई व्यक्ति अगर एक इंटरनेशनल साइंटिस्ट या स्कॉलर हो गया है उसे दंभी व्यक्ति इसलिए तिरस्कृत करेंगे कि उसके परिवार की बैकग्राउंड 'निम्न' धंधे वाली रही है। इस बारे में देश में उच्च वर्णों में वर्ग विशेष की 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' कैसे काम करती रही है, इससे हमारा परिचय है ही। उच्च वर्णों में मामूली पढ़ा-लिखा भी बड़ा आदर पाया करता, लेकिन अब स्थिति बदली है। यह विडं बना है कि समाज में बैठने वाले एक उच्च शिक्षित व्यक्ति से उसकी क्वालिफिकेशन और आय के अलावा जाति आज भी जरूर पूछी जाती है। समाज में कुछ ढीठ लोग किसी भी उच्च शिक्षित को तिरस्कार के भाव से यह जरूर कह सकते हैं कि 'पढ़ा-लिखा तो जरूर है, लेकिन पटवारी या थानेदार तो नहीं'। ऐसे में कोई क्या कर लेगा!

प्रसंगवश

विदेशी संबंध और भारत

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत कोई देश किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस स्पष्ट व्यवस्था के रहते हुए भी यह पाया जा रहा है कि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के अंदरूनी मामलों में दखल करती हैं। संप्रति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने को लेकर ऐसे दखल के उदाहरण एकदम स्पष्ट हैं। पहले जर्मनी ने टोका टोकी की, फिर अमेरिका बोला और अब संयुक्त राष्ट्रसंघ इस घटना पर चिंता प्रकट कर रहा है। थोड़ा ही पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जेल भेजे गए थे, तब कोई बाहरी देश नहीं बोला था। पिछले दिनों नागरिकता संशोधन अधिनियम देश में लागू हुआ, तो सत्तावन इस्लामिक देशों के सहयोग संगठन ने इस पर विरोधात्मक बयान दिया। यही नहीं इस संगठन ने अयोध्या राम मंदिर मामले के फैसले को लेकर भी चिंता जाहिर की और बयानबाजी की। एक अन्य उदाहरण कनाडा का है। वहां से खालिस्तान समर्थक अलगाववादी भारत विरोधी संगठन संचालित और सिंचित होता रहता है। इस संगठन के नेता हरदीपसिंह निज्जर की विगत में वहां हत्या हुई थी, जिसका सीधा आरोप वहां की सरकार ने भारत पर लगा दिया था। तुर्किये (टर्की) अमेरिका नीत नाटो का सदस्य है और हमारे खिलाफ बोलता रहता है। छोटे से देश मालदीव ने चीन के इशारे पर हमें आंखें दिखाकर वहां से हमारी सेना हटवाने की जिद की है और हटवा रहा है। वह 'इंडिया आउट' अभियान चला रहा है। लंका, जिसकी हम मदद करते रहे हैं, चीन के ऐसे जलपोतों को अपने बंदरगाह पर हफ्तों लगर डालकर खड़े रहने की अनुमति दे देता है, जो निकट से हमारी जासूसी करते हैं। यही नहीं कुछ मास पूर्व पाकिस्तान स्थित अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने पाक अधिकृत कश्मीर की छह दिवसीय यात्रा की, जिसे भारत अपना कहता है। खबर मिलने पर भारत ने आपत्ति भी की थी। नेपाल और भूटान भी अब चीनी प्रभाव में दिख रहे हैं। भूटान की जमीन पर चीन अपना कब्जा बढ़ा रहा है। यह सब क्यों है? क्या भारत कमजोर है या इसे ताकतवर होते देख वाह्य शक्तियां ईर्ष्यावश ऐसा करती हैं? अथवा हमारी विदेश नीति में कोई कमी है? जो भी हो, हमें आत्ममुग्ध रहने की बजाय आत्म निरीक्षण करके स्थितियां सुधारनी चाहिए।

दुर्दांत अपराधियों का प्रभा मंडल

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

> आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं।

बदलते समाज के साथ ही समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व की परिभाषा भी बदलती रहती है। कभी विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं से लोहा लेने वाले व्यक्ति-राणा प्रताप, चांदबीबी, दुर्गावती, शिवाजी हमारे पूजनीय हुआ करते थे, कभी स्वतंत्रता हेतु बलिदान करने या संघर्ष करने वाले-मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू कुंवर सिंह, चाफेकर बंधु,बाल, लाल, पाल, भगत सिंह, गांधी, सुभाष, नेहरू हमारे नायक होते थे। सामाजिक मूल्यों के पतन के साथ हमारे नायकों में भी परिवर्तन हो रहा है। आज विद्वान अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर, सज्जन नौकरशाह, शरीफ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी से अधिक बाहुबली, धनबली, कुख्यात राजनीतिज्ञ, तस्कर, अपराधी आदि समाज के प्रेरक व्यक्तित्व हो गए हैं। मैं 1986-89 में सीओ कोतवाली इलाहाबाद था, उस समय शहर में मौला भुक्खल तथा अतीक अहमद बड़े अपराधी हुआ करते थे। हम प्रायः भुक्खल महाराज, अतीक अहमद के घर दबिश देते रहते थे। 1988 के उप चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह इलाहाबाद में कांग्रेस के विरोध में ऐतिहासिक चुनाव लड़ रहे थे, उनको हराने में सहयोग देने के लिए भुक्खल को चुनाव तक गिरफ्तार न करने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए थे और वह प्रचार के नाम पर शहर और देहात में निर्भय भ्रमण करते थे। वर्ष 1993 में जब मैं पुलिस अधीक्षक नगर होकर इलाहाबाद लौटा तो अतीक अहमद विधायक हो चुके थे। उसका कद इतना बढ़ गया कि वरिष्ठ अधिकारी उसकी कृपा के आकांक्षी रहते थे। 2009 के लोकसभा चुनाव के समय मैं डीआईजी झांसी था और अतीक ललितपुर जेल में निरुद्ध थे, उनके पूर्व परिचित, आयुक्त झांसी मंडल उससे जेल में मिलने हेतु आकुल थे, बहुत मुश्किल से उन्हें मैं रोक पाया। वर्ष 1995 में मैं पुलिस अधीक्षक नगर वाराणसी था। अगस्त में संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा तब तक प्रारंभ नहीं हुई जब तक मुख्तार अंसारी गाजीपुर जेल से छूट कर 70 बस तथा नौ कारों के काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंच कर मंचासीन नहीं हो गए। बाद में तो सपा, बसपा की सरकारों में वह एक महत्वपूर्ण शख्शियत और अपराध जगत के बेताज बादशाह हो गए थे। एक डिप्टी एसपी द्वारा उनके गैंग की लाइट मशीन गन की बरामदगी दिखाने पर उसे सरकार द्वारा इतना उत्पीड़ित किया गया कि उसे पुलिस सेवा त्यागनी पड़ी। ऐसे बहुत से स्वनामधन्य बड़े अपराधी हैं जो सरकार की कृपा से जनता और अधिकारियों पर भारी पड़ते हैं। बड़े अपराधी पैसा, जाति एवं धर्म का सहारा लेकर अपनी बिरादरी तथा क्षेत्र के राबिन हुड बन जाते हैं और विधानसभा तथा संसद की शोभा तक बढ़ाते हैं। अतीक की पुलिस अभिरक्षा में हत्या तथा मुख्तार अंसारी की न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में हुई मृत्यु दुखद है जिसमें बाद जांच दोषियों को दंड दिया जाना चाहिए परंतु उनके जनाजे में उपस्थित जनसमूह तथा कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएं अपराधियों के महिमा मंडन का ज्वलंत उदाहरण है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जो बाहुबलियों की उपेक्षा कर सके, कोई उन्नीस है तो कोई बीस। हमें अपराधियों के इस महिमामंडन को रोकना ही होगा नहीं तो देश पर माफियाओं का आधिपत्य हो जाएगा। आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं, जाति, धर्म, पैसा, शराब पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनावी बिगुल बजते ही दल बदल का खेल चरम पर है। प्रत्येक दल अपने यहां धुलाई मशीन लगा रखी है जो विरोधी दल के भ्रष्ट, अपराधी नेताओं को अपने दल में सम्मिलित कराकर उनका शुद्धिकरण कर दे रहे हैं। पहले मायावती जी ही पैसा लेकर टिकट देने के लिए जानी जाती थी, अब कमोवेश हर दल में यह चलन बढ़ा है। अब दिखावे के लिए भी कोई दल नैतिकता की बात नहीं करता। दलों का गठबंधन सिद्धांत पर न होकर, आपसी स्वार्थ पर हो रहा है। स्थानीय दलों में परिवारवाद चरम पर है। ईमानदारी और नैतिकता के नाम पर आए केजरीवाल तो जेल से ही सरकार चलाने का कीर्तिमान बना रहे हैं। झारखंडी हेमंत सोरेन जेल जाते समय मुख्यमंत्री पद त्यागने पर अब पछता रहे होंगे। चुनाव आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनजागरण अभियान चला रहा है लेकिन अच्छे तथा बेदाग चरित्र वाले ही प्रत्याशी बने, इस पर वह तथा सर्वोच्च न्यायालय मौन है। अब प्रश्न है कि जब सभी दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं और बेदाग प्रत्याशी नहीं उतार रहे हैं तो हम मतदान क्यों करें?और यदि नहीं करते या नोटा का बटन दबाते हैं तो भी उन्ही दागी प्रत्याशियों में से कोई एक चुना जाएगा। इस विषय पर संविधान मौन और जिम्मेदार मतदाता असमंजस में है। अब तो बुरों में भी कम बुरा प्रत्याशी और राजनैतिक दल को तलाश कर ही मत देने का विचार करना पड़ेगा।

सोशल फोरम

एलुमनाई अब एक नई जाति है

संजय वर्मा
इंदौर

यह सब कोई पंद्रह बीस साल पहले शुरू हुआ। मोबाइल ने रोजी रोटी की तलाश में दुनिया के मेले में बिछड़े सहपाठियों को ढूंढना मिलना आसान कर दिया। कुछ उत्साही लोगों ने मिलन समारोह रखे। बातें शुरू तो हुई-तुझे याद है हम कैसे क्लास बंक कर कचोरी खाने जाते थे। पर जल्द ही लोगों को समझ में आ गया कि मामला चड्डी बड्डी की बातें करने से कहीं ज्यादा गंभीर है। यह रेडी मेड नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म मिलने जैसा था। राजनीतिक कनेक्शन, खदानों के ठेके, ऑर्डरों की जुगाड़, नौकरी में प्रमोशन, बच्चों के वैवाहिक संबंध जैसे तमाम मामलों में इन कॉलेज के दोस्तों से सलाह और मदद आने लगी। बात की बात में अनौपचारिक मिलन समारोह एक औपचारिक संस्था में बदल गए। लोग नए शहर में जाने से पहले अपने कॉलेज पास आउट जूनियर सीनियर बंदों के फोन नंबर जुगाड़ने लगे। अचानक लोगों को इन एलुमनाई एसोसिएशन से वही महत्व और संरक्षण मिलने लगा जो किसी जमाने में सरकारी नौकरी में ठाकुर या बामन लॉबी अपने जाति भाइयों को दिया करती थी। अब हालत ये है कि कॉरपोरेट में नौकरी देते समय यह देखा जाने लगा है कि इस उम्मीदवार के पीछे खड़ा एलुमनाई एसोसिएशन इसे ऑर्डर लाने, सरकार से काम निकलवाने में कितनी मदद करेग। पार्टियों में नए मिले लोग जाति धर्म के अलावा यह जानना चाहते हैं कि आप कौन से कॉलेज से पढ़े हैं। एलुमनाई संगठन एक बड़ा सामाजिक बदलाव है। एक नई जाति का उदय हुआ है। बेशक इसकी बुनियाद में व्यापार व्यावसायिक फायदे ही थे लेकिन धीरे-धीरे यह एक एक्सटेंडेड फैमिली का रोल भी अदा कर रही है। शायद संयुक्त परिवार और गांव की पंचायत के छूट जाने से दिल दिमाग में जो खालीपन पैदा हुआ है ये एलुमनाई शायद उसे ही भर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या आने वाले दिनों में इस नई जाति में भी उसी तरह की कट्टरता आ जाएगी जैसे दूसरी जाति धर्म में होती है? हो सकता है आईआईएम अहमदाबाद वाले सिर्फ आईआईएम वालों को ही नौकरी पर रखें। ये भी संभव है कि वे छोटे कस्बाई कॉलेज वालों से छुआ छूत रखें। इंसान का मन जुड़ने के लिए कैसे-कैसे बहाने करता है, एलुमनाई उसकी एक मिसाल।

-फेसबुक वॉल से

अपनी नगरी में निसर्ग के अद्भुत संकेत



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग–पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं।

अपने गुरुकुल भूमि की सोंधी महक किसे अच्छी नहीं लगती? काशी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय को मैं भावनात्मक रूप से दूसरी जन्मभूमि मानता हूं। इसलिए जब मेरी ज्येष्ठ बेटी ने नाती तथा दामाद के साथ बनारस चलने की इच्छा प्रकट की तो मैं तुरंत सहमत हो गया। हम लोग सपरिवार वायु यात्रा से वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गोधूलि बेला में पहुंचे। बहुत शीघ्र ही हम अपने गंतव्य नदेसर स्थित महाराज काशीनरेश के पुराने राजभवन (नदेसर पैलेस) जो अब नदेसर ताज पैलेस के नाम से सुविख्यात है, पहुंच गए। वहां हम सबका स्वागत शंखनाद, वेद ध्वनि, पुष्पवर्षा, मंगल -तिलक, स्वस्तिवाचन तथा गंगाजी की मिट्टी से बने सुरुचिपूर्ण आकर्षक माल्यार्पण से हुआ। यद्यपि मैं बनारस में काफी लंबी अवधि तक रहा पर मुझे नदेसर पैलेस के इस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा का बिल्कुल भी आभास नहीं था। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद हम लोग अपने अपने कक्ष में चले गए। मुझे जो कक्ष मिला वह संयोग से कश्मीर के पूर्व महाराजा कर्ण सिंह और उनके परिवार के अतिथि निवास का साक्षी रह चुका था। यह बात मेरे नाती के मन में गुदगुदी पैदा करती थी।

हम लोग करीब तीन दिनों तक नदेसर पैलेस प्रांगण में रुके और उस अवधि में दशाश्वमेध स्नान, संकटमोचन, काशी विश्वनाथ, काशी घाट दर्शन, गंगा आरती, काल भैरव, दुर्गाजी, वनकटी, दुर्गविनायक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर का विहंगम परिभ्रमण, अपने पूर्व आवास ओल्ड एफ टू जोधपुर का कायाकल्प, प्रिंसिपल कालोनी स्थित प्राचीन हनुमानजी, 1971 के दशक में नगवां स्थित अमेठी कोठी के अपने आरंभिक निवास का जायजा लिया, आनंद उठाया। शहर के उत्तरी छोर पर स्थित भगवान बुद्ध की पीठस्थली सारनाथ भी गए। नवनिर्मित बौद्ध विश्वविद्यालय देखा। इस संपूर्ण प्रवास में निसर्ग की कुछ लीलाएं देखीं। काशी की विशिष्टताएं देखीं। उनमें से कुछ उल्लेखनीय घटनाएंः

एक गिलहरी का अध्यवसाय–प्रवास की पहली सुबह पैलेस परिसर में स्थित नंदीश्वर मंदिर की पूजा आरती में सम्मिलित होने गया। वहां पर मैंने एक अद्भुत नजारा देखा। एक गिलहरी मंदिर के कोने में बने एक दीप प्रकोष्ठ के छोटे सुराख के अंदर अपने मुख में कुछ भोज्य पदार्थ लेकर अंदर घुसने का प्रयत्न कर रही थी। अंततः उसने ऐसी सूझबूझ दिखाई की मैं हतप्रभ रह गया। गिलहरी ने भोज्य पदार्थ प्रकोष्ठ के छिद्र पर अटका दिया और प्रकोष्ठ की पिछली दीवाल से अंदर प्रवेश कर उस भोज्य पदार्थ को अंदर घसीट लिया। एक नन्हें से जीव द्वारा कमाल का चातुर्य और अध्यवसाय।

इस छोटी सी लगने वाली घटना ने मुझे सेतुबंध रामेश्वर के उस दृश्य का स्मरण करा दिया। कहते हैं दयानिधान राघवेंद्र श्रीराम के दुलारभरे हाथों की रेखाएं गिलहरियों के पृष्ठ भाग में आज भी उपस्थित हैं। मेरे मन में नंदीश्वर महादेव के सानिध्य में बने निर्मित प्रकोष्ठों के अत्यंत संकीर्ण छिद्रों के अंदर उस गिलहरी द्वारा घुसकर अपने भोज्य पदार्थ को ले जाने की घटना एक असाधारण अध्यवसाय की बात थी जिससे जीवन में बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

अस्वस्थ अश्वत्थ–काशी में कोई आस्तिक आए और बिना संकटमोचन, दुर्गाजी, दुर्गविनायक तथा वनकटी दर्शन किये बिना लौट जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। हमने होटल से एक ई-रिक्शा किया और सीधे दुर्गाजी के निकट स्थित वनकटी हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। अब वहां पर तीसरी पीढ़ी के पुजारी जी थे। 1960 के दशक में वृद्ध तिवारी जी मंदिर की देखभाल करते थे, उनके बाद उनके दामाद स्वर्गीय रामगोपाल मिश्रजी और अब उनके भतीजे धनंजय मिश्र। एक बात जिसने मुझे बहुत आश्चर्यचकित कर दिया वह था, मंदिर परिसर में स्थित विशाल पीपल के पेड़ की अनुपस्थिति। उसके स्थान पर एक नवजात पीपल का पौधा लगाया हुआ था। पुजारीजी से पूछने पर पता चला कि पुराने विशालकाय पीपल के वृक्ष को अंदर ही अंदर दीमक (एक तरह की सफेद चींटी) चाट गई। इतने बड़े पीपल का दीमक द्वारा सर्वनाश मन को हिला देने वाली बात थी। यह कुछ उसी प्रकार की दुर्घटना थी जिस प्रकार अधिकांश असंक्रामक बीमारियां जैसे मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदयाघात, कैंसर आदि चीटीं की भांति हमारे शरीर में चुपचाप प्रवेश करती हैं और धीरे-धीरे विशालकाय हाथी का स्वरूप धारण कर शरीर को अंदर ही अंदर दीमक की भांति खोखला कर देती हैं और उसे पूर्णतः ध्वस्त कर देती हैं।

दिये का संघर्ष –काशी में कुल चौरासी घाट हैं जो शहर के उत्तरी छोर राजघाट से शुरू होकर दक्षिणी सीमा सामनेघाट तक अर्धचंद्राकार रूप में फैले हुए हैं। इस प्राचीनतम नगरी के सांस्कृतिक वैभव को किसी को देखना हो तो रात की बेला में नौकाविहार के द्वारा विहंगम अवलोकन अत्यंत आवश्यक है। अब तो गंगा आरती का आयाम इस नौका आनंद को और कई गुण बढ़ा देता है। अंधकार और प्रबल नीरवता के बीच नौका पर काशी दर्शन आस्तिकता के एक और पक्ष का दर्शन कराता है। वह है घाट के किनारे दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा। इन्हीं में से एक दीपक जब मां गंगा की बीच धारा में ऊर्मिल लहरों के बीच अकेले संघर्ष करते प्रवहमान दिख जाता है तो सहसा भर्तहरि का वह श्लोक याद आ जाता है जिसमें वह कहते हैं – 'प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः । विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः , प्रारभ्य च उत्तमजनाः न परित्यजन्ति। उत्तम कोटि के लोग अच्छे काम के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं और उसे प्राप्त करके ही दम लेते हैं ।

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं। गुंजित-कुंजित वातावरण बरबस काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मंदिर प्रांगण की याद दिला देता है। अपने प्रवास के दूसरे दिन प्रातःकाल अल्पाहार के समय निकट छतरी के पास एक संगीतज्ञ महोदय सितार बजा रहे थे कि अचानक एक मयूर अपने दो शावकों के साथ हरे मैदान में आ गया और कुछ समय पश्चात नृत्य करने लगा। संगीत की निर्झरणी ने मयूर की हृदतंत्री को ऐसा झंकृत किया की वह निरभ्र आकाश के नीचे अपने समस्त पंख फैला कर नाचने लगा। कुछ ऐसा ही होता है हमारे हृदय की तंत्रिका प्रणाली को जब वह मर्यादा में संतुलित और सम्यक रहती है तब उसकी सुतालता (रिदम) बनी रहती है अन्यथा उसे अतालता में जाते देर नहीं लगती।

वानर का तंबाकू निषेध पाठ–अपने यात्रा क्रम में मैं और पुत्री दुर्गाजी गया। दर्शन करके लौट ही था की हमारे ई -वाहन चालक ने बताया की एक वानर उसके ई -वहां के स्टियरिंग के नीचे बने झोले से उसकी सुरती का पैकेट उठाया, भाग कर एक दीवाल पर बैठ कर उस सुर्ती के पैकेट को फाड़ा और फिर हिकारत की दृष्टि से वाहन चालक को घूर कर उस पैकेट को फेंक दिया। यह सुनकर मैंने उस ड्राइवर को उसके मलिन, क्षत-विक्षत, बदरंग दांतों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि देखो अब इस वानर ने भी तुम्हें सुर्ती न खाने का पाठ पढ़ाया है। देखने में उपरोक्त घटनाएं बहुत छोटी और नगण्य सी लगती हैं लेकिन इन सबके पीछे अध्यवसाय, सुस्वास्थ्य, सोद्देश्यता, निरन्तरता तथा जीवन में तालमयता के गूढ आध्यात्मिक संदेश छिपे हुए हैं जिनका पालन कर हम अपने जीवन को समुन्नत और सार्थक बना सकते हैं। अवि मुक्तेश्वर काशी में निसर्ग से मिली इतनी सारी सीखें मुझे सदा सर्वदा याद रहेगी।

एक नजर

नोटा विकल्प संबंधी जनहित याचिका खारिज

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम पर 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति आरएम जोशी की खंडपीठ ने 22 मार्च को एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में नोटा विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का आग्रह किया गया था। फैसले की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। छात्र सुहास वानखेड़े की याचिका में कहा गया कि आयोग को नोटा के लिए 'ब्रांड एंबेसडर' नियुक्त करना चाहिए।

मतदाताओं ने लिया मतदान का संकल्प

भीमताल : जनपद नैनीताल के भीमताल विधानसभा के सुदूरवर्ती मतदान केंद्र मलुवाताल के मतदाताओं ने इस बार शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। स्वीप नैनीताल के गौरीशंकर काण्डपाल के नेतृत्व में गई 12 सदस्यों की टीम के द्वारा मलुवाताल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग के अतिरिक्त एनआरएलएम तथा रीप भीमताल, ग्राम प्रधान मलुवाताल तथा बूथ लेवल अधिकारी के सदस्य भी मौजूद रहे। एनआरएलएम की सदस्य हर्षिता सनवाल ने बुजुर्ग एवं महिलाओं से एक-एक कर वार्ता एवं वोट करने की अपील की।

नशे में कार चला रहे चालक को दबोचा, वाहन सीज

अल्मोड़ा : चेकिंग अभियान के तहत चौखुटिया थाने के थानाध्यक्ष जसविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सदेंह होने पर ऑल्टो कार को रोका। चेकिंग के दौरान कार चालक मनीष गोस्वामी निवासी ग्राम सिरौली, चौखुटिया शराब के नशे में धुत्त पाया गया। पुलिस ने कार चालक को मोटर वाहन अधिनियम में चालान कर कार को सीज कर दिया है।

शताब्दी में महिला अधिकारी से लूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से 100 मीटर दूर हुई घटना

राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश की एक सहायक अभियोजन अधिकारी पर शताब्दी एक्सप्रेस में कथित तौर पर हमला किया गया और उनसे लूटपाट की गई। मामले में प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को घटना की जानकारी दी।

प्राथमिकी के मुताबिक, यह घटना 28 मार्च को रात करीब 10 बजे हुई, जब लखनऊ जंक्शन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर थी। स्वाति मौर्य ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि मैं ट्रेन के सी-4 डिब्बे में दो नंबर सीट बैठी हुई थी, तभी एक व्यक्ति वहां आया और उसने मेरा बैग छीनने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि जब मैंने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने मुझपर हमला कर दिया, जिससे मेरे बांय हाथ पर चोट आई। उसने मेरा बैग छीन लिया और वह चलती ट्रेन से कूद गया। मैं उस व्यक्ति को पहचान सकती हूं। प्राथमिकी के अनुसार, मौर्य ने 15,000 रुपये, विभिन्न आईडी कार्ड - पैन, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी अभियोजक पहचान पत्र और दो एटीएम कार्ड, एक मोबाइल फोन, हीरे की चार अंगूठी, सोने के दो कंगन और कलाई घड़ी भी गवां दी।

पद्मावत एक्सप्रेस में बदमाशों ने महिला का बैग लूटा

- बरेली में आउटर पर ट्रेन रुकने के बाद खिड़की से छीना बैग

बरेली, अमृत विचार : पद्मावत एक्सप्रेस में महिला यात्री की तीन बदमाशों ने बैग लूट लिया। बैग में लैपटॉप और अन्य सामान था। महिला ने लखनऊ में चारबाग स्टेशन पर शिकायत की। वहां से बरेली जंक्शन जीआरपी थाना में शिकायत भेजी गई। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रताप विहार गाजियाबाद निवासी वैशाली सागर ने शिकायत की कि वह 26 मार्च की रात में 8:30 बजे गाजियाबाद से 14208 पद्मावत एक्सप्रेस में बैठीं। उनका एस-3 कोच की बर्थ संख्या 28 पर आरक्षण था। रात में 12:30 बजे एक व्यक्ति मोबाइल की फ्लैश बार-बार उनके मुंह पर लगा रहा था। उन्होंने मना किया लेकिन वह नहीं माना। बरेली आने पर कोच में एक और व्यक्ति चढ़ा और 26 नंबर बर्थ पर बैठा। इसके बाद दोनों आपस में झगड़ा करने लगे और दूसरा व्यक्ति वहां से चला गया। बरेली जंक्शन से ट्रेन निकलने के बाद आउटर पर गाड़ी रुकी, तभी सामने बैठे व्यक्ति ने फिर से उनकी आंखों में फ्लैश मारी। जब उन्होंने विरोध किया कि तभी बाहर से खिड़की खुली और हाथ से लैपटॉप वाला बैग दो लोगों ने छीन लिया। तीनों बदमाश आउटर पर ही उतरकर अंधेरे में भागे गए। उन्होंने घटना की जानकारी ट्रेन में मौजूद स्टाफ, बरेली शाहजहांपुर और हरदोई आरपीएफ और जीआरपी को दी। इसके बाद लखनऊ पहुंचकर चार बाग जीआरपी थाने में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं प्रभारी निरीक्षक, जीआरपी बरेली जंक्शन अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि लखनऊ में शिकायत की गई थी। मामला बरेली ट्रांसफर होकर आया तो रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बदमाशों की तलाश की जा रही है।

कई राज्यों में पुलिस टीमों ने डाला डेरा

संवाददाता, रुद्रपुर

- शाहजहांपुर में मिली आखिरी लोकेशन, कई हिरासत में पूछताछ में जुटी पुलिस

अमृत विचार: बाबा तरसेम हत्याकांड में बंगाल और नेपाल के बाद एसटीएफ-एसओजी व पुलिस टीमों ने अब पंजाब, हरियाणा और शाहजहांपुर पर फोकस कर लिया है। एसटीएफ ने पीलीभीत व शाहजहांपुर क्षेत्र से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। टीमें उनसे पूछताछ में जुटी हैं। सूत्र बताते हैं कि शूटर्स की आखिरी लोकेशन शाहजहांपुर के आसपास मिली है।

मालूम हो कि 28 मार्च की सुबह नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने के बाद हत्यारे अमरजीत सिंह और सर्वजीत सिंह भाग गए थे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। फुटेज से दोनों शूटर्स की पहचान हुई। खोज में जुटी पुलिस टीमों ने खटीमा, पीलीभीत से बरेली हाईवे के टोल प्लाजा की सीसीटीवी खंगाली तो बाइक सवार हत्यारों की आखिरी लोकेशन शाहजहांपुर में देखी गई। आगे वाले टोल प्लाजा पर हत्यारों की कोई भी लोकेशन नहीं दिखी। बताते हैं कि बाबा के विरोधी कुछ लोग शाहजहांपुर में रहते हैं। यहां कई लोगों से पूछताछ की गई है।

एसटीएफ और एसओजी ने शाहजहांपुर में डेरा डाल दिया है। वहां से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिन पर हत्यारों को पनाह देने का संदेह है।

पुलिस का मानना है कि हत्यारे नेपाल, बंगाल नहीं, बल्कि शाहजहांपुर, पंजाब या फिर हरियाणा में छिपे हैं। इस पर कई कई टीमें पंजाब, हरियाणा पहुंच गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अफसर लगातार टीमों की मॉनीटरिंग में लगे हैं। हत्यारों की बाइक की भी तलाश हो रही है, क्योंकि वारदात के बाद शाहजहांपुर तक ही बाइक को देखा गया है। उधर, हत्या आरोपी सरबजीत बार-बार सोशल मीडिया में पोस्ट डाल रहा है।

पैर न छूने पर दलित छात्र को शिक्षक ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

गोरखपुर, एजेंसी

जिले के उरुवा थाना क्षेत्र के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में अनुसूचित जाति के छठी कक्षा के एक छात्र को पैर न छूने पर शिक्षक ने कथित रूप से पिटाई कर दी और उसे जातिसूचक गालियां दी।

पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिले के उरुवा थाना क्षेत्र के मुरारपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रविशंकर पांडेय के खिलाफ छठी कक्षा के एक दलित छात्र को पीटने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगा है। उन्होंने बताया कि आरोप है कि शिक्षक ने सम्मान स्वरूप पैर न छूने पर छात्र की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच कर रही है। जांच और साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसा मामला प्रकाश में आया है। मामले की पूरी निष्पक्षता से जांच की जाएगी और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

गुवाहाटी के बाहरी इलाके के ठाकुरकुची गांव में सोमवार को जंगली हाथियों का एक झुंड देखा गया। यह हाथी गर्मी से बचाव के लिए नमी वाले इलाके में आए थे। : एजेंसी

नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, एटा

- छुट्टियों में कोटा से आई थी घर, पढ़ाई को लेकर थी चिंतित

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने पढ़ाई के दबाव में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कोटा में तैयारी कर रही थी और होली की छुट्टियों में वह घर आई थी।

शहर क्षेत्र के सिविल लाइंस कालोनी की रहने वाले अनिल यादव की कंप्यूटर की दुकान है। उनकी पुत्री खुशी (19) राजस्थान के कोटा में पिछले साल से नीट की तैयारी कर रही थी। होली की छुट्टियों में वह घर आई थी और ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रही थी। पिता ने बताया कि पढ़ाई को लेकर वह बहुत चिंता में थी और 14-15 घंटे पढ़ाई करती रहती थी। उसे घर वाले किसी भी तरह तनाव न लेने की सलाह देते थे। सोमवार सुबह छह बजे खुशी का शव चौथी मंजिल पर कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने दरवाजा तोड़ने के बाद जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौलाना तौकीर रजा फरार घोषित

विधि संवाददाता, बरेली

- 2010 के दंगे का मुख्य अभियुक्त करार देकर अदालत ने किया था तलब

अमृत विचार : शहर में 2010 के दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के खिलाफ सोमवार को जिला जज विनोद कुमार की अदालत ने गैरजमानती वारंट जारी कर उन्हें फरार घोषित कर दिया। दो बार पहले भी तौकीर के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए जा चुके हैं। अगली सुनवाई अब आठ अप्रैल को होगी।

जिला जज ने एसएसपी को आदेश दिया है कि फरारी की उद्घोषणा कराकर रिपोर्ट कोर्ट मे भेजी जाएं। यह भी कहा है कि इस बीच अगर मौलाना की गिरफ्तारी होती है या वह अदालत में हाजिर होते हैं तो कानून व्यवस्था बनाए रखने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी जिलाधिकारी की होगी। कानूनी जानकारों के मुताबिक फरार घोषित किए जाने के बाद अदालत तौकीर के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता-1973 के तहत कभी भी कुर्की की भी कार्रवाई कर सकती है। उधर, इस मामले के कई मुल्जिम कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर हुए। वसीम समेत पांच मुल्जिमों के हाजिर न होने पर उनके खिलाफ भी गैरजमानती वारंट जारी किया गया है।

गिरफ्तारी के लिए बनीं दो टीमों का गठन

बरेली : अदालत के मौलाना तौकीर को फरार घोषित करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें बनाई गई हैं। सीओ पंकज श्रीवास्तव के मुताबिक एक टीम उनके और दूसरी सीओ संदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित की गई है। उनके दिल्ली में होने की सूचना मिली है। आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर अदालत का सम्मान करते हैं। वह हार्ट पेशेंट हैं और उनका दिल्ली में इलाज चल रहा है। ठीक होते ही अदालत के आदेश का पालन करेंगे।

धमाके से दो मंजिला मकान धराशायी, मां-बेटे की मौत

- बदायूं में आतिशबाज के घर पर हुआ हादसा

संवाददाता, इस्लामनगर(बदायूं)

अमृत विचार : कस्बा इस्लामनगर में आतिशबाजी में ब्लास्ट से दो मंजिला मकान धराशायी हो गया। मलबे में दबकर आतिशबाज की पत्नी और बेटे की मौत हो गई जबकि दो बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी देहात राम मोहन सिंह पहुंचे और आतिशबाजी में ब्लास्ट के कारणों को जानने का प्रयास किया। आतिशबाजी के भंडारण के लाइसेंस की जांच करने की बात कही गई है।

कस्बा इस्लामनगर के मोहल्ला मोहली निवासी अख्तर अली पुत्र असगर अली घर पर आतिशबाजी बनाकर शादी, पार्टियों में बेचते थे। सोमवार को उनकी पत्नी सलामत (35), बेटा तैमूर (6), बेटी तमन्ना (4) और अर्फी (2) घर पर थे। दोपहर लगभग तीन बजे आतिशबाजी में ब्लास्ट हो गया। तेज धमाकों के साथ दो मंजिला मकान धराशायी हो गया। आसपास के मकान हिल गए। मां और तीनों बच्चे मलबे में दब गए। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों की मदद से मलबा हटाया। दोनों बच्चियों तमन्ना और अर्फी को सकुशल निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मां-बेटे नहीं मिले तो चार जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया।

धमाके से क्षतिग्रस्त हुए मकान का मलबा हटाते लोग। : अमृत विचार

> अख्तर अली के पिता के पास आतिशबाजी का लाइसेंस था। भंडारण की बात कही जा रही है। मां-बेटे की मौत हुई है। दो बच्चियां स्वस्थ हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – आलोक प्रियदर्शी, एसएसपी

अग्निशमन की दो गाड़ियां भी पहुंच गईं। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मलबे में सलामत और तैमूर की लाश मिली। दोनों के शव देख अख्तर अली व परिजनों में कोहराम मच गया। डीएम मनोज कुमार ने कहा कि जांच कराई जाएगी। जो भी मामला सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस कहां का है यह देखा जाएगा। भंडारण की भी जांच कराई जाएगी।

यूपी से पलायन कर चुकी है कांग्रेस : चौधरी

अमरोहा, अमृत विचार : भाजपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र जमा किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। नामांकन के लिए केवल पांच लोगों को ही कलेक्ट्रेट में प्रवेश दिया गया। अमरोहा में कांग्रेस का प्रत्याशी बदलने के सवाल पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के कहा कि ये लोग कन्फ्यूज हैं। गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी रोज अपने प्रत्याशी बदल रही है। कहा कि घर परिवार में इस तरह का विरोध है तो कांग्रेस भी उससे अछूती नहीं है। कांग्रेस भी उसी दिशा में चलेगी। उत्तर प्रदेश की जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। पूरी कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुकी है।

मुख्य उत्तरों की शुद्धता को चुनौती देने वाली याचिका पर सतर्कता से करें विचार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संशोधित उत्तर कुंजी को रद्द करने के एक मामले में कहा कि मुख्य उत्तरों की शुद्धता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने में सतर्कता बरतना चाहिए।

कोर्ट ने आगे कहा कि उम्मीदवार पर न केवल यह प्रदर्शित करने का दायित्व है कि मुख्य उत्तर गलत है, बल्कि उसे यह भी सिद्ध करने की आवश्यकता है कि यह एक गंभीर गलती है जो पूरी तरह से स्पष्ट है और यह किसी अनुमान प्रक्रिया पर आधारित नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने एक अन्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि जिन मामलों में उत्तर कुंजी विवादित है, उनमें कानून की स्थापित स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस धारणा पर आगे बढ़ना होगा कि उत्तर कुंजी सही है, क्योंकि यह विशेषज्ञ व्यक्तियों द्वारा दी गई विशेषज्ञों की राय पर आधारित है। न्यायालय को उम्मीदवारों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन या जांच के आदेश नहीं देना चाहिए, क्योंकि उनके पास इस मामले में कोई विशेषज्ञता नहीं है। शैक्षणिक मामलों को शिक्षाविदों पर छोड़ देना बेहतर है, इस मामले में न्यायिक समीक्षा की कोई गुंजाइश नहीं है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकल पीठ ने मुकेश कुमार और अन्य की याचिका को खारिज करते हुए की। दरअसल याचियों ने पीईटी-2021 पास किया था, इसलिए उनके स्कोर के आधार पर राजस्व लेखपाल पद के लिए मुख्य परीक्षा में बैठने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। 31 जुलाई 2022 को मुख्य परीक्षा आयोजित की गई थी और 1 अगस्त 2022 को उत्तर कुंजी प्रकाशित की गई, जिस पर विवाद उत्पन्न हुआ। उक्त परीक्षा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित की गई थी।

क्षेत्रीय चयन समिति के नियमितीकरण आदेश को निदेशक वापस नहीं ले सकता

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नियमितिकरण के एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि लंबे समय के अंतराल के बाद जिस शिक्षक की सेवा नियमित कर दी गई हो उसे केवल प्रारंभिक नियुक्ति के समय योग्यता की कमी के आधार पर समाप्त नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकल पीठ ने राजेंद्र सिंह की याचिका को स्वीकार कर उन्हें सेवानिवृत्ति लाभों के साथ-साथ बकाया वेतन के भुगतान का निर्देश देते हुए पारित किया। दरअसल याची को वर्ष 1985 में गणित विषय के तत्कालीन व्याख्याता पवन वर्मा के वैधानिक अवकाश पर जाने के करण तदर्थ आधार पर नियुक्त किया गया। याची को बाद में रिक्त पद पर नियुक्त कर दिया गया। याची की सेवाओं को 1995 में उत्तर प्रदेश मध्यमिक शिक्षा सेवा आयोग अधिनियम, 1982 की धारा 33 बी के तहत नियमित कर दिया गया। हालांकि वर्ष 2020 में क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक ने नियमितीकरण के आदेश को वापस ले लिया। इस पर याची ने तर्क दिया की नियुक्ति को क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा नियमित किया गया है और निदेशक द्वारा उनकी नियुक्ति को वापस लेने का कोई अधिकार नहीं है। इसके अलावा उन्हें कारण बताओं नोटिस भी नहीं दिया गया। अंत में कोर्ट ने माना कि याची की नियुक्ति को बिना कारण बताओं नोटिस के रद्द करना नैसर्गिक न्याय के नियमों का उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी कहा कि उक्त अधिनियम में तदर्थ शिक्षक के नियमितीकरण के लिए चयन समिति का प्रावधान है। एक बार क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा नियुक्ति कर दिए जाने के बाद क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को 15 वर्ष के नियमितीकरण के बाद क्षेत्रीय चयन समिति को संदर्भित किए बिना ऐसे आदेश को स्वयं वापस लेने का कोई अधिकार नहीं है। अत: उसे सभी सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करने का निर्देश देने के साथ ही याचिका को स्वीकार कर लिया गया।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की सुनवाई अब 4 को

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बहस के दौरान ईदगाह मस्जिद कमेटी के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा। वाद संख्या 4 और 17 पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपनी दलीलें पेश की। मुकदमे की अगली तारीख 4 अप्रैल को हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा अपना पक्ष रखा जाएगा। सुनवाई के दौरान श्री कृष्ण कूप की पूजा की मांग वाली याचिका पर भी कोर्ट में काफी देर तक बहस हुई। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ के समक्ष कुल 18 अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई चल रही है। गत 20 मार्च को सुनवाई के दौरान शाही ईदगाह कमेटी के अधिवक्ताओं द्वारा बहस की गई थी। मामले की अगली सुनवाई आगामी 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे सुनिश्चित की गई है।

बुलंदशहर : दो रिश्तेदारों के लहूलुहान शव मिले

बुलंदशहर, एजेंसी

- पुलिस ने तीन संदिग्धों को उठाया, कर रही पूछताछ

जिले के कोतवाली देहात इलाके में सोमवार देर शाम अडोली नहर के पास दो व्यक्तियों के लहूलुहान शव मिले। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि यहां एआरटीओ दफ्तर के पास जनसेवा केंद्र चलाने वाले राजीव (50) अपने फूफा सुधीर (68) के साथ रविवार दोपहर किसी काम से कहीं गए थे जिसके बाद से दोनों लापता थे। उन्होंने बताया कि सोमवार देर शाम अडोली नहर के पास दोनों के शव लहूलुहान हालत में पड़े मिले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसएसपी ने बताया कि मृतकों के शरीर पर चोटों के निशान हैं। उन्होंने कहा कि परिवार से तहरीर लेकर मामला दर्ज किया जा रहा है। कुमार ने कहा कि परिवार द्वारा जो तथ्य बताए गए हैं उनके आधार पर पुलिस इस घटना के खुलासे में लग गई है और इसमें जो दो-तीन संदिग्ध लोग हैं उन सभी को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है।

देश के विकास के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प : धामी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री धामी ने जनसभा को संबोधित किया, पांचों सीटों पर जीत का दावा

अमृत विचार : देश के विकास के लिए भाजपा के अलावा अब और कोई विकल्प सामने नहीं रह गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के करीब है।

पीएम मोदी की इस कार्य कुशलता से देश ही नहीं विदेशों में रहने वाले लोग भी खासे प्रभावित हैं, इसलिए पीएम मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार को रोकने के लिए अब कोई ताकत शेष नहीं रह गई है। यह बात प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा लोकसभा की सल्ट विधानसभा के देघाट में पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश में पीएम मोदी की सरकार आने के बाद से अनुच्छेद 370 को जम्मू कश्मीर से हटाया गया। भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के बीच पहुंचाया गया।

इतना ही नहीं राम मंदिर निर्माण, समान नागरिक संहिता जैसे निर्णय लेकर भाजपा ने यह साबित कर दिया कि इस सरकार में देश हित के लिए बड़े फैसले लेने की हिम्मत है। सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भी हर वर्ग के कल्याण के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं।

रोड शो ऊधमसिंह नगर-नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ने नैनीताल में जनसंपर्क किया

सरकार के कार्यों से खुश होकर भाजपा से जुड़ रहे लोग : भट्ट

नैनीताल में समर्थकों के साथ रोड शो करते अजय भट्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : ऊधम सिंह नगर-नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने सोमवार को नैनीताल में जनसंपर्क किया।

इस दौरान भट्ट ने अपने समर्थकों के साथ तल्लीताल स्थित धर्मशाला से मालरोड, बड़ा बाजार क्षेत्र में रोड शो कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों से खुश होकर आज देश की जनता पार्टी से तेजी से जुड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कर रही है।

भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को जिताने की अपील

भीमताल : भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट के नेतृत्व में जंगलियागांव में जनसंपर्क कर लोगों से लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने और प्रत्याशी अजय भट्ट को जिताने की अपील की। उन्होंने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। साथ ही 2 अप्रैल को रुद्रपुर में पीएम मोदी के आगमन पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस दौरान पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, ब्लॉक प्रमुख धारी आशा रानी, रिहान खान, रवि कुमार मौजूद रहे।

कई लोगों ने थामा भाजपा का हाथ

अजय भट्ट के नैनीताल जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन साह ने अपने क्षेत्र के दो दर्जन लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई, जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी सम्मिलित रहे।

बसपा के गढ़ अंबेडकरनगर में आसान नहीं भाजपा की राह

2019 में बसपा से जीते रितेश पांडे इस बार भाजपा उम्मीदवाद, सपा ने लाल जी वर्मा और बसपा ने कमाल शाह को उतारा

हरीओम, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं, ऐसे में भाजपा, सपा और बसपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान भी कर दिया है। भाजपा ने बसपा छोडक़र भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडे पर भरोसा करते हुए उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा की कुर्मी नेता के तौर पर अच्छी पहचान है। बसपा ने भी अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर दांव खेलते हुए कलाम शाह को उम्मीदवार बनाया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने 29 सितंबर 1995 को अंबेडकरनगर जनपद की स्थापना की थी। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट को कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाता था। बसपा सुप्रीमो मायावती अंबेडकरनगर लोकसभा (अकबरपुर सुरक्षित) सीट से तीन बार सांसद भी रह चुकी हैं। 2014 में मोदी लहर में पहली बार अंबेडकरनगर में कमल खिला। 2019 के लोकसभा चुनाव में समीकरण पूरी तरह से बदल गया। बसपा और सपा गठबंधन के तहत अंबेडकरनगर सीट बसपा के खाते में चली गई। बसपा ने यहां से रितेश पांडे को चुनाव लड़ाया और वह भारी मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी मुकुट बिहारी को मात देकर सांसद बन गए। बसपा उम्मीदवार रितेश पांडे को 5 लाख 64 हजार 118 वोट मिले थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार मुकुट बिहारी वर्मा को 4 लाख 68 हजार वोट मिले।

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में रितेश पांडे ने मुकुट बिहारी को 95 हजार 880 वोट से पटखनी दी थी। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में रितेश ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर, टांडा, जलालपुर, कटेहरी, गोशाईगंज विधानसभा शामिल हैं। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अंबेडकरनगर की जनसंख्या लगभग 24 लाख थी। अंबेडकरनगर की 72.23 फीसदी जनसंख्या साक्षर है। इनमें पुरुष 81.66 फीसदी और महिलाओं की साक्षरता दर 62.66 फीसदी है। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से 2009 में बसपा के राकेश पांडे चुनाव जीतकर सांसद बने थे।

सांसद रितेश पांडे-भाजपा

लालजी वर्मा-सपा

कलाम शाह-बसपा

2019 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

बसपा	रितेश पांडे	5,64,118	वोट मिले
बीजेपी	मुकुट बिहारी	4,68,238	वोट मिले

2014 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

बीजेपी	हरिओम पांडे	4,32,104	वोट मिले
बसपा	राकेश पांडे	2,92,675	वोट मिले
सपा	राम मूर्ति वर्मा	2,34,467	वोट मिले

दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर जातिगत मतदान की बात करें तो दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक है। दलित और मुस्लिम वोटर ही लोकसभा उम्मीदवारों की दशा और दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर लगभग 4 लाख से अधिक दलित और तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर कुर्मी मतदाताओं की संख्या भी ठीक-ठाक है। कुर्मी मतदाताओं की संख्या लगभग 2 लाख से ज्यादा है। इस सीट पर करीब 2 लाख ब्राह्मण और एक लाख से ज्यादा ठाकुर मतदाता भी हैं।

यह बढ़ा रहे जनपद का गौरव

महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज और एनटीपीसी जैसे संस्थान जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस लोकसभा सीट की पहचान कपड़ा बुनाई को लेकर भी है। यहां बना टेरीकाट कपड़ा और आराफाती गमछा विदेशों तक जाता है।

जनपद में 18,52,627 मतदाता

जनपद में 26,444 युवा पहली बार मतदान करेंगे। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या 18,52,627 है। जिसमें से 9,64,663 पुरुष और 8,87,946 महिला मतदाता हैं। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है।

प्रत्याशी तय करने में भाजपा आगे

सुनील मिश्रा, गोरखपुर



अमृत विचार। पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जहां एक तरफ इंडिया गठबंधन टिकट को लेकर उहापोह में पड़ा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने करीब-करीब सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनावी मैदान में उतार दिया है।

बताते चलें कि लोकसभा 2024 का महासंग्राम जैसे-जैसे तेज पकड़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर सभी पार्टियों की निगाहें टिकी गई हैं। सवाल यहां इस बात का आता है कि क्यों न निगाहें टिकें। क्योंकि देश की राजनीति में उत्तर प्रदेश अपना अहम भूमिका केंद्र में सरकार बनाने में निभाता है। पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन अभी तक अपना बिसात नहीं बैठा पाया। हर एक सीट पर पार्टियों की पैनी नजर है। पार्टी उसी चेहरे पर अपना दांव लगाना चाहती है जो करीब करीब जीत सुनिश्चित कर दे। चेहरे की तलाश को लेकर उत्तर प्रदेश में ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन की तलाश जारी है। चुनावी बिगुल में चर्चाओं का माहौल कई तरह से गरम नजर आ रहा है। जिसमें कुछ लोगों का यह भी कहना है कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को टिकट देने के बाद टिकट को काट भी सकती है, और दूसरे चेहरे को भी चुनाव मैदान में उतार सकती है। फिलहाल इसमें कोई दो राय नहीं है कि जिन प्रत्याशियों का टिकट फाइनल हो गया है वह रात दिन क्षेत्र में भाजपा की और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। उसमें कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो मोदी और योगी के सहारे अपनी नैया पार लगाना चाहते हैं। शहर से लेकर गांव देहात चौराहों पर धीरे-धीरे चुनावी चर्चाएं शुरू होते हुए दिखाई दे रही हैं। इस बात की भी चर्चा हो रही है कि इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। ऐसी स्थिति में बसपा पार्टी भी पूर्वांचल में दमदार चेहरे की तलाश कर रही है। फिलहाल यह कहा जा सकता है इंडिया गठबंधन और बसपा पूर्वांचल में दमदार चेहरा तलाशने में लगी हुई हैं। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी विकास का नारा देते हुए अपनी राह को आसान बनाती जा रही है। चर्चाओं के माहौल में पूर्वांचल की कई एक लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन और बसपा लखनऊ से दिल्ली तक का चक्कर पार्टी के प्रत्याशी काट रहे हैं।

अमेटी को भायी बहू, उमड़ पड़ा था भावनाओं का ज्वार

सोनिया गांधी ने अमेटी से किया था राजनीतिक पदार्पण, मिली थी बड़ी जीत

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार। वर्ष था 1999, सलीकेदार साड़ी, सिर पर पल्लू रखकर सोनिया गांधी जब 'बहू' के रूप में अमेठी में अपने राजनीतिक सफर के लिए आई तो गांधी परिवार से जुड़ा लोगों का भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। इंदिरा गांधी की बहू को लोगों ने इस तरह पलकों पर बिठाया कि उस समय अमेठी के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी की आंधी में बाकी दल उड़ गए।

1998 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद 1999 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए अपने पति स्वर्गीय राजीव गांधी का चुनाव क्षेत्र रहे अमेठी को चुना। उस समय कांग्रेस कमज़ोर मानी जा रही थी लेकिन सोनिया गांधी के आते ही कांग्रेसियों में जोश भर गया। सोनिया गांधी के सामने अमेठी राज परिवार के संजय सिंह थे, जिनके पास अमेठी में जमीनी पकड़, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रदेश में भाजपा की सरकार का बल भी था। हालांकि एक समय संजय सिंह गांधी परिवार के काफी करीबी थे, लेकिन उसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए और उन्होंने 1998 में कांग्रेस के सतीश शर्मा को अमेठी में हरा भी दिया था। 1999 में देश में हुए मध्यावधि चुनाव में अमेठी ने 'बहू' को पलकों पर बिठाया। सोनिया ने 418960 वोट पाकर बड़ी जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी को 118948 वोट प्राप्त हुए। सपा व बसपा की स्थिति और भी ज्यादा खराब रही।

अतीत के झरोखे से

सिर पर हमेशा रहा पल्लू

1999 से 2003 तक अमेठी और 2004 से 2024 तक रायबरेली का प्रतिनिधित्व करने वाली अपराजित योद्धा सोनिया गांधी हमेशा यहां पर साड़ी और सिर पर पल्लू डाल कर ही आई हैं। हमेशा उनकी कोशिश रही कि उनके सिर से पल्लू न सरकने पाए।

1999 में किसको मिले कितने मत

पार्टी	प्रत्याशी	प्राप्त मत
कांग्रेस	सोनिया गांधी	418960
भाजपा	संजय सिंह	118948
बसपा	पारस नाथ मौर्य	33658
सपा	कमरुज्जमा फौजी	16678

मतदाताओं को अखर रही राजनीतिक दलों की चुप्पी

- टिकट में देरी से दलों को उठाना पड़ सकता है नुकसान
- भाजपा उम्मीदवार के इंतजार में अपना प्रत्याशी नहीं घोषित कर रहीं पार्टियां

उमानाथ तिवारी, गोंडा

अमृत विचार: कैसरगंज में भाजपा अपना उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित कर रही है इसका कारण लगभग साफ है कि पार्टी अभी अपने राजनैतिक हानि लाभ का गुणा गणित लगाने में जुटी हैं, लेकिन भाजपा के साथ ही सपा व बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। दोनों ही दल भाजपा से पहले अपना उम्मीदवार उतारने से हिचक रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि इस क्षेत्र में सपा-बसपा की पैठ नहीं है। कैसरगंज सीट तो समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है। पार्टी के कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा वर्ष 1996 से 2009 तक इस सीट से चार बार सांसद रहे हैं तो 2009 में बृजभूषण शरण सिंह ने भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही यहां से चुनाव जीता था। वर्ष 2014 में पार्टी के प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री स्व विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को यहां से तीन लाख से अधिक मत मिले थे। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी को भी इस क्षेत्र से पर्याप्त समर्थन मिलता रहा है। पिछले तीन चुनावों पर गौर करें तो वर्ष 2009 में बसपा प्रत्याशी पुत्तू अवस्थी यहां दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2014 में बसपा प्रत्याशी केके ओझा को 1.46 लाख वोट तो वर्ष 2019 में सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार चंद्रदेव राम यादव करैली को यहां से 3.19 लाख वोट मिला था। इस मजबूत वोट बैंक के बावजूद इन दोनों दलों की चुप्पी यहां के मतदाताओं को अखर रही है। समय पर उम्मीदवारी की घोषणा न होने से इसका नुकसान भी इन पार्टियों को उठाना पड़ सकता है। कार्यकर्ता भी इस बात को दबी जबान से स्वीकार कर रहे हैं कि टिकट वितरण में देरी का खामियाजा कहीं न कहीं पार्टी और उसके प्रत्याशी को उठाना पड़ सकता है।

विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा तो एक पर है सपा का कब्जा

- **अमृत विचार :** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के तहत गोंडा जिले की तीन विधानसभा सीटें और बहराइच जिले की दो विधानसभा सीटें आती हैं। गोंडा की कटरा, करनैलगंज और तरबगंज विधानसभा सीट और बहराइच की पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा सीट इस संसदीय क्षेत्र में शामिल हैं। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में कटरा विधानसभा सीट से भाजपा के बावन सिंह, करनैलगंज से भाजपा के अजय कुमार सिंह व तरबगंज से भाजपा के प्रेम नारायण पांडेय व बहराइच की पयागपुर सीट से भाजपा के सुभाष त्रिपाठी ने जीत हासिल की, जबकि कैसरगंज सीट पर समाजवादी पार्टी के आनंद यादव का कब्जा है।

समझौते की राजनीति ने खत्म किया कैडर अब प्रत्याशी तलाश में छूट रहे पसीने

- **अमृत विचार :** चुनावों में किए बेमेल समझौतों ने यहां से सपा व बसपा का कैडर खत्म कर दिया है। वर्ष 1996 से 2014 तक इस सीट पर सपा का कब्जा रहा। वर्ष 2014 में भी पार्टी को यहां 33 प्रतिशत वोट मिला था, लेकिन वर्ष 2019 में सपा ने यह सीट समझौते में बसपा को दे दी। लेकिन सपा का वोट बसपा के प्रत्याशी को नहीं गया और बसपा प्रत्याशी चंद्रदेव राम यादव चुनाव हार गए। इस समझौते से सपा को फायदा मिलने के बजाय नुकसान ही हुआ। इसके बाद से ही सपा का जनाधार इस सीट पर लगातार घटा है। प्रत्याशी की घोषणा में हो रही देरी की यह सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। वर्ष 2019 में सपा बसपा के गठजोड़ ने दोनों ही दलों को नुकसान पहुंचाया है। यही कारण है कि अब दोनों दलों को इस सीट से प्रत्याशी तलाशने में पसीने छूट रहे हैं। भले ही भाजपा ने इस सीट से अपना प्रत्याशी अभी नहीं घोषित किया है लेकिन सपा बसपा में भाजपा के मुकाबले चुनाव लड़ने वाला कोई दमदार प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा है। पार्टी के नेता ही इस सीट से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि इस बार सपा और कांग्रेस के बीच समझौता है इसके बावजूद सपा अपना प्रत्याशी नहीं तय कर पा रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
पयागपुर	387399	204829	18254	16
कैसरगंज	389690	206010	183676	04
कटरा बाजार	396936	211098	185825	13
कर्नलगंज	334203	177854	156327	22
तरबगंज	371773	198148	173607	18
योग-	1880001	997939	881989	73

वर्ष 2019 के चुनाव का लेखा जोखा

प्रत्याशी	दल	मिले मत	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा	581358	59.24
चंद्रदेव राम यादव	बसपा+सपा	319757	32.58
विनय कुमार पांडेय	कांग्रेस	37132	3.78

वर्ष 2009 का चुनाव परिणाम

प्रत्याशी	दल	मिले मत	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	सपा	196063	34.7
सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू	बसपा	123864	21.9
लालता प्रसाद मिश्रा	भाजपा	120561	21.3
मो अलीम	कांग्रेस	73140	12.9

वर्ष 2014 में किसको मिले कितने वोट

प्रत्याशी	दल	मिले मत	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा	381500	40.4
विनोद कुमार सिंह	सपा	303282	32.1
केके ओझा	बसपा	146726	15.6
मुकेश श्रीवास्तव	कांग्रेस	57401	6.1

विडम्बना नहीं मिलता महिलाओं को टिकट, अब तक सिर्फ एक महिला ही यहां से संसद पहुंची

यहां पुरुषों के मुकाबले अधिक है महिला मतदाताओं की संख्या

संजय श्रीवास्तव, जरवल बहराइच

अमृत विचार। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन कई बार बदला। पहले इस लोकसभा क्षेत्र में बाराबंकी जिले के दो विधान सभा क्षेत्र शामिल थे। इसके बाद नए परिसीमन के तहत बाराबंकी जिले के विधान सभा क्षेत्र को अलग करते हुए गोंडा जनपद की तीन विधान सभा क्षेत्रों को शामिल किया गया। इस सीट पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लेकिन सिर्फ जनसंघ की ओर से ही महिला प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। इसके बाद किसी भी पार्टी ने महिला प्रत्याशी नहीं उतारा।

जिले के कैसरगंज लोकसभा सीट काफी यादों को सहेजे हुए है। आजादी के बाद वर्ष 1952 में लोकसभा सीट का गठन हुआ था। तब उस समय कैसरगंज लोकसभा सीट में बाराबंकी जिले की राम नगर और दरियाबाद विधान सभा क्षेत्र को शामिल किया गया था। इसके डेढ़ दशक बाद बाराबंकी जिले की विधान सभा सीट को हटाते हुए गोंडा जिले की तीन विधान सभा सीट को कैसरगंज लोकसभा सीट में शामिल किया गया।

कैसरगंज लोकसभा सीट में महिला मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। लेकिन 47 वर्ष के चुनाव में जनसंघ की ओर से सिर्फ शकुंतला नैयर और कांग्रेस ने बसंत कुंवारी को चुनाव मैदान में उतारा। जिस पर शकुंतला नैयर ने चुनाव जीता था। उसके बाद से किसी भी पार्टी ने इस सीट पर महिला प्रत्याशियों को तवज्जो नहीं दी।

1971 में भारतीय जन संघ से शकुंतला नैयर चुनाव जीती लेकिन मुख्य लड़ाई में कांग्रेस से वसंत कुंवरि थी। इस चुनाव में शकुंतला नायर को 88980 मत मिले चुनाव में हार जीत का अंतर 2598 वोटो का था इस चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियों ने नारी शक्तियों के दबदबे को नहीं समझा।

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र

वर्तमान में भाजपा के बृजभूषण हैं सांसद

कैसरगंज लोकसभा सीट से वर्तमान में भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। साथ ही वह अपने टिकट को लेकर आश्वस्त हैं। क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने के साथ लोगों से मुलाकात भी कर रहे हैं। ऐसे में कयासों का दौर भी जारी है।

विधान सभा वार मतदाताओं की संख्या एक नजर में

विधानसभा क्षेत्र	महिला मतदाता	पुरुष	कुल मतदाता
पयागपुर	204828	182554	387399
कैसरगंज	206010	183676	389690
कटरा बाजार	211098	185825	396936
कर्नलगंज	177854	156327	334203
तरबगंज	198148	173607	371773

कहां चले गए नीले झंडे, कहां गए कसमें खाने वाले

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। समय के साथ-साथ राजनैतिक दलों में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है। कभी जिले में छुटभैये से लेकर बड़े नेताओं के वाहनों पर नीला झंडा दिखाई देता था, लेकिन अब जिले में झंडा तो दूर कार्यालय तक का पता नहीं रह गया है। जिले में भाजपा व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जहां जनसंपर्क में जुटे हैं, वहीं बसपा का प्रत्याशी तक अभी तय नहीं हो पाया है। एक समय था जब छोटे या बड़े चुनाव में बसपा का टिकट लेने के लिए लोग एड़ी चोटी का जोर लगा देते थे।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। भाजपा ने अपनी पूरी तैयारी काफी पहले से ही कर ली। गांव से लेकर शहर तक बैठकों का दौर चल रहा है। तरह-तरह के कार्यक्रमों के जरिए गांव-गांव में भाजपा ने अपना संदेश पहुंचा दिया। प्रांतीय नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक पूरी तरह चुनाव में लगा हुआ है। इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, लेकिन अभी चुनाव के संबंध में एकजुट होकर कोई बैठक नहीं हो पाई है। चुनाव के दौरान ही जिलाध्यक्ष के बदले जाने से पूर्व जिलाध्यक्ष का खेमा चुनाव से बिल्कुल दूर बैठा है, वहीं नए जिलाध्यक्ष ने भी चुनाव के संबंध में अभी कार्यकर्ताओं को कोई संदेश नहीं दिया है। इन सबसे दूर बसपा का कहीं कई पता नहीं चल रहा है। न तो बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया और न कोई चुनाव की बात हो रही है। यहां तक कि बसपा का कार्यालय तक कहीं मुख्य जगह पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक समय था जब बसपा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए गली मोहल्ले के छुटभैये नेता के अलावा बड़े नेता भी बसपा के प्रांतीय कार्यालय पर चक्कर काटा करते थे। जिले के छोटे से बड़े नेता की गाड़ी पर हाथी निशान का नीला झंडा दिखाई देता था। तमाम नेताओं ने जिले में बहनजी के आने पर मरते दम तक पार्टी में रहने की कसमें खाई थीं। भरे मंच पर उनका आशीर्वाद लेकर बसपा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही थी, लेकिन अब जब बसपा का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त हो गया, तब जिले में कोई बसपा का नाम लेने वाला नहीं रह गया है।

जब पार्टी सत्ता में थी, तब छोटे से लेकर बड़े चुनाव में लोग टिकट पाने के लिए नीला झंडा हाथ में लेकर पार्टी के बड़े नेताओं की चौखट पर दस्तक देते रहते थे, लेकिन समय का ऐसा बदलाव हुआ जब पूरे देश में लोकसभा चुनाव का डंका बज चुका है, तब जिले में बसपा को कोई प्रत्याशी तक नहीं मिल रहा है और न ही कोई टिकट के लिए उत्साहित दिख रहा है।

चुनाव की तैयारियों में काफी पीछे है बसपा

फैजाबाद (अयोध्या) ने सबको गले लगाया

किसी को निराश, उदास नहीं किया

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : रामलला की नगरी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा) ने सबको गले लगाया है। धर्म-अध्यात्म ही नहीं राजनीति में भी। श्रीराम की धरती सबको बुलाती है, प्रेम करती है और सम्मान देती है। अयोध्या की तासीर कुछ ऐसी ही है। राम मंदिर आंदोलन के दौर में भी अयोध्या ने सियासत में किसी को उपेक्षित नहीं किया। सबको मौका दिया लेकिन बदले में अयोध्या को वह नहीं मिला, जिसकी जरूरत थी।

फैजाबाद लोकसभा सीट में शामिल अयोध्या वैराग्य की नगरी है। यह निरपेक्ष रहती है। अपने भक्तों के लिए सब कुछ करती है लेकिन उदास किसी को नहीं छोड़ती है, चाहे वह राजनीति ही क्यों न हो। संघ परिवार ने अस्सी के दशक में अयोध्या पर फोकस किया। 1984 में विहिप ने राम मंदिर मुक्ति आंदोलन छेड़ा। कांग्रेस की सरकार थी। भाजपा आंदोलन के पीछे सहयोगी थी। समर्थन और विरोध की पृष्ठभूमि में वामपंथ और दक्षिण पंथ की वैचारिक लड़ाई समानांतार रूप से चल रही थी। लेकिन भाजपा को अयोध्या ने दरकिनार कर दिया। वर्ष 1989 में वामपंथ को मौका दिया। भाकपा प्रत्याशी मित्रसेन यादव को सांसद बनाकर लोकसभा में भेज दिया। इसके बाद मंदिर आंदोलन और प्रचंड हुआ। विवादित ढांचा ढहाया गया।

सपा को भी अपनाया

- अयोध्या ने राम लहर में 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मौका दिया। विनय कटियार सांसद बने। 1996 तक भगवा लहराता रहा। लेकिन 1998 के चुनाव में फिर पांसा पलट गया। वामपंथ के शीर्ष विचारकों के आवागमन और आंदोलन का दौर रहा। मुद्दे और पैनी सियासत का प्रभाव भी इसमें शामिल हुआ। 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने की आरोपी व आंदोलन का विरोध कर रही सपा को अयोध्या ने मौका दिया। सपा के टिकट पर मित्रसेन को फिर सांसद बना दिया। लेकिन अयोध्या को आंदोलन की नगरी के नाम के सिवाय कुछ नहीं मिला। इसके चलते 1999 में विनय कटियार को फिर मौका दिया।

तीन दशक में क्या कुछ नहीं देखा और सहा

- सन 1984 से 2014 तक तीन दशक में अयोध्या ने अपनी साझी संस्कृति का प्रसार किया। लोकतंत्र को वैचारिक रूप से मजबूत किया लेकिन धर्म अध्यात्म से इतर उसे कुछ खास नहीं मिला। अयोध्या अपनों से दूर रही। परिक्रमा रोक दी गई। आने वालों के लिए प्रतिबंध लग गए। सरयू के तट सूने हो गए। मठ-मंदिरों में बाहरी श्रद्धालुओं से इतर केवल संत और पुजारी रह गए। यह दुर्दिन के दिन थे। अखिल गुप्ता कहते हैं कि अयोध्या तो सबको अपने पास बुलाती है। लेकिन अयोध्या लंबे समय तक उपेक्षित रही। व्यवसायी घर चलाने के लिए पलायन करने लगे थे। अयोध्या अपनों से सूनी थी। वह दौर लोगों को आज भी याद है।

इस बार मुकाबले में यह प्रत्याशी

- **सपा- अवधेश प्रसाद :** नौ बार अयोध्या से विधायक रहे हैं। 2017 में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा से हारे, लेकिन 2022 में गोरखनाथ बाबा को ही हराया।
- **भाजपा - लल्लू सिंह :** दो बार से सांसद चुने जा रहे हैं। 2014 में सपा के मित्रसेन यादव को हराया तो 2019 में सपा के आनंद सेन यादव को पराजित किया था।
- **बसपा - सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' :** अंबेडकर नगर भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। बसपा में शामिल होने पर मायावती ने टिकट दिया है।

बसपा-कांग्रेस को मौका दिया

- अयोध्या संस्कृति की भी नगरी है। लोकतंत्र की जनक है। शायद यही कारण है कि राम मंदिर के लिए संघर्ष कर रही भाजपा को अयोध्या के लोगों ने आंख मूंदकर समर्थन नहीं दिया। 2004 के लोकसभा चुनाव में हाथी नहीं गणेश है, नारा चला, तो अयोध्या ने बसपा का सांसद दिल्ली पहुंचा दिया। सभी प्रमुख दलों में अब केवल कांग्रेस शेष रह गई थी। वह भी सन 1985 में ताला खुलवाने का राग अलाप रही थी। अयोध्या ने कर्ज नहीं छोड़ा। 2009 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को सांसद चुन लिया। इसके बाद अयोध्या में एक बार राम मंदिर और अयोध्या के विकास की अंतरधारा चुनावी तासीर में फैलने लगी। परिणामस्वरूप सन 2014 के चुनाव में भाजपा के लल्लू सिंह को अपनाया तो सन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें ही जिताया।

श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा लोकसभा सीट का स्वभाव भी उनके जैसा ही चंचल रहा है। कभी बड़े नामों को संसद में भेजा, तो कभी निराश भी किया। बाहरी प्रत्याशियों को भी चुनने में कंजूसी नहीं दिखाई। इस बार यहां से दो बार की भाजपा सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के सामने कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को टिकट देने का फैसला लेकर मुकाबला रोमांचक बना दिया है। इससे जाट बाहुल्य हॉट सीट पर लड़ाई अब ग्लैमरस और दिलचस्प हो गई है।

जाट वोट जिसने साधे, उसकी होगी राधे-राधे

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यह सीट वर्तमान में भाजपा का गढ़ मानी जाती है। आजादी के बाद हुए आम चुनामों में जब पूरे देश में कांग्रेस का दबदबा था। मथुरा लोकसभा सीट पर उल्टी गंगा बह रही थी। यहां 1952 और 1957 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय पताका फहराई थी। 1962 से 1977 तक कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद लोकदल, जनता पार्टी व जनता दल प्रत्याशियों को यहां से जीतने का मौका मिला। 1991 से 2004 तक भाजपा ने अपना परचम लहराया। 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा वापसी की। लेकिन 2009 में रालोद ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया।

वर्ष 1991 में मथुरा में पहली बार तब कमल खिला, जब साक्षी महाराज यहां से चुनाव जीते इसके बाद 2004 और 2009 के चुनाव को छोड़कर हर बार यहां से भाजपा ही जीतती रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े चार लाख जाट वोट हैं। यही वजह है कि हर राजनीतिक दल की नजर इस वोट बैंक पर टिकी रहती है। इसी के चलते हेमा मालिनी जब यहां से चुनाव लड़ने आई थी तो कहा था कि धर्मेंद्र से शादी करके वह भी जाट बन चुकी हैं। इस बार कांग्रेस से उनका मुकाबला करने को तैयार विजेंदर सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस से साउथ दिल्ली सीट पर भाजपा के रमेश विधूड़ी के खिलाफ चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। दिसंबर 2023 में उन्होंने सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास की बात कही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस प्रत्याशी महेश पाठक को महज 28084 वोट मिलने से जमानत जब्त हो गयी थी। ऐसे में विजेंदर सिंह पर दांव लगाकर कांग्रेस खोया जनाधार तलाश रही है।

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का ही कब्जा

- मथुरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव (सुरक्षित) आती हैं। इन पांचों विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी पांचों विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा ही आगे रही थी।
- **साढ़े चार लाख जाट, तीन-तीन लाख ब्राह्मण व ठाकुर मतदाता :** मथुरा लोकसभा सीट पर 19 लाख के आसपास मतदाता हैं। इनमें करीब साढ़े चार लाख मतदाता जाट समाज के हैं। इनके अलावा तीन ब्राह्मण और करीब तीन लाख ठाकुर, डेढ़ लाख जाटव और डेढ़ लाख से कुछ अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। वैश्य वोटर यहां एक लाख और यादव मतदाता लगभग 80 हजार हैं।

अब तक 14 सांसद जाट बिरादरी से चुने जा चुके

- मथुरा सीट जाट बाहुल्य होने का प्रमाण यही है कि अब तक यहां से चुने गए 17 सांसदों में 14 जाट बिरादरी से रहे हैं। इसी कारण इस लोकसभा क्षेत्र को रालोद का गढ़ भी माना जाता था। रालोद को मात देने के लिए ही 2014 में भाजपा ने सिने तारिका हेमा मालिनी को मैदान में उतारा था। हेमा मालिनी की शादी पंजाब की जाट बिरादरी से आने वाले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र से हुई है।

1977 में 77 फीसदी वोट पाने का रिकार्ड आज तक नहीं टूटा

- 1977 की जनता लहर में मथुरा लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल के मनीराम बागड़ी चुनाव जीते थे। उनकी जीत अब तक की इस सीट पर सबसे बड़ी जीत है। कोई प्रत्याशी उनके रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सका है। बागड़ी हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। 1977 के चुनाव में 3,92,137 वोट पड़े थे। इनमें करीब 77 फीसदी 2,96,518 वोट मनीराम बागड़ी को मिले थे।

तीन बार रनर रह चुकी है यहां पर बसपा

- बसपा को मथुरा लोकसभा सीट पर हाथी के झूमने का इंतजार है। सपा के यहां मजबूत स्थिति में नहीं होने और कांग्रेस की हालत 2004 के चुनाव के बाद से खराब होने के कारण भाजपा का मुकाबला बसपा ही करती रही है। पार्टी यहां से दिग्गजों पर दांव खेलने के साथ ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड भी खेल चुकी है, लेकिन जीत के लिए तरस रही है। वर्ष 1991 से 2014 तक बसपा यहां अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। तीन बार उपविजेता रही है। 2019 में सपा-रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा का प्रत्याशी मैदान में नहीं था। मथुरा सीट पर करीब डेढ़ लाख अनुसूचित जाति का वोट गिना जाता है।

बसपा ने टिकट बदल संघ से जुड़े पूर्व अधिकारी को उतारा

- मथुरा सीट पर बसपा ने पहले वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत उपमन्यु को प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन अंतिम समय में बसपा ने प्रत्याशी बदलकर पूर्व आइआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को टिकट दे दिया। 62 वर्षीय स्कूल संचालक सुरेश सिंह भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे हैं। वह प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई में तैनात रहे हैं। वर्ष 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की रही है। वह विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ऐन वक्त पर उनकी टिकट काट दी थी। 2019 में भी वह भाजपा से टिकट मांग रहे थे। जब नहीं मिला तो बाद में बसपा में शामिल हो गए थे।

- पहले आम चुनाव में राजा महेंद्र प्रताप सिंह हारे, तो अटल बिहारी बाजपेयी की जमानत जब्त हुई
- पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पत्नी गायत्री देवी और पुत्री ज्ञानवती को भी यहां से मिली पराजय
- गांधी परिवार के करीबी विदेश मंत्री रहे कुंवर नटवर सिंह भी इस सीट पर सफलता नहीं पा सके
- भरतपुर के राजा विश्वेंद्र सिंह और डींग के राजा मान सिंह को भी इस सीट से चुनाव में हार मिली

लोकसभा चुनाव 2014 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	हेमा मालिनी	6,74,633
रालोद	जयन्त चौधरी	1,43,890
बसपा	विवेक निगम	73,572
सपा	दिनेश कर्दम	36,673

भाजपा और टीएमसी ने ही उतारे सितारे

अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेशके मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।

बांग्ला फिल्मों की अभनेत्री रहीं सांसद लॉकेट चटर्जी को पश्चिम बंगाल की हुगली सीट से भाजपा ने इस बार फिर से मौका दिया है।

टीएमसी ने बांग्ला फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी को लॉकेट चटर्जी के मुकाबले हुगली से मैदान में उतारा है। वह तमिल, तेलगु और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।

टीएमसी ने पूर्व अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से चुनाव मैदान में उतारा है। शत्रुघ्न सिन्हा कई बार के सासंद हैं और कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे।

दूरदर्शन के रामायण सीरियल में श्रीराम का किरदान निभाकर घर-घर में पहचाने जाने वाले अरुण गोविल को भाजपा ने मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

भोजपुरी फिल्मों के सिंगर और एक्टर मनोज तिवारी भाजपा के टिकट पर फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को भाजपा ने उपचुनाव जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से दोबारा मैदान में उतारा है।

बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों के स्टार रहे रवि किशन को गोरखपुर सीट से भाजपा ने एक बार फिर टिकट दिया है।

वादे और इरादे | भाजपा घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में मुद्दों और सुझावों पर हुआ मंथन

'विकसित भारत' भाजपा के संकल्प पत्र का प्रमुख एजेंडा

चुनाव डेस्क, नयी दिल्ली

3.75 लाख से अधिक सुझाव मिस्ड कॉल सेवा से आए

1.70 लाख सुझाव नमो एप के जरिए भाजपा को प्राप्त हुए

19 अप्रैल पहले चरण के मतदान से पहले आएगा संकल्प पत्र

गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों को मिलेगी प्रमुखता

- माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने को देखते हुए पार्टी इनसे जुड़े मुद्दों को घोषणा पत्र में प्रमुखता दे सकती है।

मोदी के तीसरे कार्यकाल के बड़े फैसलों की नजर आएगी बानगी

- प्रधानमंत्री मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसले लिये जाएंगे। उन्होंने आज भी एक कार्यक्रम में कहा, 'पिछले 10 वर्षों में जो हुआ वह तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो देश को बहुत आगे लेकर जाना है, विकसित भारत बनाना है'। ऐसे में घोषणा पत्र को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है।

अमृत विचार। भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' एजेंडा को चुनाव में इसे किस तरह पेश किया जाए, इसकी रूपरेखा पर गहन मंत्रणा हुई। बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के खाके पर भी चर्चा की गई। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से किए जाने वाले प्रमुख वादों पर विचार-विमर्श करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को बैठक की। इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव आए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में लोगों की यह उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है। अब लोगों में मिले सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा। इसके बाद समिति की अगली बैठक में विचार विमर्श करके सर्वोत्तम को छांटा जाएगा। गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसके लिए 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' वीडियो वाहन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके जरिए पार्टी ने लोगों के सुझाव लिए हैं। जो उपयुक्त लगेंगे उन्हें घोषणा पत्र में समाहित किया जाएगा।

राम मंदिर, धारा 370 जैसे मुद्दे रहेंगे नदारद : कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं।

राजनाथ की अगुवाई में 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति

भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं, पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी को लिया गया है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह 2019 में भी घोषणा पत्र समिति के प्रमुख थे। इस समिति के कई सदस्यों को मौजूदा समिति में दोबारा जगह दी गई है।

पहाड़ की बेटी

- हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका कंगना रनौत भीमाकाली मंदिर से बाहर आईं तो लोगों ने मालाओं से लाद दिया।

राहुल को लोकतंत्र की परिभाषा नहीं पता : कंगना

मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड स्टार कंगना रनौत ने सोमवार को मंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। कंगना ने भीमाकाली मंदिर सभागार में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र की परिभाषा तक नहीं मालूम है। वह किस लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं।

हम लोकतंत्र में रहकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और इसे ही असली लोकतंत्र कहते हैं। कंगना ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को लेकर कहा कि इस पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाता वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। कंगना ने दावा किया कि भाजपा चारों लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

लखनऊ मंडी

किराना भाव : (अनाज प्रति कुन्तल) गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000। **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500। **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800 9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 3000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000। **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200। **आटा मैदा :** मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050। **किराना :** नारियल120-140 हल्दी175-225 लाल मिर्च225-250 काली मिर्च 660-880 धनिया 100-120 सुपाड़ी 525-550 जीरा 650-660 खटाई 120-140 सौफ 180-300 सोंठ 350-380

उड़ान में अधिक देरी होने पर अब विमान से बाहर निकल सकेंगे यात्री

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशा निर्देश जारी किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नवीनतम निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं।

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने सोमवार को कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का 'कम उत्पीड़न' सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा। उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा।

हसन ने बीसीएएस के 38वें स्थापना दिवस समारोह में संवाददाताओं से कहा, ''हवाई अड्डा संचालकों को दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सुरक्षा जांच सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी।'' इससे पहले हसन ने समारोह में कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ 'अवांछनीय' है और बीसीएएस ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अभीष्ट मानक और साधन विकसित किए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी।

बुजुर्गों से छूट वापस लेकर रेलवे ने कमाए 5,800 करोड़

नयी दिल्ली। आरटीआई कानून के तहत पूछे गए सवालों से पता चला है कि ट्रेन किराये में वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली रियायतें वापस लेने के बाद से भारतीय रेल ने बुजुर्गों से 5,800 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व कमाया है। रेल मंत्रालय ने 20 मार्च, 2020 को कोविड-19 महामारी के कारण देशभर में लॉकडाउन की घोषणा होने के बाद वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन किराये में दी जाने वाली छूट वापस ले ली थीं। उस समय तक रेलवे महिला यात्रियों को ट्रेन किराये में 50 प्रतिशत और पुरुष एवं ट्रांसजेंडर वरिष्ठ नागरिकों को 40 प्रतिशत की छूट देता था। रेलवे मानदंडों के अनुसार, 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के पुरुष एवं ट्रांसजेंडर और 58 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र की महिलाएं वरिष्ठ नागरिक मानी जाती हैं।

विस्तारा ने बड़ी संख्या में अपनी उड़ानें रद्द कीं

मुंबई, एजेंसी

विमानन कंपनी विस्तारा पायलटों की कमी के कारण अपनी उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी। कई प्रथम अधिकारी वेतन संशोधन के विरोध में चिकित्सा अवकाश पर चले गए हैं, जिसके चलते एयरलाइन को 50 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को और उड़ानें रद्द होने की आशंका है और यह संख्या बढ़कर 70 तक हो सकती है। विस्तारा के एक प्रवक्ता ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में चालक दल की कमी सहित विभिन्न कारणों से एयरलाइन को बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई मामलों में देरी हुई। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''हमने अपने नेटवर्क में पर्याप्त संपर्क सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ानों की संख्या को अस्थायी रूप से कम करने का फैसला किया है।'' एयरलाइन ने व्यवधान के लिए माफी मांगी है, लेकिन रद्द होने वाली उड़ानों की संख्या के बारे में विवरण नहीं दिया।

प्रवक्ता ने यह भी कहा कि स्थिति को सामान्य बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही नियमित परिचालन फिर से शुरू होगा। सूत्रों ने कहा कि विस्तारा को नए अनुबंधों के तहत अपने ए320 बेड़े के प्रथम अधिकारियों के लिए मासिक वेतन में संशोधन के बाद पायलटों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों में एक ने कहा कि बीमार होने की सूचना देने वाले अधिकारियों ने एयरलाइन को उड़ानें रद्द करने के लिए मजबूर किया, क्योंकि वेतन काफी कम हो गया है।

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	68,750
सोना रवा	68,600
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	76,300
चांदी (999)	76,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

लखनऊ मंडी

अजवाइन 180-225 मेंथी 70-90। **मेवा :** चिरौंजी 2100-2300 छुआरा 150-250 मखाना 750-900 किशमिश 180-225 काजू 600-1100 बादाम 450-920 छोटी इलाइची 1900-2200 बड़ी इलाइची 1300-1500 लौंग 940-1000 कत्था 1400-1600 कपूर 500-650 गोलाकश 130-140।

अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी

नयी दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। अडाणी एनर्जी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.40 प्रतिशत, एनडीटीवी 6.16 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 5.92 प्रतिशत, अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 4.81 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.93 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.56 प्रतिशत और एसीसी का शेयर 2.38 प्रतिशत चढ़ा। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.80 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 1.49 प्रतिशत की तेजी आई। समूह की कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 16,30,648.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नए वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही। बीएसई का 30 शेयर पर वाला सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे।

जनवरी में जियो के ग्राहकों की संख्या 41.78 लाख बढ़ी

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने जनवरी, 2024 में 41.78 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या 7.52 लाख बढ़कर 38.24 करोड़ हो गई है। वोडाफोन आइडिया के कनेक्शन घटने का सिलसिला जारी है। जनवरी में कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 15.2 लाख और घटकर 22.15 करोड़ रह गई।

मेटा के तृतीय पक्ष तथ्य जांच कार्यक्रम से जुड़ी पीटीआई

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप पर गलत जानकारी का पता लगाने, उसकी समीक्षा करने और मूल्यांकन करने के लिए मेटा की 'थर्ड पार्टी फैक्ट चेकिंग पार्टनरशिप' (3पीएफसी) के साथ हाथ मिलाया है। मेटा लोकसभा चुनाव प्रचार के गति पकड़ने के बीच अपने तृतीय पक्ष तथ्यान्वेषी नेटवर्क का विस्तार कर रहा है और इस सिलसिले में उसने भारत की शीर्ष समाचार एजेंसी के साथ जुड़ने की घोषणा की। पीटीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रधान संपादक विजय जोशी ने कहा, ''मेटा के 3पीएफसी कार्यक्रम में शामिल होकर पीटीआई की फैक्ट चेक क्षमता और प्रभाव महत्वपूर्ण तरीके से बढ़ेगा। यह साझेदारी भारत में डिजिटल परिदृश्य में गलत सूचनाओं के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करेगी और उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन दुनिया में अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगी।'' पीटीआई की स्थापना 1947 में हुई थी।

भारत ने चीन, जापान से आयातित रसायन की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

नयी दिल्ली। भारत ने चीन और जापान से रबड़ उद्योग में इस्तेमाल होने वाले रसायन के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। एक कंपनी की शिकायत पर यह कदम उठाया गया है।

वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय 'अघुलनशील सल्फर' की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है। ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लि. ने इन दोनों देशों से आने वाले रसायनों की कथित डंपिंग की जांच करने के लिए प्राधिकरण को आवेदन दिया था।

एक नजर

शिमला में पुजारी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

शिमला। शिमला में एक मंदिर के पुजारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस को दी शिकायत में 20 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया कि रविवार को अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास एक मंदिर के पुजारी ने ''अश्लील हरकतें'' कीं। युवती ने कहा कि पुजारी ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (लज्जा भंग करने के इरादे से हमला करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और जांच जारी है।

शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़ा मामला संविधान पीठ के पास भेजा गया

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़े केरल सरकार के मामले को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य द्वारा दर्ज कराए गए मामले पर यह आदेश दिया। केरल सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि शुद्ध कर्ज पर सीमा तय कर राज्य के वित्त को विनियमित करने की उसकी विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों में हस्तक्षेप किया है।

डीजेबी कोष मामला में न्यायालय का प्रधान सचिव से जवाब तलब

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आम आदमी पार्टी सरकार की याचिका पर सोमवार को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को नोटिस जारी किया। 'आप' सरकार ने आरोप लगाया कि अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के लिए आवंटित राशि जारी नहीं कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा यह तर्क दिए जाने के बाद उप राज्यपाल (एलजी) को नोटिस जारी नहीं किया कि धन आवंटन में एलजी की भूमिका नहीं है और यह जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के वित्त विभाग की है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है।

राष्ट्रीय

भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत: प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की दर्ज कर रहे हैं वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।

उन्होंने कहा, ''हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।'' मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। मोदी ने कहा कि 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

मुंबई में गुड़ी पड़वा त्योहार से पहले गुड़ी बनाती एक लड़की। ● एजेंसी

राहुल गांधी को लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं: शाह

जोधपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर पलटवार करते हुए कहा, "कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा। गृह मंत्री जोधपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा।

'मैच फिक्सिंग' वाले बयान के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और एक दिन पहले यहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली में उनकी 'मैच फिक्सिंग' वाली टिप्पणी के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी वाले भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस नेता को निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह 'झूठे आरोप' लगाने के लिए राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 'बिना शर्त' सार्वजनिक माफी मांगे। आयोग को सौंपे ज्ञापन में सत्तारूढ़ भाजपा ने उससे कांग्रेस के नेताओं और उसके भ्रामक प्रचार के डिजाइन और तौर-तरीकों पर व्यापक विचार करने का आग्रह किया।

किसान की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश पर रोक से इनकार

नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा)

उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में जांच के लिए एक समिति गठित करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति द्वारा निगरानी रखने से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। सर्वोच्च अदालत सात मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने झड़प के दौरान शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित की थी।

चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग

नयी दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। मेहता ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, ''मैं इस मामले में एक बयान देना चाहता हूं। कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और चूंकि चुनाव (चुनावी प्रक्रिया) जारी हैं, हम पार्टी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विभाग मामले के औचित्य पर टिप्पणी नहीं कर रहा और सभी अधिकार एवं दावे खुले रहने चाहिए। कांग्रेस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस कदम की सराहना की और इसे ''उदार'' बताया। उन्होंने कहा कि मार्च एवं उससे पहले विभिन्न वर्षों के लिए कुल लगभग 3,500 करोड़ रुपये के नोटिस जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को फटकार

नयी दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्हें आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। सोमवार से आयोग द्वारा इन दोनों नेताओं के चुनाव संबंधी संवाद पर विशेष और अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। आयोग के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद करते समय सावधानी बरतने और ऐसी किसी भी अपमानजनक टिप्पणी और आचार संहिता के दिशानिर्देशों के उल्लंघन से बचने के लिए अपने पदाधिकारियों को संवेदनशील बनाने के वास्ते चेतावनी नोटिस की एक प्रति उनके संबंधित पार्टी प्रमुखों को भी भेजी जा रही है। भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों से आयोग ने कहा, ''आप कृपया चुनाव अभियान में शामिल सभी पार्टी पदाधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र में बातचीत के लिए विशिष्ट सलाह जारी करें कि वे इस तरह का उल्लंघन न करें, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करें ताकि प्रतिक्रिया में इस तरह की टिप्पणियां नहीं हों।'' श्रीनेत के 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से सोशल मीडिया मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की गई थी। कंगना को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्रीनेत ने सोशल अकाउंट्स से विवादास्पद टिप्पणियों को हटा दिया। उनका कहना था कि उनके अकाउंट तक कई लोगों की पहुंच है और यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं की गई। घोष एक वीडियो में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक बनाते हुए नजर आए थे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
लखनऊ सुपर जायंट्स	02	01	01	00	02	+0.025
दिल्ली कैपिटल्स	03	01	02	00	02	-0.016
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों से बातचीत करते राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल।

विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट।

चहल-बोल्ट चमके, मुंबई की लगातार तीसरी हार

दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट चटकाए, मुंबई इंडियंस की ओर से केवल तिलक और हार्दिक का चला बल्ला

रियान पराग

मुंबई, एजेंसी

- **रियान पराग के नाबाद अर्धशतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की**

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की धारदार गेंदबाजी के बाद रियान पराग के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। आकाश मधवाल ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन मुंबई को हार से नहीं बचा पाए। इससे पहले चहल (11 रन पर तीन विकेट) और बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल (10) का विकेट गंवा दिया। जायसवाल ने क्वेना मफाका पर लगातार दो चौके मारे लेकिन फिर इसी ओवर में कवर में डेविड को कैच दे बैठे। हार्दिक ने मफाका के साथ गेंदबाजी की शुरुआत इस बार भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ की। जोस बटलर पर मफाका पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान संजू सैमसन (12) ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौकों के साथ आगाज किया। इन दोनों ने बुमराह पर भी चौके मारे। सैमसन हालांकि मधवाल की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। मधवाल ने बटलर को डीप फाइन लेग पर पीयूष चावला के हाथों कैच कराके रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 13 रन बनाए। रॉयल्स ने एक बार फिर रविचंद्रन अश्विन (16) को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा। पराग ने गेराल्ड कोएट्जी पर लगातार दो चौके मारे। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए। अश्विन ने कोएट्जी पर चौका जड़ा लेकिन मधवाल की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर वर्मा को कैच दे बैठे। पराग ने बुमराह पर चौके के साथ 14वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर चावला पर छक्के के साथ रॉयलस को जीत के करीब पहुंचाया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 15 रन की दरकार थी। पराग ने अगली तीन गेंद पर कोएट्जी पर लगातार दो छक्कों और एक चौके के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। शिवम दुबे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले सैमसन ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (00) और नमन धीर (00) को पवेलियन भेजा।

मुंबई 125/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ईशान किशन का सैमसन बो बर्गर	16	14	2/1
रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट	00	01	0/0
नमन धीर पगबधा बो बोल्ट	00	01	0/0
डेवाल्ड ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट	00	01	0/0
तिलक वर्मा का अश्विन बो चहल	32	29	0/2
हार्दिक पंड्या का स्थानापन्न बो चहल	34	21	6/0
पीयूष चावला का हेटमायर बो आवेश	03	06	0/0
टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर	17	24	1/0
गेराल्ड कोएट्जी को हेटमायर बो चहल	04	09	0/0
जसप्रीत बुमराह नाबाद	08	09	1/0
आकाश मधवाल नाबाद	04	05	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-22-3, बर्गर 4-0-32-2, आवेश 4-0-30-1, चहल 4-0-11-3, अश्विन 4-0-27-0

राजस्थान 127/4 — 15.3 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का डेविड बो मफाका	10	06	2/0
जोस बटलर का चावला बो मधवाल	13	16	2/0
संजू सैमसन बो मधवाल	12	10	3/0
रियान पराग नाबाद	54	39	5/3
रविचंद्रन अश्विन का वर्मा बो मधवाल	16	16	1/0
शिवम दुबे नाबाद	08	06	1/0

गेंदबाजी : मफाका 2-0-23-1, बुमराह 4-0-26-0, मधवाल 4-0-20-3, कोएट्जी 2.3-0-36-0, चावला 3-0-18-0

खेल डायरी

मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच ड्रॉ

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। अभी इन तीनों टीम के बीच चैंपियन बनने के लिए मुकाबला जारी रहेगा लेकिन मोहम्मद सलाह के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल बेहतर स्थिति में पहुंच गया है।

ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

चानू ने पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

फुकेट (थाईलैंड)। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे किए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं।

आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

मुंबई। विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में होने वाली 16वीं विश्व ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डब्ल्यूईसी) के वैश्विक फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

सुमित ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की

लंदन। शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले।

अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगा आरसीबी

बेंगलुरु, एजेंसी

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़। यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

बीसीसीआई का आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को न्योता

नयी दिल्ली। बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, ''आईपीएल (टीम) मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।'' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है।

वानखेड़े में 'रोहित...रोहित' के नारे, पंड्या की फिर से हूटिंग हुई

मुंबई, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सोमवार को यहां जब हार्दिक पंड्या टॉस के लिए उतरे तो प्रशंसकों ने मुंबई इंडियंस के कप्तान की जमकर हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर 'रोहित...रोहित' के नारे गूंजते रहे। पंड्या ने हालांकि 21 गेंद में जब छह चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दर्शकों ने उनकी हौसलाअफजाई की। उन्होंने टीम का स्कोर चार विकेट पर 20 रन से पांच विकेट पर 76 रन तक पहुंचाया। शाम को हूटिंग का सामना करने वाले पंड्या ने जब अपना पहला चौका जड़ा तो दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट से पहले 29 वर्षीय पंड्या को रोहित की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया। हैदराबाद और अहमदाबाद में टीम के पिछले दो मैचों में भी पंड्या की हूटिंग हुई थी। टॉस से पहले जब पंड्या वार्म अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे तो दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हूटिंग की। जब टॉस के समय उनके नाम की घोषणा की गई तो भी इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिर से हूटिंग की गई जिसके जवाब में पंड्या केवल मुस्कुराए क्योंकि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित के समर्थन में जोर-जोर नारे लग रहे थे। टॉस हारने के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया तो भी हूटिंग जारी रही जिसके बाद प्रस्तोता संजय मांजरेकर को दर्शकों सही बर्ताव करने के लिए कहना पड़ा। उसी समय रोहित अपनी ट्रेनिंग किट में अपने पूर्व साथी हरभजन सिंह से मिल रहे थे जो मैच से पहले शो करने वाले कमेंटेटरों में से एक के रूप में मैदान पर थे।

बाहुबली के डायरेक्टर राजामौली ने स्टेज पर पत्नी के साथ किया डांस

मुंबई, एजेंसी। साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में डायरेक्टर अपनी वाइफ रमा राजामौली के साथ एक फैमिली फंक्शन में स्टेज पर डांस करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो साउथ की प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवी मेकर्स के सीईओ चैरी की बेटी की संगीत सेरेमनी का है। जहां राजामौली ने वाइफ के साथ रहमान के गाने 'अंदामैना प्रेमारानी' पर परफॉर्म किया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आमतौर पर सीरियस नजर आने वाले राजामौली का फनी साइड देखकर फैंस भी हैरान हैं। इससे पहले राजामौली ने बेटे एसएस कार्तिकेय की शादी पर भी वाइफ के साथ डांस किया था। फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद भी डायरेक्टर का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो डायरेक्टर अनिल रविपुदी के साथ 'नाटू-नाटू' स्टेप रीक्रिएट करते नजर आए थे। वर्क फ्रंट पर राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। इस फिल्म का टेंटिटिव टाइटल 'एसएसबीएम 29' रखा गया है। हाल ही में जापान में हुई फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग पर उन्होंने कहा था कि वो अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कास्टिंग नहीं हुई है। सिर्फ लीड हीरो महेश बाबू और मेन विलेन को फाइनल किया गया है। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मई-जून में फ्लोर पर जाएगी। डायरेक्टर जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए फिल्म से जुड़ी डिटेल्स शेयर करेंगे।

प्रेग्नेंसी की अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में उन्हें को-एक्टर दिलजीत दोसांझ और निर्देशक इम्तियाज अली के साथ लॉन्च इवेंट में देखा गया। जहां वह ढीले-ढाले कपड़े पहन कर पहुंची थीं। इसके अलावा भी वह जहां जा रही हैं। लूज फिटिंग के कपड़े की पहन रही हैं। जिसके बाद फैंस उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे। लोगों का कहना था कि एक्ट्रेस अपने बेबी बंब को छुपाने के लिए ढीले कपड़े पहन रही हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने एक पोस्ट शेयर कहा था कि जब भी ढीले-ढाले कपड़े पहनों इस तरह की बातें होने लगती हैं। वहीं अब इस पूरे मामले पर एक्ट्रेस ने दूसरी बार रिएक्ट किया और वीडियो शेयर कर प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह सफेद रंग के पैंटसूट में नजर आ रही हैं। जिसमें एक ब्लेज़र, पैंट और एक मैचिंग टैंक टॉप है। और वीडियो पर लिखा है कि अब से मैं फिटेड कपड़े पहनूंगी, क्योंकि जब काफ्तान पहनी थी तो लोगों ने...।

रणदीप हुड्डा बोले- सलमान ने दी थी ज्यादा फिल्में करने की सलाह

मुंबई, एजेंसी। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' की सक्सेस का जश्न मना रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। उन्होंने कहा- सलमान ने मुझे एक बार बहुत कीमती एडवाइस दी थी। वो हमेशा मुझे ज्यादा पैसा कमाने और ज्यादा काम करने की सलाह देते रहे हैं। सलमान मुझसे कहते थे कि अगर मैंने अभी काम करके पैसे नहीं कमाए, तो मुझे फ्यूचर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रणदीप बताते हैं कि उन्होंने सभी सलाह में से बहुत कम का ही पालन किया है। रणदीप ने कहा कि सलमान उनसे बहुत दिलचस्पी के साथ दिल की बातें किया करते हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्वात्रंत्य वीर सावरकर की शूटिंग के वक्त उन्हें ऐसा फील होता था कि सावरकर उनके आस-पास हैं। रणदीप ने कहा कि जब वे खुद को शीशे के सामने देखते थे तो लगता था कि सावरकर खुद सामने आ गए हैं। रणदीप ने कहा कि उन्होंने खुद को अंडमान के उस जेल में बंद कराया था, जहां सावरकर बंद थे। रणदीप ने आगे कहा कि उन्हें कुछ देर तो कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन फिर उनका दम घुटने लगा। वो थोड़े समय बाद ही उस कालकोठरी से बाहर निकल गए। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वात्रंत्य वीर सावरकर की वजह से सुर्खियों में हैं। रणदीप हुड्डा ने रणवीर अल्हाबादिया के साथ इंटरव्यू में कहा- रात में वहां अलग ही टाइप का सन्नाटा होता था। ऐसा लगता था कि वहां कोई है। इस फिल्म के डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर रणदीप हुड्डा ही हैं। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म में उन्होंने कमाल का काम किया है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सारी फिजिकल और फाइनेंशियल चुनौतियों को पार करना पड़ा था। पैसे की कमी की वजह से फिल्म को बंद करने की नौबत आ गई थी। तब उन्होंने वीर सावरकर की बायोपिक के फंडिंग लिए मुंबई स्थित अपने पिता की प्रॉपर्टीज को दिया था। वहीं, इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत ज्यादा वजन भी कम किया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

तिहाड़ जेल में 14 दिन तक भागवद गीता का पाठ करेंगे मुख्यमंत्री केजरीवाल

नई दिल्ली, ब्यूरो। सन 2012 में दिल्ली की शीला सरकार के विरुद्ध जिन चुनिंदा लोगों ने दिन रात मिलकर आंदोलन किया था, उनमें चार प्रमुख लोग मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन एवं सांसद संजय सिंह वर्षों बाद फिर एक ही स्थान पर आ गए हैं। लेकिन अब वे एक दूसरे से बात नहीं कर सकेंगे। एशिया की सबसे बड़ी सेंट्रल जेल तिहाड़ में उन्हें अलग-अलग जेलों में रखा गया है। यहां कुल नौ जेलें हैं। इनमें 20 हजार से ज्यादा कैदी हमेशा रहते हैं और उनमें 90 फीसद विचाराधीन कैदी हैं।

तिहाड़ के बाहर जुटे समर्थकों को पुलिस ने घसीटा

जैसे ही यह फैसला आया, वैसे ही समर्थकों की भीड़ तिहाड़ के सामने जुटने लगी। इसके बाद उन्हें दोपहर 4 बजे कोर्ट से बाहर निकालकर जेल ले जाया गया। वहीं तिहाड़ के बाहर आप के समर्थक भारी संख्या में जुटे थे। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से झड़प भी हुई। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को जेल के सामने से हटाया। इस कारण वहां पर जाम लग गया। महिलाएं सड़कों पर बैठकर जमकर नारेबाजी कर रही थी। पुलिसकर्मियों ने सभी को वहां से घसीटकर ले गए। सभी केजरीवाल की रिहाई की मांग कर रहे थे।

मनीष सिसोदिया जेल नंबर-1

केजरीवाल, जेल नंबर-2

संजय सिंह, जेल नंबर-5

सत्येंद्र जैन, जेल नंबर-7

जेल में अलग-अलग रहेंगे आप के नेता

दिल्ली शराब घोटाला के आरोप में 4 नेताओं के आलावा तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पुत्री कविता को जेल नंबर 6 एवं विजय नायर को जेल नंबर 4 में रखा गया है। खास बात यह है कि तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अंतर्गत है और उसके मुख्यमंत्री सोमवार को अपनी ही जेल में 15 दिन के लिए न्यायिक रियासत में रहेंगे। जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक उन्हें अलग-अलग बैरकों में ही नहीं बल्कि तिहाड़ जेल की अलग-अलग जेलों में रखने का फैसला लिया गया है। अभी तक राजनेताओं को जेल में एक साथ रहने की सुविधा मिल जाती थी और जेल में रहकर वे भविष्य की योजनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन तिहाड़ जेल में यह लोग ऐसा नहीं कर पाएंगे।

तिहाड़ में कोर्ट के आदेश पर ही दी जाती हैं कैदियों को सुविधाएं

उत्तर प्रदेश या अन्य राज्यों की तरह जिलों में राजनेताओं को मिलने वाली तमाम सुविधाओं से वह यहां वंचित रहेंगे क्योंकि यहां पर कई श्रेणी में सुरक्षा व्यवस्था रहती है और जब से तत्कालीन सांसद फूलन देवी के हत्यारोपी शेर सिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार हो गया था तब से इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था कई स्तर पर कर दी गई है। जेल नंबर दो में कई तरह के सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं जिनकी निगरानी जेल प्रशासन के अलावा अन्य बड़ी एजेंसी व विभिन्न अदालतों एवं उच्च न्यायालय से भी जुड़े हुए हैं। जेल सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री केजरीवाल अगले 14 दिन तक यहां पर अध्यात्म ज्ञान अर्जित करेंगे और ध्यान मुद्राओं में रहेंगे। मनीष सिसोदिया की तरह उन्हें भी भगवत गीता उपलब्ध करा दी गई है।

...दिल्ली के भविष्य पर कई कयास, आज हो सकता है फैसला

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री तिहाड़ जेल में है, सरकार कैसे चलेगी? इस सवाल को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई विकल्पों पर चर्चा हो रही है। कुछ राज्यों की तरह दिल्ली के विधायकों के टूटने और नई पार्टी के रूप में सरकार के गठन पर भी चर्चा चल रही है। जिसमें आप के उन विधायकों पर खास नजर है जो पूर्व में भाजपा एवं अन्य दलों में थे। लेकिन यह अभी संभव नहीं है क्योंकि लोकसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी स्वयं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार है। दिल्ली सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की भी संभावना नहीं है। क्योंकि विधानसभा में गत 17 फरवरी को मुख्यमंत्री केजरीवाल विश्वास प्रस्ताव लाए थे और वह भारी बहुमत के साथ पारित हो चुका है। संसदीय नियम के मुताबिक एक बार विश्वास मत पारित होने के बाद दूसरा अविश्वास प्रस्ताव 6 माह तक नहीं आ सकता है। तीसरा विकल्प बिहार की तर्ज पर है। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव जेल गए थे और उससे पहले ही उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा थी। विधानसभा में राजद विधायकों ने उन्हें पूर्ण समर्थन दे दिया था। इसी तर्ज पर केजरीवाल की पत्नी सुनीता का नाम भी चर्चा में है। कहा जा रहा है कि मंगलवार को आप विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है जिसमें विधायक दल सुनीता केजरीवाल को अपना नेता चुन ले और उप राज्यपाल को शपथ दिलाने पड़ेगी। उप राज्यपाल के पाले में भी बड़ी गेंद है, जिसके तहत वे दिल्ली सरकार को निलंबित कर सकते हैं। जैसा कि जम्मू कश्मीर में तत्कालीन मुख्यमंत्री महबूबा के समय हुआ था। मंगलवार को सुनीता केजरीवाल एवं अन्य बड़े नेता बैठक करेंगे इसी बीच बड़ा फैसला कर सकते हैं।

एक नजर

बीएसएफ ने अमृतसर से एक पाकिस्तानी को किया गिरफ्तार

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर जिले में सीमा बाड़ के आगे भारतीय क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बीएसएएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को जवानों ने जिले में सीमा बाड़ के आगे एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा- सैनिकों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जिले के रोरनवाला गांव के बाहरी इलाके में सीमा बाड़ के पास से सफलतापूर्वक पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में की गई है। पास से दो मोबाइल, विभिन्न मूल्यवर्ग की पाकिस्तानी मुद्रा में कुल 840 रुपये और एक पाकिस्तानी राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला।

आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल करने पर फंसे गायक जैजी बी

चंडीगढ़। पंजाब राज्य महिला आयोग ने पंजाबी गायक जसविंदर सिंह बैंस उर्फ जैजी बी के एक गाने में महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर 'आपत्तिजनक' शब्द इस्तेमाल किए जाने का स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले में पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने जांच ब्यूरो के निदेशक से कहा कि, एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दे पुलिस। इसमें कहा गया है, जैजी बी का गाया हुआ गाना सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था।

रूस में सोने की खदान में फंसे 13 मजदूरों को मृत घोषित किया

मॉस्को। रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र अमूर में पायनियर सोने की खदान गिरने से फंसे 13 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया गया है। बचाव अभियान को आधिकारिक तौर पर रोक दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, खदान में चट्टान ढहने की घटना 18 मार्च को 13 श्रमिक फंस गए थे। जिन्हें वहां के प्रशासन ने अब मृत घोषित कर दिया है। खदान में अब प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। बता दें, खदान प्रबंध निदेशक को 26 मार्च को कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया था। सुरक्षा आवश्यकताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है।

अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका, नौ बच्चों की मौत

काबुल। पूर्वी अफगानिस्तान में बच्चों को मिली एक पुरानी बारूदी सुरंग में खलेने के दौरान बड़ा धमाका हुआ, जिसमें नौ बच्चों की जान चली गई। गजनी में तालिबान के सूचना और संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने कहा कि बच्चों को गजनी प्रांत के गेरो जिले में अपने गांव के पास जो खदान मिली, वह दशकों पुरानी थी। उन्होंने कहा कि रविवार को हुए विस्फोट में पांच लड़कों और चार लड़कियों की मौत हो गई, जिनकी उम्र 5 से 10 साल थी। अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध से पीड़ित चल रहा है और उन बच्चों के लिए बेहद खतरनाक बना हुआ है जो अपने परिवारों के भरण-पोषण करने के लिए स्क्रैप धातु इकट्ठा करते हैं।

कांग्रेस कच्चातिवु पर उदासीन रही भारतीय मछुआरों का अधिकार छीना

जयशंकर बोले-1974 में एक समुद्री सीमा खींची गई, समझौता कर द्वीप श्रीलंका को दे दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा नेता और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान द्वीप पर भारत का अधिकार छोड़ने को लेकर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा। जयशंकर ने कहा कि 1974 में, भारत और श्रीलंका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जहां उन्होंने एक समुद्री सीमा खींची, और समुद्री सीमा खींचने में कच्चातिवु को सीमा के श्रीलंकाई पक्ष पर रखा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने इस मामले को इस तरह से लिया है मानो इस पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

भाजपा नेता ने आगे कहा, हम जानते हैं कि यह किसने किया, यह नहीं पता कि इसे किसने छुपाया। जयशंकर ने कहा- जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह स्थिति कैसे उत्पन्न हुई। कच्चातिवु द्वीप मसले के चलते श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों के पकड़े जाने की घटना की जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा, पिछले 20 वर्षों में, 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका द्वारा हिरासत में लिया गया है और इसी समयकाल में 1175 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को श्रीलंका द्वारा जब्त किया गया है। पिछले पांच वर्षों में कच्चातिवु मुद्दा और मछुआरे का मुद्दा संसद में विभिन्न दलों द्वारा बार-बार उठाया गया है। यह संसद के सवालों, बहसों और सलाहकार समिति में सामने आया है। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मुझे कई बार पत्र लिखा है और मेरा रिकॉर्ड बताता है कि मौजूदा मुख्यमंत्री को मैं इस मुद्दे पर 21 बार जवाब दे चुका हूं। यह एक जीवंत मुद्दा है जिस पर संसद और तमिलनाडु हलकों में बहुत बहस हुई है। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच पत्राचार का विषय रहा है।

श्रीलंका से इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे: विदेश मंत्री

विदेश मंत्री ने कहा यह नरेंद्र मोदी सरकार ही है जो यह सुनिश्चित करने पर काम करती रही है कि भारतीय मछुआरों को रिहा किया जाए। उन्होंने कहा, हमें एक समाधान तलाशना होगा। हमें श्रीलंकाई सरकार के साथ बैठना और इस पर बातचीत करना होगा। जयशंकर ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोगों को लंबे समय तक इस मुद्दे को लेकर गुमराह किया जाता रहा है और वह जनता को सूचित करने के लिए इस मामले पर बात कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के कच्चातिवु द्वीप हमले पर चिदंबरम का पलटवार

शिवगंगा (तमिलनाडु)। लोकसभा चुनाव से पहले कच्चातिवु को लेकर बवाल मचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए कांग्रेस और डीएमके पर हमला बोला है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को पीएम मोदी को सलाह दी कि वह कच्चातिवु मुद्दे के बजाय भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे पर बोलें। चिदंबरम को इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि मोदी उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में ही सुलझा लिया गया था। 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा की सरकार ने श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने और वहां के लाखों तमिलों की मदद करने के लिए कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया और बदले में छह लाख तमिलों को भारत आने की इजाजत दी गई।

चीन ने अरुणाचल के 30 शहरों के नाम बदले

बीजिंग, एजेंसी

- भारत ने जताई आपत्ति, नाम बदलने से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं होगा

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने अरुणचाल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं।

हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धृत या अनुवाद नहीं किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता है और उसे जांगनान कहता है। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश को तिब्बती क्षेत्र बताया है। चीनी ने पहली लिस्ट 2017 में जारी की थी। इसके बाद 15 स्थानों की दूसरी लिस्ट 2021 में जारी की गई। हालांकि, तीसरी बार साल 2023 में 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की गई थी। अब चीन ने चौथी लिस्ट जारी की है।

पन्नू मामले से भारत के भी सुरक्षा हित जुड़े: जयशंकर

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले पर जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पन्नू की हत्या की साजिश में एक सरकारी अधिकारी की कथित संलिप्तता की जांच में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के बयान पर जयशंकर ने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजदूत वही कहेंगे, जो उन्हें लगता है या उनकी सरकार की सोच है। एरिक गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता अस्वीकार्य है। जयशंकर ने एरिक गार्सेटी के बयान पर कहा कि मेरी सरकार की स्थिति यह है कि इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है, जिसकी हम जांच कर रहे हैं।

भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा अमेरिका : एरिक गार्सेटी

नई दिल्ली। अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है। बाइडन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा।

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा- वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह पहला उदाहरण है जब अमेरिका द्वारा किसी

भी देश में इस बात पर गौर करने के लिए कहा गया है। गार्सेटी ने यह भी कहा कि ग्रीन कार्ड बैकलॉग का मुद्दा भी एक बड़ी समस्या है और जल्द ही इसका भी समाधान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कई वीजा मामलों देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, इस आदेश से प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आएगी।

शिव मंदिर तुंगनाथ...

रुद्रप्रयाग: उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के चोपटा में 12,110 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर तुंगनाथ है। मंदिर के कपाट 14 मई तक बंद हैं। रास्ते में बर्फ के पहाड़ हैं। आधा रास्ता बर्फ से ढंका है। फिर भी हर रोज करीब 3000 लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। तुंगनाथ मंदिर पंच-केदार में से एक है, जिनमें केदारनाथ, मध्य महेश्वर, रुद्रनाथ, कल्पेश्वर और तुंगनाथ शामिल हैं। रास्ता बंद है फिर भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने निकाली कार रैली, 20 शहरों से तीन सौ लोगों ने लिया हिस्सा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली। उन्होंने भारत के लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को 400 से अधिक सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, अमेरिका में भारतीय समुदाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए को 400 से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बहुत उत्साहित है। मैंने भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह इससे पहले कभी नहीं देखा था। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, "ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में आयोजित कार रैलियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली।

इमरान और पत्नी बुशरा की 14 साल की सजा निलंबित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मामले में इमरान और बुशरा की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14-14 साल

जेल की सजा सुनाई थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने मामले में दंपती की सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने उन्हें जमानत देकर अस्थाई राहत भी दी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि सजा को रद करने और अपराध से बरी करने की अपील पर सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद की जाएगी।

जेएनयू के दो पूर्व छात्र समेत 4 पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा ने दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, वाम नेतृत्व वाले छात्र संघ ने शिकायत की है, जिसमें एबीवीपी पूर्व छात्रों को अरोपी ठहराया है। हालांकि, एबीवीपी ने कहा- कि उन्हें फंसाया जा रहा है। मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने बताया है कि 31 मार्च को यौन उत्पीड़न की शिकायत मिली थी। जिसमें पूर्व छात्र समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का अरोप है। मुख्य प्रॉक्टर ने कहा, जांच शुरू कर दी है और प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा है।

व्यक्ति की निजता के अधिकारों के बीच संतुलन रखना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीजेआई बोल- जांच एजेंसियों के सामने कई जटिल चुनौतियां

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी जांच एजेंसियों के पास मौजूद तलाशी और जब्ती की शक्तियों और किसी व्यक्ति की निजता के अधिकार के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। संघीय जांच एजेंसी के पहले निदेशक की स्मृति में 20वें डीपी कोहली स्मारक व्याख्यान में न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यह बात कही है।

चंद्रचूड़ ने कहा कि खोज, जब्ती शक्तियों और व्यक्तिगत गोपनीयता अधिकारों के बीच नाजुक संतुलन कायम है। यह एक निष्पक्ष और न्यायपूर्ण समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा- कई मामलों को बहुत अधिक विस्तार से फैलाने के बजाए उन्हें उन अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो देश की सुरक्षा,

आर्थिक और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा हैं।

चंद्रचूड़ बोले- जैसे-जैसे दुनिया डिजिटल तकनीक के विस्तार के जरिए तेजी से आपस में जुड़ती जा रही है, उतना ही सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को नई और कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चंद्रचूड़ ने ब्रिटिश काल के कानूनों को बदलने के लिए सरकार द्वारा पारित नए आपराधिक कानूनों की सोमवार को सराहना की और इसे न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम' बताया।

विज्ञान अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 96पी/माचोल्ज रखा नए धूमकेतु का नाम

'सोहो' ने बनाया नया कीर्तिमान, 5 हजार धूमकेतु खोजे

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष दूरबीन 'सोहो' ने पांच हजार धूमकेतुओं की खोज करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। नए धूमकेतु का नाम 96पी/माचोल्ज रखा गया है। धूमकेतु हमारे सौरमण्डल के दूर सदस्यों में स्थान रखते हैं।

नासा के अनुसार धूमकेतुओं की खोज में डॉन माचोल्ज का बड़ा नाम है। जिन्होंने अपने जीवन में दर्जनभर धूमकेतुओं की खोज की थी। जिस कारण नए धूमकेतु का नाम माचोल्ज़ के नाम पर रखा गया है। 2022 में उनकी मृत्यु हुई थी। धूमकेतुओ की खोज में उनकी दिलचस्पी वैज्ञानिकों को प्रेरणा देती है।



धूमकेतु

सोहो अंतरिक्ष यान ने 29 मार्च को इसकी खोज की है। सोहो नासा व ईसा का संयुक्त मिशन है। जिसे दिसंबर, 1995 में लॉन्च में लॉन्च किया गया था। यह अंतरिक्ष यान 28 साल व 3 माह का सफर पूरा कर चुका है।

इस यान को सूरज की निगरानी के लिए पृथ्वी से 15 लाख किमी की दूरी पर स्थापित किया गया था। धूमकेतु ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। सूर्य के निकटतम बिंदु (पेरीहेलियन) के बेहद करीब से गुजरते हैं, तो कभी-कभी सूर्य की सतह से कुछ हज़ार किलोमीटर के भीतर पहुच जाते हैं।

इनमें कुछ वाष्पीकृत हो जाते हैं। जो सूर्य के नजदीक पहुचने पर आसानी से इनकी पहचान कर लेता है। खोजा गया नया धूमकेतु बर्फ और चट्टान का एक छोटा पिंड है जो हर कुछ वर्षों में सूर्य की परिक्रमा करता है। यह धूमकेतुओं के मार्सडेन समूह से संबंध रखता है।

भविष्य में विश्व को जानकारी देगा आदित्य-एल 1 मिशन

अमेरिकी व यूरोपियन स्पेस एजेंसी नासा व ईसा का संयुक्त मिशन सोहो का सफर अधिक समय तक रहने वाला नहीं है। इसकी जगह इसरो का आदित्य एल 1 लेगा। आदित्य सोहो की तरह सूर्य की 24 घंटे निगरानी करेगा। फिलहाल उसने सूर्य पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। साथ ही सूर्य के करीब पहुंचने वाले पिंडों को भी देख सकेगा। भविष्य में इस भारतीय मिशन पर दुनिया के सभी देश निर्भर रहेंगे। यह सूर्य की प्रत्येक गतिविधि का आंकड़ा दुनिया को देगा।

बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी से लगा जाम, ईसी ने भेजा नोटिस

मंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक के मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी के आयोजकों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

भारत निर्वाचन आयोग ने 'मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी' के आयोजकों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, 30 मार्च को इफ्तार पार्टी के दौरान राजमार्ग का 200 मीटर से अधिक का हिस्सा दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा।

इफ्तार पार्टी का आयोजन उल्लाल तालुक में राज्य राजमार्ग पर मुदिपु जंक्शन पर किया गया था। यह दक्षिण कन्नड़ जिले के नए आईटी केंद्र की ओर जाने वाला एक व्यस्त चौराहा है। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद ईसीआई ने इस पर संज्ञान लिया। ईसीआई ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 'ऑटो राजाकनमार इफ्तार' कार्यक्रम के

मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को भेजा गया है। इस इफ्तार पार्टी के कारण सड़क के एक तरफ यातायात को प्रतिबंधित कर दिया था, जिससे व्यस्त समय के दौरान मोटर चालकों और पैदल यात्रियों के लिए 4 घंटे से अधिक समय तक चलना मुश्किल हो गया। उल्लाल तालुक के सभी रिक्शा चालकों ने इस इफ्तार सभा का आयोजन किया था जिसमें व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया था।